ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

नववर्ष की शुभकामनाएं



# सुस्वागतम 2025

## वनवास के दौरान बुंडू आए थे प्रभु श्रीराम

राजधानी रांची से लगभग 40 किमी की दूरी पर बुंडू में एक प्राचीन सूर्य मंदिर है। यह सूर्य मंदिर न केवल अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए काफी प्रसिद्ध है, बल्कि इस मंदिर का संबंध प्रभु श्रीराम से जुड़ा होने के कारण यहां लोग बड़ी संख्या में आते हैं और भगवान सूर्य की उपासना करते हैं।

## यहां भगवान श्रीराम ने की थी सूर्य देव की आराधना

झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 40 किमी की दूरी पर बुंडू में मौजूद है प्राचीन सूर्य मंदिर। इस पूरे मंदिर का निर्माण भगवान सूर्य के सात घोड़ों वाले विशाल रथ के रूप में किया गया है। इसमें 18 पहिए लगे हुए हैं। इस प्राचीन मंदिर में भगवान सूर्य के साथ माता पार्वती, महादेव और गणेश जी की मूर्तियां भी मौजूद हैं। सालों पुराने इस मंदिर का जुड़ाव त्रेतायुग से भी है। ऐसा माना जाता है कि यहां भगवान श्रीराम ने सूर्य देव की आराधना की थी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ बुंडू आए थे। इस दौरान यहां प्रभु श्रीराम ने सूर्य देव की आराधना की थी। सूर्य देव भगवान श्रीराम के कुल देवता भी थे। इसी कारण बुंडू में सूर्य मंदिर का निर्माण करवाया गया। इस मंदिर में सूर्य देव का आशीर्वाद प्राप्त करने भारत के साथ नेपाल के लोग भी आते हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान सूर्य अपने भक्तों के सारे रोग हर लेते हैं। इसी कारण बुंडू सूर्य मंदिर को लेकर कहा जाता है कि यहां आकर माथा टेकने मात्र से लोगों के चर्म रोग ठीक हो जाते हैं। यहां पूरे वर्ष देश के कोने-कोने से लोग सूर्य देव के दर्शन-पूजन करने आते हैं।



### रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 22.0° | अधिक. | 20.4° |
| न्यून. | 07.0° | न्यून. | 10.0° |

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के दावों से इंडी गठबंधन मजबूत होगा या पड़ेगी दरार?

# बिहार में 12 सीटों पर दावेदारी कर रहा झामुमो

सुनील बादल

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अकेले 34 सीटें जीतकर सभी को चौंका दिया था। अब नववर्ष में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्य से बाहर भी पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पार्टी की ओर से बिहार में आईएनडीआईए के तहत 12 सीटों पर दावेदारी करते हुए चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है। झामुमो नेताओं का कहना है कि पार्टी ने झारखंड में कांग्रेस के साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और भाकपा-माले के लिए 81 में से 40 सीटें छोड़ी थी। इसमें कांग्रेस को 16, आरजेडी को चार और माले को दो सीटों पर जीत मिली। ऐसे में बिहार में भी राजद को बड़ा दिल दिखाते हुए झामुमो के लिए कम से कम 12 सीटें छोड़नी चाहिए।



झारखंड में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में राजद के सिर्फ सत्यानंद भोक्ता को जीत मिली थी। लेकिन, पूरे पांच वर्षों तक सत्यानंद भोक्ता सरकार में शामिल किए गए और मंत्री भी बनाए गए थे । इस बार वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद के चार सदस्यों को जीत मिली। इस बार भी जेएमएम गठबंधन सरकार में आरजेडी कोटे से संजय प्रसाद यादव को मंत्री बनाया गया है। चुनाव प्रचार के दौरान भी झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने आरजेडी उम्मीदवारों के पक्ष में कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वहीं, चुनाव के पहले गठबंधन के सवाल पर भी हेमंत सोरेन ने लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को पूरा मान-सम्मान दिया।

बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की दावेदारी से आरजेडी और कांग्रेस पर दबाव बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2020 के चुनाव में भी जेएमएम की ओर से बिहार की 12 सीटों पर दावेदारी की गई थी। लेकिन, आरजेडी की ओर से जेएमएम की दावेदारी को खारिज कर दिया गया था। परंतु, जिस तरह से हाल के दिनों में जेएमएम और हेमंत सोरेन का प्रभाव देश की राजनीति में बढ़ा है, उससे आरजेडी-कांग्रेस की ओर से जेएमएम की अनदेखी करना आसान नहीं होगा।

शेष पेज 11 पर

## संशोधित आईटीआर अब 15 तक होगा दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने संशोधित आईटीआर फाइल करने की डेडलाइन अब 15 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी। करदाता जो इस तारीख तक आईटीआर फाइल नहीं कर पाए थे, उनके लिए लेट फीस के साथ रिवाइज्ड आईटीआर फाइल करने की अंतिम तारीख पहले 31 दिसंबर रखी गई थी।

## राष्ट्रपति ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नववर्ष 2025 की



पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, नववर्ष के उल्लासपूर्ण अवसर पर मैं देश और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

## नहीं रहीं रघुवर दास की बड़ी बहन, भाजपा नेता गुरविंदर सेठी का भी निधन

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की बड़ी बहन का मंगलवार को निधन हो गया। रघुवर दास ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में दी है। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी का मंगलवार को ही पुणे में असामयिक निधन हो गया।

## उत्तर रेलवे की नई समय सारणी 1 जनवरी से प्रभावी

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने मंगलवार को बताया कि उत्तर रेलवे की नई समयसारणी 01 जनवरी 2025 से लागू होगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि 01 जनवरी 2025 से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले वास्तविक ट्रेन समय की जांच कर लें।

## चमरा लिंडा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

# छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण का कार्य ससमय पूरा करें : मंत्री

- कोडरमा एवं रामगढ़ में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की शून्य प्रगति पर जताई नाराजगी
- आदिवासियों और दलितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना सरकार का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कांप्लेक्स में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कल्याण पदाधिकारी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आईटीडीए तथा प्रमंडलीय उप-निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साइकिल और छात्रवृत्ति वितरण के कार्य प्रगति की जिलावार समीक्षा की। इस दौरान कल्याण मंत्री ने कई दिशा-निर्देश दिए।

कल्याण मंत्री ने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण के मामले में रामगढ़ और कोडरमा जिलों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने रामगढ़ और कोडरमा जिला के कल्याण पदाधिकारी को अगले तीन दिनों के भीतर छात्रवृत्ति राशि वितरण किए जाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण मामले में जो पदाधिकारी कोताही बरतेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिया कि कोडरमा और रामगढ़ जिले में अगले तीन दिनों में छात्रवृत्ति राशि वितरण की प्रगति में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियों का जनवरी माह 2025 का वेतन रोकें। मंत्री ने चमरा लिंडा सभी जिलों को निर्देश दिया कि आगामी 04 जनवरी तक प्री मैट्रिक से संबंधित सभी लंबित छात्रवृत्ति भुगतान के मामलों का निपटारा प्राथमिकता के साथ करें। कल्याण विभाग के पदाधिकारी जनहित और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कल्याण विभाग के अंतर्गत काम करने वाले सभी यह समझें कि वे सामाजिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी समस्या नहीं, बल्कि समाधान का रास्ता निकालें।

शेष पेज 11 पर



### जनवरी 2025 के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूरा कर लें

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने निर्देश दिया कि जनवरी 2025 के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूर्ण करें। साईकिल योजना का उद्देश्य वर्ग-08 (कक्षा आठ) से ड्रॉप आउट रोकना है। इसलिए साइकिल का वितरण समय पर हो। नामांकन के साथ ही वर्ग-08 के बच्चों को साइकिल मिले, इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में भी सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध कराने का कार्य योजना तैयार रखें। किसी भी हाल में साइकिल वितरण कार्य में विलंब न हो, यह विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## गिरिडीह में 4 साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने एक बार फिर चार साइबर अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई है। यह जानकारी साइबर डीएसपी आबिद खान ने बरवाडीह स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी।

साइबर डीएसपी ने बताया कि बीते 30 दिसंबर को गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गिरिडीह के गांडेय थाना क्षेत्र अंतर्गत गांडेय से कारोडीह जाने वाली पक्की सड़क के किनारे मोहनपुर गांव से सटे जंगल मे कुछ साइबर अपराधी जंगल एवं झाड़ी का फायदा उठाकर साइबर अपराध कर रहे है। इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में

शेष पेज 11 पर

# रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति

### रांची एसएसपी का पद डीआईजी रैंक में किया गया उत्क्रमित

- झारखंड के नौ आईपीएस अधिकारियों की हुई प्रोन्नति

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड कैडर के नौ आईपीएस अधिकारियों को सरकार ने प्रमोशन दिया है। इस संबंध में मंगलवार की रात गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, सुनील भास्कर को पलामू का जोनल आईजी बनाया गया है। वहीं, संजीव कुमार को हजारीबाग रेंज का डीआईजी बनाया गया है। अंबर लकड़ा को दुमका डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। रांची डीआईजी के पद पर पदस्थापित अनूप बिरथरे को आईजी रैंक में प्रमोशन देते हुए एसटीएफ आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया। हजारीबाग डीआईजी के पद पर पदस्थापित सुनील भास्कर को आईजी रैंक में प्रमोशन देते हुए पलामू आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। जैप डीआईजी के पद पर पदस्थापित पटेल मयूर कन्हैयालाल को आईजी रैंक में प्रमोशन देते हुए आईजी मानवाधिकार के पद पर पदस्थापित किया गया है। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए रांची एसएसपी के पद को

शेष पेज 11 पर

# पलामू के पांकी में मिला हिमालयी उल्लू

नवीन मेल डेस्क

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले की वन विभाग की टीम ने मंगलवार को पांकी में हिमालय में निवास करने वाले एक उल्लू को बचाया। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के डंडार के मजदूर किसान कॉलेज में यह हिमालयी उल्लू देखा गया था। बताया गया कि मजदूर किसान कॉलेज में शिक्षकों ने दो उल्लूओं को



उड़ते देखा। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही कुंदरी के वन क्षेत्र पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद एवं वनरक्षी दीनानाथ शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों के साथ मिलकर उल्लू को अपनी सुरक्षा में ले लिया। जानकारी के अनुसार, उल्लू को पलामू टाइगर रिजर्व में भेजा जा रहा है। वन विभाग के अनुसार, पलामू जिले में पहली बार हिमालयी उल्लू देखा गया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि उल्लू को पलामू टाइगर रिजर्व में सौंप दिया जाएगा।

शेष पेज 11 पर

इंडिया

# जो बीत गया 24 था, और जो आ गया वह हमारा है

24 पर हमारा अधिकार नहीं था इसलिए वह चला गया हमें अपने हिसाब से कभी घुमाता कभी नचाता कभी दुख के सागर में डुबोता तो कभी सुख की नदियों में



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बहाता। हमें से कोई ऐसा नहीं होगा जो यह कह सके कि उसका 365 दिनों का सफर एक जैसा रहा क्योंकि यही प्रकृति का या हमारे जीवन का नियम है। आज 2025 के पहले दिन हम कुछ ऐसा करना चाहते हैं कि पूरा साल उसी तरह बीते और इस पहले दिन में हर कोई एक अलग अंदाज में नया साल मनाता है। कुछ ऐसे लोग हैं जो पहली जनवरी को अपना नया साल नहीं मानते पर उनमें से भी बहुत से लोग मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा या जिस भी आस्था के प्रवर्तक हैं अपने धार्मिक स्थान में पूजा प्रार्थना करते हैं ईसाई तो निश्चित रूप से गिरजाघर में जाकर प्रार्थना करते हैं। बहुत से लोग जो नौकरी या व्यवसाय से जुड़े हैं साल में इस दिन को परिवार के साथ बिताने के लिए या बाहर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों से बचने के लिए घरों में रहना पसंद करते हैं। अनेक लोगों को देखा जाता है कि वह अनाथ आश्रम वृद्ध आश्रम या वंचितों के पास जाकर अपनी खुशियां उनके साथ बांटना पसंद करते हैं जबकि बहुत सारे लोग 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से ही खाना पीना और डांस पार्टी जैसे कामों से नए साल की शुरुआत करते हैं इनका मानना है की इसी तरह पूरा साल हंसी-खुशी में बीत जाए। सरकारी कार्यालय में घोषित छुट्टी नहीं होती पर उपस्थिति बहुत कम होती है और बहुत सारे लोग कार्यालयों में काम करते हुए भी नया साल सांकेतिक रूप से ही सही पर मनाते जरूर हैं।

बहुत सारे लोग नदी पहाड़ों झरनों या आसपास के पार्कों तक में अपने परिजन या दोस्तों के साथ कुछ पल सुकून के बिताना चाहते हैं। इन सभी के बीच एक बात यह लागू होती है की हर किसी को अपने जीवन में एक परिवर्तन या नवीनता की तलाश रहती है। इसमें सबसे आसान प्रकृति का साथ है जिसके बारे में भारत की सनातन संस्कृति सदियों से इंगित करती रही है। आधुनिक पश्चिमी पद्धति की शिक्षा हमें भारतीयता और भारतीय मूल्यों के प्रति एक हीन भावना से ग्रसित कर देती है क्योंकि हमें लगने लगता है की जो भी ज्ञान जो भी





आविष्कार और जो भी लिखित शोध पश्चिमी देशों ने किया वैसा भारत ने बिल्कुल भी नहीं किया जबकि भारत के प्राचीन शास्त्रों में जो पहले कण्ठाग्र हुआ करते थे और एक दूसरे के पास लोक कथाओं या लोकगीतों या श्लोक के माध्यम से नई पीढ़ी को हस्तांतरित होते थे। इस पूरी व्यवस्था में जो मूल तत्व है वह है प्रकृति को सम्मान देना प्रकृति को पूज्य मानना या नदियों को माता तो पहाड़ों को पिता मानना। यहां तक कि तथाकथित सभ्य समाज जिन जनजातीय परंपराओं को हेय दृष्टि से देखता है उन आदिवासियों के बीच आधुनिकता के दौर में भी करम सरहुल, बिहू जैसे त्यौहार और सिंगबोंगा, मरांगबुरु जैसे प्रतीक यह बताते हैं कि उन्होंने सदियों पहले प्रकृति प्रेम के इस भाव को समझ लिया था । आज आज हम जिस प्रकृति के पास शांति के कुछ पल ढूंढने जाते हैं वह सदियों पहले से परंपरा के रूप में ग्रामीण और जनजातीय समाज में पूजनीय या विशिष्ट है। आधुनिक मीडिया यानी टीवी चैनल और व्यावसायिक सिनेमा हमें शराब पीने धूमधड़ाका करने और हुड़दंग मचाने के लिए कहीं ना कहीं प्रेरित करती है लेकिन सच यह है कि हमारी छोटी सी पिकनिक जो घरों के छतों पर हो पास के पार्क में हो या पास या दूर के किसी भी जंगल पहाड़ या झरनों के पास हो हमें यह बताती है कि स्वस्थ रहने के लिए और सालों भर मानसिक या शारीरिक रूप से सक्षम बने रहने के लिए हमें प्रकृति का सम्मान करना ही चाहिए। बहुत से लोग अपने बड़े बुजुर्गों को प्रणाम करने के बाद कुछ समाज सेवा से नए साल की शुरुआत करते हैं उनके मन में यह भावना है कि ईश्वर ने जो उन्हें दिया है उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यही एक उचित मार्ग है। मनोवैज्ञानिक और हमारा अनुभव दोनों यह बताते हैं कि आज हम जो करते हैं हमारे बच्चे यह हमारे आने वाली पीढ़ी उसे ही दुहराती है। यदि हम शराब पीकर मनमाने ढंग से नया साल मनाते हैं तो हमें इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि हमारे बच्चे युवा होने से पहले ही उसी रास्ते पर जाएंगे जो उन्हें एक मानसिक रूप से स्वस्थ नागरिक बन पाएगा या नहीं कहना मुश्किल है क्योंकि हर नववर्ष पर सड़क दुर्घटनाओं और लड़ाई झगड़े के समाचार हमें किसी न किसी रूप से जागरूक करना चाहते हैं। यह हमारी निजी स्वतंत्रता है कि हम किस रूप में नया साल मनाते हैं पर नया साल मनाने का तरीका क्या हो इसको समझने के लिए हमें इस बार यह जरूर विचार करना चाहिए कि इसके परिणाम क्या होंगे?

### नववर्ष पर पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा

# मेरा भारत बढ़ रहा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आत्मविश्वास से भरे भारत के मूड को दर्शाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देश के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, 2024 में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद किया। पीएम मोदी ने इसे एक 'काव्यात्मक उत्सव' (पोएट्री सेलिब्रेशन) बताते हुए 'एक्स' पर साझा अपनी पोस्ट में कहा, 'मेरा भारत बढ़ रहा।' पीएम मोदी ने एक भावपूर्ण संदेश में लिखा, स्पेस से लेकर धरती तक, रेलवे से लेकर रनवे तक, संस्कृति से लेकर नवाचार तक, भारत के लिए 2024 अभूतपूर्व प्रगति और परिवर्तन के वर्ष के रूप में दर्ज किया गया! पीएम मोदी ने कहा, यह एक काव्यात्मक उत्सव है, क्योंकि हम 2025 में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने नए साल के पोस्ट में 2.41 मिनट का एक वीडियो-एनिमेशन शेयर किया



- प्रधानमंत्री ने काव्यात्मक अंदाज में देशवासियों को दी शुभकामनाएं

शेष पेज 11 पर

## झारखंड पुलिस ने 2024 में 244 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

# 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

*एटीएस ने संगठित गिरोह के 154 अपराधियों को भेजा जेल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस के लिए साल 2024 उपलब्धियां से भरा रहा। आईजी अभियान एवी होमकर, सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजन कर झारखंड पुलिस की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने इन एक सालों में झारखंड पुलिस द्वारा किये गये कार्यों और उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी।

साल 2024 में कुल 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक सैक सदस्य, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर शामिल है। इसमें मुख्य रूप से जया दी उर्फ चिंता (सैक सदस्य), शंभु गंझू उर्फ रवि गंझू (जोनल कमांडर, 10 लाख का इनामी) और सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार (10 लाख का इनामी) शामिल है।

इसके अलावा टीपीसी उग्रवादी आदेश कुमार गंझू, सबीता शर्मा उर्फ राजा जी उर्फ अभिषेक, शिवराज सिंह (पांच लाख का इनामी), नेशनल भुईंया (पांच लाख का इनामी), फेंकू भुइयां उर्फ सर्वनाश रंथु उरांव उर्फ गुरूचरण उरांव (पांच लाख का इनामी) और इरफान अंसारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार ने कुल 36 लाख रुपए के इनाम की राशि घोषित की थी।

साल 2024 में अब तक 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें चार जोनल कमांडर, एक सब जोनल कमांडर, तीन एरिया कमांडर और एक सदस्य शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2024 में पुलिस-उग्रवादी मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गये। वर्ष-2024 में अब तक नक्सलियों से कुल-123 हथियार बरामद किये गये, जिसमें पुलिस से लुटा गया 35 हथियार, सात रेगुलर हथियार और 81 देसी हथियार शामिल है।

इसके अतिरिक्त 5234 गोली, 246.40 किग्रा विस्फोटक पदार्थ और 13.39 लाख रुपए लेवी की राशि की भी बरामदगी की गयी है। साथ ही झारखंड पुलिस ने नक्सलियों द्वारा बिछाये गये 239 आईईडी नष्ट किये।



### नशा कारोबार से जुड़े 1362 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

झारखंड पुलिस ने साल 2024 में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाये। इस दौरान राज्य में कुल 788 मामले दर्ज हुए, जिनमें 1362 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 1407.1 कि.ग्रा. अफीम, 18.290 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर, 36.45 ग्राम हेरोइन, 4251.2 कि.ग्रा. गांजा, 55333.54 कि.ग्रा. डोडा, 7115 नशे की टैबलेट, 4434 कैप्सूल, 10222 बोतल कफ सिरप, 1720 इंजेक्शन और 1.82 करोड़ रुपये बरामद किये। इसके अलावा 3974.985 एकड़ जमीन पर लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया।

**संगठित गिरोह के 154 अपराधियों को एटीएस ने धर दबोचा :** साल 2024 झारखंड में संगठित अपराध से संबंधित कुल 97 मामले दर्ज हुए, जिसमें संगठित गिरोह के कुल 154 अपराधियों को पकड़ा गया। पांडेय गिरोह के 41, अमन साव गिरोह के 43, प्रिंस खान गिरोह के चार, सुजित सिन्हा गिरोह के एक, अमन श्रीवास्तव गिरोह के तीन, अखिलेश सिंह गिरोह के चार और अन्य 58 अपराधियों को को गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी पांडे गिरोह के सेकेंड-इन-कमांड गोविंद राय की भी थी, जिसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पांच हथियार, 67 गोली, एक देसी बम, नौ मोबाइल फोन, दो मोटरसाईकिल और 63 हजार रुपए बरामद किये गये।

### साइबर अपराध के 1295 मामले दर्ज

साल 2024 में साइबर अपराध से जुड़े कुल 1295 मामले सामने आये इन मामलों में पुलिस ने 971 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 2118 मोबाइल फोन, 2905 सिम कार्ड, 606 एटीएम कार्ड, 165 विभिन्न बैंकों की पासबुक, 45 चेकबुक, 52 लैपटॉप, 12 चार पहिया वाहन और 70 अन्य वाहन जब्त किये। इसके साथ ही 8.17 करोड़ रुपये नकद बरामद किये गये और खाते में 77.20 लाख रुपये फ्रिज किये गये। साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रतिबिंब एप भी कारगर साबित हुआ। इसके इस्तेमाल से राज्य के विभिन्न जिलों में 274 मामले दर्ज किये गये। इन मामलों में 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 2501 सिम कार्ड और 1774 मोबाइल फोन जब्त किये। इसके अलावा, खाते में 66.43 करोड़ रुपये फ्रीज किये और 3.27 करोड़ रुपये पीड़ितों को दिये।

### एटीएस ने अलकायदा के चार आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

राज्य की एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने भी संयुक्त टीम के साथ मिलकर विभिन्न जिलों से अलकायदा के चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, एटीएस ने झारखंड पर्यटन विकास निगम और झारखंड राज्य विद्युत कर्मचारी मास्टर ट्रस्ट से जुड़े मामलों में 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में 1.22 करोड़ रुपये के साथ करीब 15 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद किये गये। साथ ही खाते में 47.20 करोड़ रुपये फ्रीज किये गये।

### पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए हुए कई अहम कार्य

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एक बोर्ड गठित कर अनुशंसा के आधार पर राज्य में कई पुलिसकर्मियों को पदोन्नति दी। 132 पुलिस अवर निरीक्षकों को पुलिस निरीक्षक के पद पर, 1203 सहायक अवर निरीक्षकों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर, और 2713 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गयी। इसके अलावा 1034 सहायक अवर निरीक्षकों और 260 पुलिस अवर निरीक्षकों को एसीपी और एमएसीपी का लाभ मिला। आईआरबी के 90 वरीय हवलदारों को सहायक अवर निरीक्षक (स) के पद पर और जैप-01 के 57 हवलदारों को अवर निरीक्षक (स) के पद पर प्रोन्नति दी गयी। पुलिस मुख्यालय ने अनुकंपा समिति के तहत 4 बोर्ड का गठन किया, जिसमें 311 मामलों में से 109 बाल आरक्षी, 57 महिला आरक्षी और 155 सामान्य आरक्षी को स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा, झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष के तहत 2 बोर्ड का गठन कर 1232 लाभान्वितों को 3.89 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

### लोस और विस चुनाव की उपलब्धियां

साल 2024 में झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव शांति से संपन्न हुए। पुलिस के प्रभावी प्रयासों के कारण चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं आयी और न ही कोई आपराधिक या नक्सली घटना घटी। इस वजह से चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराये जा सके।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम किए गए आयोजित

सीएम हेमन्त सोरेन के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान पुलिस ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित समाधान करने की कोशिश की। डीजीपी अनुराग गुप्ता की अगुवाई में झारखंड पुलिस की पूरी टीम नये वर्ष में राज्य को अपराध और उग्रवाद से मुक्त कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। झारखंड पुलिस आने वाले वर्ष में भी आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और बेहतर समाज निर्माण के लिए सतर्क और संवेदनशील रहने का प्रयास करेगी।

### नववर्ष सादगी व आपसी भाईचारे से बनाएं : प्रमंडलीय आयुक्त



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और कहा कि नव वर्ष सादगी, शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे से बनाएं। हुड़दंगबाजी से दूर रहें। मैं नववर्ष की शुरूआत अपने दायित्वों को निभाते हुए करूंगा।

### नववर्ष में सिविक सेंस का ध्यान रखें : आदित्य मल्होत्रा



**रांची।** एफजेसीसीआइ (फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने सभी को नवबर्ष की सुभकामनाएं दी है। उन्होंने सबसे अपील कि है कि नव वर्ष में सिविक सेंस का ध्यान रखें और प्रदेश की प्रगति में सभी मिलजुल कर काम करें।

#### पंडरा लूट कांड मामला

## व्यापार संगठन के सदस्यों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के सदस्यों ने पंडरा के घटनास्थल का किया निरीक्षण किया। वहीं मुख्यमंत्री, वरीय पुलिस अधीक्षक और पंडरा ओपी के थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के सदस्य सुमित गुप्ता को गोली मारे जाने के मामले में सिटी एसपी से मिलकर मामले में त्वरित कार्रवाई और घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। वहीं फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के सदस्यों ने व्यवसायी नीरज गुप्ता से मुलाकात कर मामले का जायजा लिया। इसी दौरान व्यापार संगठन के सदस्य घायल सुमित गुप्ता के भाई विनीत गुप्ता से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। घटना पर फेडरेशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री, एसएसपी और पंडरा ओपी थाना प्रभारी को ज्ञापन दे कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। ऐसे घटना से व्यवसायियों में काफी रोष है। मौके पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता से मुलाकात कर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, रेणुका तिवारी, विनोद जैन बेगवानी, हरीश नागपाल, राकेश गुप्ता, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, अरुण कुटियार, शाहिद आलम सहित अन्य सदस्य सम्मिलित थे।

#### 13 लाख की लूट और फायरिंग मामला

## आईजी-डीआईजी ने किया घटनास्थल का दौरा, पुलिस को जल्द खुलासा करने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पंडरा में सोमवार को 13 लाख की लूट और होटल मैनेजर पर फायरिंग मामले का आईजी अखिलेश कुमार झा व डीआईजी अनूप बिरथरे ने घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं मामले की विस्तार से जानकारी ली और पुलिस पदाधिकारियों को इस कांड का जल्द से जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया है।

**घायल सुमित कुमार से अस्पताल में मिले, बहादुरी को सराहा :** इसके बाद आईजी अखिलेश कुमार झा मेडिका अस्पताल पहुंचे। यहां इलाजरत घायल सुमित कुमार से मुलाकात की। घटना को लेकर विस्तार से बातचीत की। इसके बाद झा ने सुमित कुमार की बहादुरी को भी सराहा।

### क्या है पूरा मामला

सोमवार को रांची-पंडरा के ओटीसी ग्राउंड के पास दोपहर करीब 12:30 बजे तीन अपराधियों ने आशीर्वाद आटा (आईटीसी कंपनी का फ्रेंचाइजी) के मैनेजर सुमित कुमार गुप्ता से 13 लाख रुपये लूट लिये थे। वहीं, भागते समय लोटस होटल के मैनेजर सुमित कुमार ने पकड़ने की कोशिश की, और इस दौरान उन पर फायरिंग कर दी। एक गोली सुमित कुमार के पेट में लगी, जबकि दूसरी गोली उनकी बांह में लगी है। उन्हें गंभीर हालत में मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान को तेज करेगी भाजपा : राकेश प्रसाद

## सभी जगह सदस्यता अभियान चलाने की बनी योजना

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024-30 के लिए प्रांतीय और जिला टोली की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विषय प्रवेश प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद, संचालन सह संयोजक रोशनी खलखो ने और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद घूरन राम ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला। बैठक के उपरांत मीडिया ब्रीफिंग करते हुए संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि पिछले 22 दिसंबर से प्रारंभ भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप फाइव में लाने केलिए कार्यकर्ता लगातार ऑनलाइन सदस्यता कर रहे हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा का गांव, शहर सभी जगह बड़ा जनाधार है। राज्य के सभी 29 हजार से अधिक बूथों पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता व बूथ समिति है। उन्होंने कहा कि भाजपा फिर से बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान चला रही है। सभी बूथों पर अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने की योजना है। कहा कि भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी भाजपा के निर्माण के लिए कटिबद्ध है। कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में हाट, बाजार, चौक, चौराहे, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कैंपों में आम जनता की भागीदारी और उत्साह बढ़ चढ़कर देखी जा रही है। कहा कि पार्टी के सभी प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेवारी देकर सदस्यता अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है उस स्थान पर मैनुअल रसीद के माध्यम से सदस्यता केलिए निर्देश दिए गए हैं। कहा कि प्रदेश भाजपा संगठन पर्व में अपने समर्थकों के माध्यम से एक मजबूत भाजपा बनाने में सफल होगी। कहा कि 15जनवरी के बाद प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। बैठक में प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा प्रदेश पदाधिकारी बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, गणेश मिश्र, मुन्ना मिश्र, सुनीता सिंह सहित जिला की सदस्यता अभियान टोली के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित थे।

## एचईसी की उन्नति के लिए शांतिपूर्ण माहौल कायम करें : सीएमडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन इंटक के महामंत्री लीलाधर सिंह मंगलवार को एचईसी और भेल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक केएस मूर्ति के साथ नई दिल्ली स्थित कार्यालय में बैठक में शामिल हुए। बैठक में एचईसी कर्मियों के वेतन भुगतान, मेडिकल इंश्योरेंस, ईएसआई, एलटीएल, उत्पादन और औद्योगिक शांति समेत कई अन्य मसलों पर विचार किया गया। निगम के सीएमडी ने कहा कि कर्मी तीन माह का शांतिपूर्ण माहौल दें और उपलब्ध संसाधन का उपयोग कर अधिक उत्पादन में योगदान करें। उन्होंने कहा कि वे भेल से क्रेन का कायार्देश और रॉ मैटेरियल भी साथ में उपलब्ध कराएंगे। एचईसी कायार्देश पर 20 प्रतिशत लाभांश लें। कंपनी उत्पादन से चलेगा, जमीन-जायदाद बेचने से नहीं। उन्होंने बताया कि एचईसी को भारत सरकार या कहीं और से वित्तीय सहयोग नहीं मिलने वाला है, हमें जो कुछ करना है, अपने संसाधन से करना है। कर्मचारियों के मेडिकल इंश्योरेंस का रुपए जमा करने के साथ नवीनीकरण हो गया है। ईएसआई भी पूरा होने की स्थिति में है। यूनियन के महामंत्री ने कहा कि हमारे पास जो कायार्देश है, उसका सही उपयोग कर उत्पादन करना है।

### एचईसी के कामगार बिना वेतन काम में जुटे हैं : लालदेव सिंह

हटिया कामगार यूनियन एटक के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा है कि एचईसी में दोरंगी नीति नहीं चलेगी। एक तरफ कर्मी और कामगार मिली जिम्मेवारी का निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मेहनत के एवज में समय पर पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है। दूसरी ओर, निगम के निदेशक प्रोन्नति पाकर बढ़े हुए वेतन समेत अन्य सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। एचईसी में कायदे से श्रम कानून का पालन नहीं हो रहा है। इस मामले में निगम के निदेशक व राज्य सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### शिल्पी नेहा तिर्की ने डीजीपी को लिखा पत्र, किसानों के प्रति जाहिर की चिंता



**रांची।** कृषि, पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को पत्र लिखा है और किसानों के प्रति चिंता जाहिर की है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा है कि राज्य के किसानों द्वारा खेतिहर पशुओं के अलावा दुधारू एवं अन्य पालतू जानवरों की खरीद ब्रिकी के लिए निरंतर निकटतम बाजार जाना पड़ता है। बाजार ले जाने के दौरान इन्हें पुलिस और प्रशासनिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा पुलिस द्वारा अवैध वसूली भी की जाती है जिससे किसानों को गाय, बैल, बकरी एवं अन्य पशुओं को बाजार ले जाने में काफी कठिनाई होती है। किसानों में भय का वातावरण व्याप्त रहता है। जिससे ग्रामीण किसान पशुपालन करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाते हैं। अतः पशुपालक किसानों को पशुओं के क्रय-विक्रय हेतु बाजार/हाट जाने के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध वसूली पर रोक लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया जाय।

### रघुवर दास की बड़ी बहन व गुरविंदर सिंह सेठी के निधन पर भाजपा ने जताया शोक



**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी की बड़ी बहन और पार्टी के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी जी का असामयिक निधन हो गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दिवंगत आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्री मरांडी ने कहा कि गुरविंदर सिंह सेठी का निधन पार्टी केलिए अपूरणीय क्षति है। पार्टी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को असमय खो दिया। स्व सेठी पार्टी के दायित्वों के साथ साथ जरूरतमंदों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, आरती कुजूर, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, नेतागण शामिल हैं।

### गुरविंदर सिंह सेठी के निधन पर संजय सेठ ने जताया शोक



**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आकस्मिक निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवेदना प्रकट की है। श्री सेठ ने कहा गुरविंदर सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष पद पर भी वह कार्यरत रहे। गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया। उनकी सेवा को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें।

### अपनी घोषणाओं पर अमल करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का बड़ा आरोप लगाया। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने पहली कैबिनेट बैठक के बाद 1 जनवरी 2025 से पूर्व जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के लिए नियुक्ति कैलेंडर जारी करने की घोषणा की थी लेकिन आज वर्ष का अंतिम दिन बिना कैलेंडर की घोषणा के बीत गया। कहा कि साल का अंतिम दिन भी बीतने को है, लेकिन अब तक परीक्षा परिणाम अथवा कैलेंडर जारी करने की कोई पहल नहीं की गई है। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार फिर अपनी पुरानी चाल से ही चलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी घोषणाओं के अनुरूप अविलंब प्रतियोगी परीक्षाओं केलिए वर्ष भर का कैलेंडर जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करे।

### खादी मेले में बच्चों को लुभा रहे मध्य प्रदेश में बने लकड़ी के खिलौने

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे खादी मेले में बच्चों को मध्य प्रदेश के स्टॉल पर लगे लकड़ी के खिलौने खूब लुभा रहे हैं। लकड़ी और प्लास्टिक को मिलाकर बनाए गए फ्लूट को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। बच्चे इसे खरीदकर सुरीली धुन भी निकालने दिखे। माटीकला बोर्ड के स्टॉल पर लाइव उत्पादों को तैयार होता देखने के लिए युवाओं में काफी उत्साह दिखा। मेले में बच्चों अलावा युवतियां भी काफी संख्या में आकर रील बनाकर मेले की खूबसूरती को देश-दुनिया के दिखाने में पीछे नहीं हैं। 12वें दिन मंगलवार को मेले में काफी भीड़ रही। हर स्टॉल पर लोगों ने खरीदारी की। हालांकि, सुबह में भीड़ कम रही, लेकिन दिन ढलने के साथ लोगों का हुजूम बढ़ता चला गया। फूड कोर्ट पर लजीज व्यंजनों के साथ-साथ झूलों का भी लोग आनंद उठाते दिखे। मध्य प्रदेश के एक स्टॉल पर पान बनाने में उपयोग होने वाली सुपारी से मूर्तियां तैयार की गई है। इसे लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इससे भगवान की अलग-अलग तरह की मूर्तियां बनाकर 350 रुपए की शुरूआती कीमत पर बेची जा रही हैं। सबसे बड़ी मूर्ति 4500 तक की है।

### माता रानी के भजनों से गुंजायमान हुआ हरमू देवी मंडप



**रांची।** रांची शहर के हरमू रोड स्थित देवी मंडप में मंगलवार को तीन दिवसीय महाआरती का 12वां वार्षिक उत्सव शुरू हुआ। भोले की फौज टीम ने माता के भजनों की प्रस्तुति दी। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, गुरुदेव दया करके मुझको अपना लेना जैसे भजनों से भक्त भाव विभोर हो गए। देवी मंडप माता के जयकारे से गुंजायमान रहा। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार को सत्यनारायण पूजा के साथ नये साल का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर भगवान सत्यनारायण का पूजन, कथा के बाद आरती होगी। इसके बाद दोपहर में भक्तों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण होगा। शाम में माता का भव्य श्रृंगार होगा। शाम 7 बजे 301 सुहागिन महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा में माता की महाआरती करेंगी। शाम 7.30 से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। 2 जनवरी को सुहाग पोटली वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# माओवादियों व स्पलिंटर ग्रुप के सदस्यों की बनेगी सूची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में मंगलवार को नक्सल अभियान की समीक्षा डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की। नक्सल परिदृश्य पर चर्चा करते हुए माओवादियों, स्पिलिंटर ग्रुप व आपराधिक गिरोह पर लगाम कसने का आदेश उन्होंने दिया। डीजीपी ने आदेश दिया कि माओवादी व अन्य उग्रवादी समूहों, अपराधिक गुट से संबंधित अपराधियों का विस्तृत प्रोफाइल तैयार कर उससे संबंधित अपने दुश्मन को जाने की जानकारी सभी पुलिस अधीक्षक अपने अधिनस्थ पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि उन सबों को इस संबंध में स्पष्ट रूप से जानकारी हो सके। सभी पुलिस अधीक्षक अपने जिलें में स्थित पुलिस पिकेट में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को भी अपने दुश्मनों को जानें सूची की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। डीजीपी ने निर्देश दिया कि राज्य की जिस इकाई से सूचना प्राप्त होती है, उसका त्वरित गति से सत्यापन करते हुए सभी पुलिस अधीक्षक यथाशीघ्र वांछित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। अपराधी व उग्रवादी समूहों के सदस्यों का विस्तृत प्रोफाइल के आधार पर उसमें अंकित तथ्यों का भौतिक रूप से सत्यापन कर वांछित कार्रवाई करने का आदेश भी डीजीपी ने दिया। पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार से आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, आईजी रांची अखिलेश झा, आईजी अभियान अमोल वेनुकांत होमकर, डीआईजी जगुआर इन्द्रजीत माहथा, डीआईजी विशेष शाखा कार्तिक एस के साथ-साथ सभी प्रक्षेत्रीय आईजी, क्षेत्रीय डीआईजी व जिलों के एसपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

## कार्निवल में वर्ष के अंतिम दिन भारी भीड़ उमड़ी

# किड्स फैशन शो में बच्चों ने राम पर जलवा दिखाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एक्वा वर्ल्ड,मछली घर के द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्निवल 2025 में वर्ष के अंतिम दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोग कार्निवाल का आनंद देने आए। मंगलवार का मुख्य आकर्षण किड्स फैशन शो था बच्चों ने भी रैंप पर जलवा दिखेरा। बच्चों के रैंप वॉक और कॉन्फिडेंस को देख कर उपस्थित लोग दंग रह गए। बच्चियों के लिए थीम था - मैं लड़की ब्यूटीफुल और बच्चों के लिए थीम था - मुंडा कमाल दा। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शहर के मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर नीरज प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी कवियत्री बिंदु प्रसाद उपस्थित थे।इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा,कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी,डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, राहुल शाह देव, कैला यादव, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या,पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

### सेल्फी विद बकरा का भी क्रेज रहा

आज लोगों को बकरा के साथ सेल्फी लेना था। न्यू ईयर के पार्टी का टाइम था। लोग बकरा को ललचाई दृष्टि से देख कर सेल्फी खिंचवाते दिखे। उपस्थित लोगों ने इस सेल्फी थीम को खूब इंजॉय किया और ढेर सारी सेल्फी क्लिक हुई। इसके पूर्व आज टंग ट्विस्टर कंपटीशन का आयोजन हुआ। लोगों को 'उल्लू उलझा,उलझा उल्लू की पूंछ,उलझी पूंछ को उल्लू उलझाता रहा' को एक सांस में बोलने की चुनौती थी। ' मैं शायर तो नहीं' बेस्ट शायरी कंपटीशन में लोगों ने कुछ मशहूर शायरों के शेर सुनाएं। तो कुछ लोगों ने अपने लिखे शेर भी सुनाएं। आज के भी चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया। कपल डांस कंपटीशन का भी आज आयोजन हुआ जिसमें कपल्स में तू मान मेरी जान गाने की धुन पर डांस किया। आज का बेस्ट आउटफिट कंपटीशन का थीम जैकेट था। लोग कलरफुल एवं लेदर जैकेट की नुमाइश कर रैंप पर कैटवॉक करते दिखें। सबसे अंत में गुड बाय 2024 डांस का आयोजन हुआ जहां बच्चों और बड़ों ने जमकर स्टेज पर डांस करके 2024 को गुड बाय किया।



## सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले 117 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 14 कर्मियों को विदाई दी गई।समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में डॉ. सुमन सिंह (सीएमएस, चिकित्सा विभाग), सुनील कुमार सिंह (महाप्रबंधक, खनन), संजय वर्मा (महाप्रबंधक, उत्खनन), जीवेन्द्र नारायण (मुख्य प्रबंधक, सीएमसी विभाग), राजीब कुमार (मुख्य प्रबंधक, पेंशन विभाग), मुकेश चंद्र नहाटा (मुख्य प्रबंधक, वित्त), ज्योतिष नारायण पांडेय (वरीय निजी सहायक, भूगर्भ विभाग), मुन्ना प्रसाद (कार्यालय अधीक्षक, नगर प्रशासन), नीलम सुषमा कुजूर (मेट्रोन, गांधीनगर अस्पताल), राजा दासगुप्ता (मुख्य ड्राफ्ट्स मैन, पर्यावरण एवं वन विभाग), शाहिद परवेज (लेखापाल, चिकित्सा विभाग), बिमल राम (वरीय डीईओ, सेल्स एंड मार्केटिंग), बीरेंद्र कुमार सिंह (वरीय लिपिक, ईई विभाग) और बल मुकुंद दुबे (हेड सिक्यूरिटी गार्ड, सुरक्षा विभाग)। समारोह में सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की। मुख्य अतिथि सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरूआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएं, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### नववर्ष पर सभी स्वच्छता का संकल्प लें : नगर आयुक्त



**रांची।** प्रशासक सह नगर आयुक्त संदीप सिंह ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी और सभी को नव वर्ष में स्वच्छता का संकल्प लेने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि कचड़ा डस्टबीन में डालें या फिर निगम के कूड़े उठाने वाली गाड़ी में। अन्यत्र कहीं भी कूड़ा-कचरा न फेंके। गीला और सूखा दोनों तरह के कचड़े,दो अलग अलग डस्टबीन में रखें । सूखा कचड़ा को नीले रंग की डस्टबीन में और गीला कचड़ा हरे रंग की डस्टबीन में रखें । स्वच्छता बनाए रखने में सभी नगर निगम का सहयोग करें। इस नववर्ष का स्वागत मैं कार्य करते हुए करूंगा।

### नववर्ष पर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ें: जिला परिवहन पदाधिकारी



**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी है । उन्होंने कहा है कि नव बर्ष सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और संभावनाओं का संचार करे। बीते वर्ष के अनुभवों से सीख लेकर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का सभी प्रयास करें। उन्होंने विशेष रूप से युवा वर्ग से अपील की है वाहन चलाते समय गति का ध्यान रखें । सावधानी बरतें, खुद सुरक्षित रहें, दूसरे को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

### उमंग व उत्साह से नववर्ष की शुरूआत करें : मनमोहन कुमार



**रांची।** विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के जीएम मनमोहन कुमार ने सभी को नववर्ष की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि नए उमंग, उत्साह के साथ नव बर्ष की शुरूआत करें। सभी से अपील की है कि बिजली लाइन के पास आतिशबाजी नहीं करें । जनवरी से बिजली , उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के लिए कैंप लगाया जा रहा है। कैंप का लाभ लें और कोई सुझाव हो तो कैंप में जरूर बताएं । मैं नव बर्ष की शुरूआत ऑफिस में काम करते हुए करूंगा।

### फन कैसल पार्क में 200 रुपए के पैकेज में मिलेगा प्रवेश, आठ राइड्स का लोग उठा सकेंगे लुत्फ



**मनोज मिश्रा रांची ।** छोटानागपुर फन कैसल पार्क रातू में एक जनवरी को टिकट शुल्क के बजाए पैकेज सिस्टम की शुरूआत की गई है । 3 फीट से उपर के लोगों को पैकेज लेना है । एक व्यक्ति को एक पैकेज लेना होगा, जिसकी कीमत 200 रुपए है । इस पैकेज के तहत आठ प्रकार के राइड्स का लुत्फ लिया जा सकता है। यह जानकारी राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत में फन कैसल टिकट काउंटर की इंचार्ज नीलम सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि इस बार पर्यटकों के लिए पार्क में राइड्स ड्रैगन कॉस्टर, स्काई ट्रेन, गो-कार्टिंग, मैजिकल टनल, स्ट्राइकिंग कार, हाराकिरी, कैटरपिलर, मोटर और पैडल वोटिंग आदि लगे है। वहीं खाने पीने के लिए स्टॉल सजाया गया है। बुधवार सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक पार्क खुल रहेगा । यहाँ 1000 से उपर लोगों की भीड़ का अनुमान है।

### तिरूपति बालाजी का उद्यास्तमन पूजा आज

**रांची।** अंग्रजी नववर्ष की पहली तारीख 1 जनवरी 2025 के आगमन पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर की प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से सजावट की गयी है। रांची के धरा धाम पर यह दुर्लभ दिव्यदेश हर काल और हर समय में भक्तों के पाप- ताप और संताप का अपहरण तथा सुख- शांति -समृद्धि और खुशहाली को बढ़ाने वाला है। अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम दिवस से ही देशवासियों के लिये आयु- आरोग्य को बढ़ाने वाला तथा सर्वमंगलकारी हो इसके लिए बृहद अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। प्रातः 4:30 बजे से ब्रह्माण्डनायक श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का विश्वरूपदर्शन, सुप्रभातम और नित्याराधन आदि के पश्चात उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत महाभिषेक कराये जायेंगे। फिर भगवान का भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन कर, महाआरती एवं महास्तुति होगी। इसके बाद नैवेद्य प्रसाद का भोग लगेगा। श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ होने की संभावना को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

## आज / कल




# नव वर्ष पर पिकनिक के लिए महिलाएं और युवाओं में रहता है खास उत्साह

**रांची।** नववर्ष को लेकर महिलाओं से लेकर पुरुष और बच्चे काफी उत्साहित होते हैं। इस दिन तरह-तरह के पकवान बनाये जाते हैं। कई लोग अपने घरों में रहकर इस दिन का आनंद लेते हैं तो कई लोग पिकनिक के लिए जाते हैं। इनमें से कई लोगों का शौक है कि बाहर जाकर अपने वक्त को यादगार बनाने का। युवाओं की माने तो नववर्ष सिर्फ अपनी मानसिकता है। इस दिन सिर्फ कैलेंडर और तारीख बदलती है हालत वही रहते हैं। महिलाओं ने कहीं खुशी जाहिर की तो कही नाराजगी।

### महिलाएं और बच्चों की सुरक्षा पर पुलिस की रहे पैनी नजर : तनुश्री सरकार



सीडब्ल्यूसी खूंटी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा कि इन दिनों छेड़छाड़ की घटना बढ़ी है। हालांकि पुलिस की सुरक्षा सभी जगह पर रही है, लेकिन इसके बाद भी महिलाओं को भी सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि डर के कारण महिलाएं घर से ना निकले यह गलत है। महिलाएं भी अपने परिवार व दोस्तों के साथ इस दिन का आनंद लेने का अधिकार रखती हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि सुरक्षित जगहों पर ही बच्चे और महिलाएं जाएं ताकि किसी भी तरह की घटना ना हो। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर प्रशासन को इन दिनों विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर पार्क या पिकनिक स्पॉट के आस पास पुलिस की गश्ती तैनात की जानी चाहिए। तनुश्री ने कहा कि प्रतिवर्ष वह अपने परिवार के साथ नए वर्ष के पहले दिन का आनंद लेने मैकलुस्कीगंज जाया करती हैं। उन्होंने कहा अपने परिवार के साथ वक्त गुजरने से बेहतर और कुछ भी नहीं इसलिए नव वर्ष पर का पहला दिन भी परिवार के साथ गुजरना पसंद है।

### घर में परिवार के साथ रहना पसंद है : आकाश



राजधानी के युवाओं ने कहा हर दिन तो दोस्तों के साथ गुजरता है लेकिन नववर्ष का पहला दिन अपने परिवार के साथ गुजारने का अलग आनंद है। आकाश ने कहा हमारे कई दोस्त हैं जिन्हें बाहर जाना पसंद है, अलग अलग जगहों पर घूमना पसंद है। लेकिन, मैं अपने परिवार के साथ वक्त गुजरना पसंद करता हूं। दोस्तों के साथ घूमना भी पसंद है। वहीं नामकुम निवासी सूरज ने कहा कि रांची में कई जगह घूमने के लिए हैं। जिसमें हमारी प्राथमिकता पहाड़ी मंदिर रही है। उन्होंने कहा प्रतिवर्ष पहाड़ी मंदिर में महादेव के दर्शन के साथ हम सभी नववर्ष की हैरियट करते हैं। हालांकि यह नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार है लेकिन लोग इसमें रूचि रखते हैं तो गलत नहीं है। सभी अपने मान्यता अनुसार अपने जीवन को जीते हैं।

### अपने आप को सुरक्षित नहीं समझती हैं लड़कियां : रबीना आरजू



नव वर्ष में वैसे तो पूरी राजधानी में पुलिस तैनात रहती है। फिर भी कई क्षेत्र पुलिस से अछूता रह जाता है। नववर्ष पर युवाओं के साथ-साथ महिलाएं और परिवार के लोग भी घूमने निकलते हैं । लेकिन कुछ युवा जो नशे में रहते है वे कई तरह की गतिविधियों को अंजाम देते हैं। कहीं छेड़छाड़ करना तो कहीं बाइक या कार से फ्लिप मारना जैसी गतिविधियों से काफी परेशानी होती है। रबीना ने कहा राजधानी में पुलिस को हर क्षेत्र में एक्टिव मोड में रहना चाहिए। खास कर इन दिनों जब सभी वर्ग के लोग अपने घरों से निकलते हैं।

### नया वर्ष उमंग और उल्लास लेकर आता है : निर्मला

**रांची।** नव वर्ष के अवसर पर अपने संदेश में राजयोगिनी निर्मला बहन ने कहा नया वर्ष हमारे जीवन में उमंग-उत्साह और उल्लास लेकर आता है। हम सब नए वर्ष का स्वागत नए संकल्पों के साथ करें। हमारा प्रत्येक पल शुभ और श्रेष्ठ संकल्पों से भरपूर होगा तो वर्ष के हरेक पल जीवन को नई दिशा प्रदान करेगी। पूराना वर्ष बीतने के साथ-साथ अब अपने स्वार्थ व अहंकार रूपी पुराने संस्कारों को परिवर्तन कर इस संसार को बदलना है। उन्होंने कहा कि शांति और सम्पन्नता के लिए सभी मानव प्रार्थना करते हैं। इस नये वर्ष में आध्यात्मिक शक्ति को पहचान कर पवित्रता, प्रेम, सच्चाई व खुशी के दिव्य गुणों द्वारा सभी अपना योगदान देंगे।

# एक साल बाद बनेगी तिलता चौक की सड़क

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


राजीव कुमार

तिलता चौक और मुरगु पुल में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। जहां तिलता चौक में ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं एनएच 75 पर निर्माणाधीन मुरगु पर रांची से डाल्टनगंज जाने वाले डायवर्सन में कोई चेतावनी सिग्नल नहीं है जिससे रात के धुंधले में निर्माणाधीन पुल से अनजान बाहर की गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना है। जैसा गत वर्ष हुआ भी था और एक कार सवार सहित नीचे गिर गया था।

तिलता चौक के स्थानीय दुकानदार राजीव कुमार ने बताया कि जाम बहुत होता है। 10 दिन में सड़क मरम्ती का काम पूरा हो सकता था। विभागीय लापरवाही के कारण अभी तक नहीं बना है। उन्होंने कहा कि गड्ढे भी जाम लगने की वजहों में से एक है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने एनएचआई की जीएम एकता कुमारी से बात की। उन्होंने बताया कि मुरगु पुल और तिलता चौक में सड़क बनने का वर्क ऑडर पिछले महीने दिया जा चुका है,काम चल रहा है। जल्दी ही काम मुकाम तक पहुंच जाएगी।

# आगत का स्वागत विगत की विदाई : काव्यगोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड साहित्य संस्कृति मंच की ओर से सोमवार को ऑनलाइन काव्य गोष्ठी 'आगत का स्वागत विगत की विदाई' का आयोजन हुआ। अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तवने की। जाने - माने कवियों और कवयित्रियों ने अपनी प्रस्तुति दीं। गोष्ठी की शुरूआत पूनम वर्मा के वाणी-वंदना से हुई। मंच के सचिव बिनोद सिंह गहरवार ने उपस्थित साहित्यकारों का स्वागत किया। अर्पणा सिंह के कुशल मंच संचालन में मंच पर एक से बढ़कर एक कविता की निर्झरणी फूट पड़ी जिसमें सराबोर होकर उपस्थित साहित्यकार भाव विभोर हो गये। गोष्ठी का समापन मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव के सारगर्भित उद्बोधन एवं मंच के कोषाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

**गीता सिन्हा गीतांजलि ने मन के आकाश में घुमड़ी बदरियां गीत का पाठ किया :** विजय रंजन ने कोई विकल्प नहीं था सिवाय इसके मैं अपनी यात्रा स्थगित कर देता, सुरिन्दर कौर 'नीलम' ने नये वर्ष में चलो सब रिश्तों को थोड़ी ऊष्मा दे आयें, घटा गिरी ने गुजरती ने यादों को समेटे भावी सपनों को संजोकर नया वर्ष आ गया, गीता चौबे 'गूँज' ने प्रेम से अर्जित नया यह साल हो। अनिता रश्मि ने मैं हूँ घर की प्रस्तुति दी। गजलकार हिमकर श्याम ने अपनी गजल नयी होती हैं उम्मीदें दिसम्बर खत्म होता है पढ़ी। सुनीता श्रीवास्तव ने भारत देगा शांति का सन्देश, कल्याणी झा 'कनक' की ने नया साल आया चलो हम मनाएँ, सुमिता सिन्हा ने मेरे हिस्से का दर्द, निशिकांत पाठक ने मिलती रही तारीख जब तक जिंदा रहा, डॉ० मंजु सिन्हा ने कैसे अभिनन्दन करूँ नये साल का, मधुमिता साहा ने कभी लबों पर हँसी कभी आँखों में आँसू, अनुपम श्री ने तुम मेरी दिल की धड़कन हो, पूनम वर्मा ने हर हृदय में हर्ष है आ रहा नव वर्ष है, विभा वर्मा 'वाची' ने जगमग ज्योति जले कविता का पाठ किया। डॉ० शिवनन्दन सिन्हा ने आम की डाली पर कोयल कूक रही थी, डॉ० अँजेश कुमार ने जब तुमसे मेरी निगाहें मिली थीं, कामेश्वर सिंह कामेश ने नया साल आया लेकर खुशी, शांतिलता ने नया साल से नई उम्मीदें, नेहाल सरैयावी ने है नया साल खुशियाँ की प्रस्तुति दी।

### दादी के दिव्य ज्योति रथ के साथ शोभायात्रा निकली

**रांची।** श्री ढांढ़ण शक्ति प्रचार मंडल के सानिध्य में दादी की ज्योत सम्पूर्ण भारत का भ्रमण करते हुये मंगलवार को दिव्य ज्योत रथ यात्रा का रांची आगमन हुआ। दिन के 12:30 बजे में मेन रोड स्थित श्री दुगार्बाड़ी से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में पूरे भारतवर्ष के लिए भ्रमण को निकली दिव्य ज्योति रथ जिसमें मां दादी विराजमान थी। अद्भुत और अलौकिक इस यह रथ में स्वर्णिम आभूषणों से सुसज्जित फूलों के श्रृंगार से दरबार सजाया गया था। झांकियों से सजी शोभायात्रा में मुख्य रूप से महिलाएं, पुरुष व बच्चे पारंपरिक कुर्ता पायजामा एवं महिलाएं केसरिया साड़ी के साथ धर्म ध्वज पताका लेकर इसमें शामिल हुए। रात्रि 7:00 बजे मां का भव्य दरबार, भजन संध्या का आयोजन रखा गया। भजन गायको ने भजनों की गंगा प्रवाह की। दिसंबर के मध्य रात्रि तक लोगों ने मां के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन और दिव्यजोत का दर्शन सहित पूजन किया। दादी जी को 56 भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रसाद का लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार को सुबह छह बजे दर्शन रथ संबलपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

## एक नजर

### शादी का प्रलोभन देकर बनाया अवैध संबंध, प्राथमिकी दर्ज

**खलारी।** खलारी की एक युवती ने थानाक्षेत्र के ही चानकधौड़ा निवासी अमर राम पर शादी का प्रलोभन देकर अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में युवती के शिकायत पर खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। युवती ने अपनी शिकायत में बताया है कि करीब 12 साल पूर्व अमर राम से उसकी पहचान हुई। नजदीकी बढ़ी तो वह शादी का प्रलोभन देने लगा। शादी का प्रलोभन देने के साथ युवती के मना करने के बावजूद जबरदस्ती वह शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती के माता पिता शादी की बात करते तो वह धमकी देता रहा, साथ ही जबरदस्ती करता रहा। आश्वासन देता रहा कि उसकी दो बहनों की शादी हो जाने के बाद शादी कर लेगा। इधर युवती को जानकारी मिली कि अमर राम की शादी 16 दिसंबर को किसी अन्य के साथ तय हो गई है और छेका भी हो गया है।

### 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड महिला हॉकी टीम का ट्रायल आठ को

**रांची।** 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड महिला हॉकी टीम का ट्रायल 08 जनवरी को पूर्वाहन 10.30 बजे से रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में होगी। जिसमे हॉकी इंडिया से निबंधित झारखंड के कोई भी महिला हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को हॉकी इंडिया आइडी कार्ड और अपना आधार कार्ड की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य है।

बुढ़मू पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**
शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की अब खैर नहीं है। बुढ़मू थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान की शुरूआत कर दी। क्रिसमस के दिन शुरू हुआ यह अभियान नए साल में भी जारी रखा गया। बुढ़मू थाना के थाना प्रभारी रितेश कुमार ने कहा कि क्रिसमस के दिन से ही इस अभियान की शुरूआत की गई थी और आज 31 दिसंबर में भी इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना है। उन्होंने कहा कि नए साल के जश्न में लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं और बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होतीं हैं। इसके लिए भी लोगों के सुरक्षा को देखते हुए यह सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया है।बुढ़मू राय पीपरवार मुख्य मार्ग के तिरु फाल के पास और बुढ़मू चौक के पास सभी दो पहिया। चार पहिया और भारी वाहनों के ड्राइवरों की जांच की गयी। ब्रीद एनालाइजर लेकर पहुंची पुलिस ने बुढ़मू सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों के ड्राइवरों की इस मशीन से जांच की। चेकिंग के दौरान कोई भी चालक खबर लिखने तक शराब के नशे में नहीं पाया गया। इस एंटी क्राइम चेकिंग में बुढ़मू थाना थाना प्रभारी सह पुलिस के जवान शामिल थे।

## नए साल को लेकर बाजारों में चहल-पहल



**सिल्ली।** नए साल के आगमन को लेकर सिल्ली एवं आसपास के बाजारों में काफी चहल-पहल दिखा। नए वर्ष के शुभारंभ को लेकर बच्चे, बूढ़े, युवा एवं महिलाओं ने बाजारों में खरीददारी करते नजर आए। वही छोटा मुरी बाजार में उत्तम केक दुकान में बच्चे एवं युवा विभिन्न तरह के केक खरीदने पहुंचे। केक के दुकान को विद्युत सज्जा कर काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसी क्रम में मिठाइयों की दुकानों पर भी भीड़ दिखी साथ ही पुराने साल की विदाई को लेकर युवा डीजे के धुन पर थिरकते नजर आए। बच्चे एवं युवा आज पिकनिक जाने की भी तैयारी करते नजर आए।

## तीन हाइवा जलाने वाले आलोक गिरोह का बंटी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी थाना पुलिस को आलोक गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। खलारी, बुढ़मू, पिपरवार, मैकलुस्कीगंज, केरेडारी क्षेत्र में गोलीबारी तथा आगजनी की घटनाओं को अंजाम दे रहे आलोक गिरोह के सदस्य बंटी कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर ली है। इस गिरोह ने खलारी में एक महीने के अंदर दो आगजनी व गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दिया था। विगत 29 नवंबर को खलारी में स्लरी लाद रहे एक टर्बो ट्रक को जला दिया तथा वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की। इसके बाद 22 दिसंबर को थानाक्षेत्र के खलारी-बिजुपाड़ा रोड से फ्लाई ऐश लदे दो हाइवा डंपरो को अगवा कर थानाक्षेत्र के ही निर्मल महतो चौक ले गए और वहां इन दोनो हाइवा सहित तीन हाइवा ट्रकों को जला दिया। इसके अलावा पिपरवार, बुढ़मू, मैकलुस्कीगंज व केरेडारी क्षेत्र में भी इस गिरोह ने दहशत फैला रखा है। प्रेस वार्ता में पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देशन में गुप्त सूचना के आधार पर बंटी को खलारी हुटाप के कब्रिस्तान के पास से पकड़ा गया है। 19 वर्षीय बंटी खलारी के ही गुलजारबाग का रहने वाला है। बंटी ने उक्त आगजनी व गोलीबारी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि वह तथा उसके अन्य साथी मिलकर आलोक जी नामक गिरोह चला रहे हैं और इलाके में रंगदारी की मांग करने के लिए गाड़ियों को जलाने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

## कैसे बढ़ेगा राजस्व, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले को मिलती है सजा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी की चौपाल से आज अंतिम दिन था एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने का, हर वर्ष की भांति पिछले कई दिनों में उत्पाद विभाग की चिंताजनक खबर आई कि लक्ष्य के अनुसार राजस्व की वसूली बहुत कम हो पाई है। चौपाल के सदस्यों ने इस पर गंभीर चिंता जाहिर की और यह भी कहा गया कि राजस्व नहीं बढ़ेगा तो राज्य का विकास कैसे होगा? राज्य के निवासियों की भी जिम्मेदारी बनती है। एक सदस्य ने कहा कि इसमें सरकार और प्रशासन की भी तो गलती है, हर साल राजस्व का लक्ष्य बढ़ा देते हैं, चलो कोई बात नहीं लक्ष्य नहीं बढ़ाएंगे तो राज्य का विकास कैसे होगा लेकिन एक बात तो है लक्ष्य पूरा करने के लिए 12 महीने समय देना पड़ेगा, सिर्फ साल के अंतिम तिमाही में चिंता करने से नहीं चलेगा। एक तरफ तो सरकार राजस्व बढ़ाना चाहती है और दूसरी तरफ करती है नए साल पर चार-पांच दिन शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की गहन जांच होगी और गाड़ी जब्त कर ली जाएगी। बताइए ऐसे में राजस्व कैसे बढ़ेगा, इसके लिए प्रशासन एवं सरकार को खुले दिमाग से निर्णय लेने होंगे कि किसी प्रकार की जांच नहीं होगी, शराब की दुकान और बार 24/7 खुले रहेंगे, 7 जनवरी तक पिकनिक स्पॉट्स पर शराब की टेंपरेरी दुकान लगाने के लिए स्थानीय युवाओं को कोई लाइसेंस नहीं लेना होगा। पीकर दुर्घटना नहीं हो इसके लिए बार और क्लबों के बाहर ड्राइवर की उपलब्धता करानी चाहिए, यही व्यवस्था पिकनिक स्पॉट्स पर भी हो जाए। मंत्री जी की इस बात की प्रशंसा की गई कि उपभोक्ताओं को बढ़िया ब्रांड उपलब्ध कराए जाए, जिससे दूसरे राज्यों से चोरी छिपे बढ़िया ब्रांड लाने की आवश्यकता लोगों को नहीं पड़ेगी।

नए साल पर लतरातु डैम में बोटिंग व पिकनिक कर मनाया जश्न

## साईं मंदिर व घघारी बाबा धाम में पूजा कर श्रद्धालुओं ने दी साल 2024 को विदाई

*लतरातु डैम में लोगों ने वोटिंग कर खूब लुत्फ उठाया। वोटिंग करने के दौरान लोगों ने एडवेंचर का भी मजा लिया*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर, सहित लतरातु डैम और घघारी जलप्रपात में साल के अंतिम दिन सैलानियों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रसिद्ध साईं मंदिर एवं घघारी जलप्रपात सहित अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना कर साल के अंतिम दिन पुराने साल को विदाई दी। वहीं सैलानियों ने लापुंग प्रखंड के लतरातु डैम और घघारी जलप्रपात में गाजा बाजा के साथ नाचते गाते पिकनिक मनाया। वनभोज के दौरान रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा सिमडेगा सहित कई जिलों से पहुंचे सैलानियों ने साल के घने जंगलों के बीच डैम और नदी के किनारे अलग-अलग तरह का पकवान बनाया और परिवार तथा दोस्तों के साथ सामुहिक भोजन किया। मंगलवार का दिन होने के कारण डाडी, ककरिया, घघारी, लापुंग सहित कई गांवों में लोगों ने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर साल के अंतिम दिन को विदा किया। देर शाम तक लापुंग के लतरातु डैम में लोगों ने वोटिंग कर खूब लुत्फ उठाया। वोटिंग करने के दौरान लोगों ने एडवेंचर का भी मजा लिया। लतरातु डैम में जमुनिया वाटर पार्क के कार्यकर्ताओं ने सैलानियों को घुमने फिरने और पिकनिक मनाने में खूब मदद किया। वहीं घघारी जलप्रपात में सैलानियों ने साल के झुरमुटों के बीच पिकनिक मनाया। प्रसिद्ध साईं मंदिर में श्रद्धालुओं ने साईं बाबा का दर्शन पूजन किया। सुबह काकड़ आरती, दोपहर में मध्याह्न आरती, रात में सेज आरती के दौरान अलग अलग तरीकों से साईं बाबा की आरती उतारी। इस मौके पर मौजूद पुजारियों क्रमशः शत्रुघ्न पांडेय एवं ने श्रद्धालुओं को साईं बाबा का दर्शन पूजन कराया। वहीं आने वाले नववर्ष की एक दूसरे को लोगों ने अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## न्यूज | बॉक्स

### नववर्ष पर लक्ष्य व स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें : भारती ओझा



**रांची।** मीडिया ब्रांड/इवेंट्स एक्सपर्ट और उद्घोषिका भारती ओझा ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेरा नए लक्ष्य अपने स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण गंभीर रहना है और शुद्ध, सात्विक सनातन जीवन शैली का पालन करना है। नए व्यावसायिक लक्ष्य की प्राप्ति कड़ी मेहनत, धैर्य और समर्पण के साथ करूंगी। अपने गुरुस्थान, आध्यात्मिक, प्राकृतिक यात्राओं को भी प्रमुखता में रखूंगी। परिवार, मित्र और व्यावसायिक परिचितों के साथ उपयोगी समय बढ़ाना है।

### नववर्ष सभी के जीवन में नई ऊर्जा दे : डॉ भूपेश




**रांची ।** आइएचएम, रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि नववर्ष सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और संभावनाओं का संचार करता है। यह समय बीते वर्ष के अनुभवों से सीख लेकर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का है । इस बार नववर्ष का स्वागत मैं अपने विस्तारित परिवार और सहकर्मियों के साथ आईएचएम कैंपस में करूंगा।

### देसी रिवाल्वर व चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार



**रांची।** एसएसपी को गुप्त सूचना मिली की चान्हो थाना क्षेत्र के झिबरी मोड़ के पास कुछ नवयुवक अवैध हथियार के साथ घुम रहे हैं। एसएसपी, एवं ग्रामीण एसपी, से प्राप्त सूचना का सत्यापन करते हुए अविलम्ब छापामारी करने का निर्देश प्राप्त हुआ। आलोक में पुलिस उपाधीक्षक, खलारी द्वारा थाना प्रभारी, चान्हो के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने ग्राम झिबरी मोड़ पहुंचकर क्षेत्र की घेराबंदी कर छापेमारी किया । छापेमारी के क्रम में एक नवयुवक अब्बास आलम जो कि पुलिस बल को देखकर भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कमर में पीछे तरफ छुपाकर रखा हुआ एक अवैध छह चक्रिय रिवाल्वर बरामद किया गया। साथ हीं इसके द्वारा प्रयुक्त टीवीएस बाइक भी जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान अंधेरे एवं झाड़ी का लाभ उठाकर एक नवयुवक भागने में सफल रहा, जिसे पहचान कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी अब्बास आलम को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### महासम्मेलन को लेकर बनी रणनीति



**इटकी।** कांग्रेस प्रदेश नेता ारिफ रजा की अध्यक्षता में मुस्लिम अधिकार मंच की बैठक हुई। इस दौरान 9 फरवरी को वक़्फ संशोधन बिल के खिलाफ होने वाले महा सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम पूरे झारखंड स्तर का होगा जिसमें राज्य के सभी ज़िलों से हर वर्ग एवं समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। जल्द ही मंच का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध करेगा। ज्ञात हो कि इस सम्मेलन को लेकर मुस्लिम अधिकार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से मिला था। बैठक में मुस्लिम अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम, केंद्रीय उपाध्यक्ष मुर्तजा आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल पम्मू, जुबैर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### आज वृहद रूप में सजेगा श्रीश्याम मंदिर



रांची। पहली जनवरी के स्वागत के लिए हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गयी है। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में पहली जनवरी वृहद कार्यक्रम की तैयारी को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। पहली जनवरी बुधवार को प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। फिर 5.30 बजे मंगला आरती करके बाल भोग अर्पित करके प्रातः कालीन वन्दना की जाएगी। इसके बाद सभी गर्भगृहों का अदभुत दिव्य श्रृंगार की तैयारी करने के लिए गर्भगृहो में परदा लगा दिया जाएगा। मंदिर में विराजमान खाटूनरेश सहित देवी-देवताओं को नवीन पौशाक (बागा) पहनाकर कोलकाता -बेंगलूर से आ रहे फूल मालाओं से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। पहली जनवरी को बाबा श्याम कई वर्षों के बाद अपने मूल श्यामल रुप में भक्तजनों को दर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान करेंगे। श्रीश्याम प्रभु को 31 फूल मालाओं से सजाया जाएगा। लाल गुलाब, पीला गुलाब, नीला आरकेड, गेंदा, मुरगन, पीला स्टार,मोभा स्टार, सफेद स्टार, सोनिया आरकेड, पीला गेंदा,सोना बिंदिया पत्ता, तुलसीदल आदि की मालाओं से खाटूनरेश को सजाकर गुलाब के रूह इत्र से बाबा की मसाज की जाएगी। श्रीनारसरिया ने बताया कि सम्पूर्ण श्रृंगारित दरबार की प्रातः 8.30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की जाएगी। मंदिर में निर्मित 101 किलों शुद्ध घृत का बुदिया का भोग अर्पित किया जाएगा। गोधूली बेला में 101 दीपक जलले जायेंगे। पहली जनवरी को 90 मिनट अधिक बाबा का दरबार दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा।

# वर्ष 2024 में प्रौद्योगिकियों या भविष्य की परियोजनाओं में सफलता

**वर्ष 2024 तकनीक और चिकित्सा दोनों की दृष्टि से अविश्वसनीय प्रगति का वर्ष रहा है। एआईसे उद्योगों को बदलने से लेकर परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष अन्वेषण और क्वांटम कंप्यूटिंग में बड़ी सफलताओं तक, यह एक यादगार वर्ष रहा है। लेकिन बहुत कुछ समझने की जरूरत है - यह एक दशक की कड़ी मेहनत का नतीजा है। भारत ने 5जीनेटवर्क शुरू करने से लेकर चार मेड-इन-इंडिया कोविड वैक्सीन विकसित करके, न केवल अपने लिए, बल्कि दुनिया के लिए, बाधाओं को तोड़ा है। आज, दुनिया भारत की नवाचार की भावना पर ध्यान दे रही है। तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम और 2023 में दर्ज किए गए रिकॉर्ड 64,480 पेटेंट आवेदनों के साथ, भारत ने पेटेंट फाइलिंग में वैश्विक स्तर पर छठे सबसे बड़े देश के रूप में अपना स्थान मजबूती से सुरक्षित कर लिया है। यह दस्तावेज 2024 में विभिन्न क्षेत्रों में शुरू की गई महत्वपूर्ण सफलताओं और नवीन परियोजनाओं पर प्रकाश डालता है।**

## चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति और स्वास्थ्य

**उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) और बल्क ड्रग पार्क जैसी पहलों से प्रेरित, भारत का दवा निर्यात पिछले दशक में 24में समाप्त वित्त वर्ष में 15बिलियन डॉलर से बढ़कर लगभग 28बिलियन डॉलर हो गया। इसी तरह, बायोटेक्नोलॉजी में भी 13गुना वृद्धि हुई है, जो 2014में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024में 130बिलियन डॉलर हो गई है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचना है। वर्ष 2024ने भारत के वैश्विक स्वास्थ्य सेवा को और मजबूत किया। भारत ने अपना पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक, नैफिथ्रोमाइसिन विकसित किया, जो दवा प्रतिरोधी निमोनिया के खिलाफ एक बड़ी सफलता है, तीन दिन के उपचार के साथ यह 10 गुना अधिक असरकारक है।**

- भारत ने कैंसर के लिए अपनी पहली घरेलू सीएआर-टीसेल थेरेपी एनईएक्सतसीएआर 19 लॉन्च की।
- वैश्विक स्तर पर, भारत दवा आपूर्ति की कमी से निपटने के लिए दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ के साथ बायोफार्मास्युटिकल गठबंधन में शामिल हो गया।
- भारत ने 30 वर्षों के बाद पेनिसिलिन जी का स्थानीय उत्पादन फिर से शुरू किया, जो फार्मास्युटिकल क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक उपलब्धि है।
- **रक्षा :** पिछले दशक में उदारीकृत एफडीआई, सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची और रक्षा अनुसंधान एवं विकास को उद्योग और स्टार्टअप के लिए खोलने जैसे परिवर्तनकारी सुधारों ने स्वदेशी उत्पादन को 2024 में रिकॉर्ड 1.27लाख करोड़ रुपये और निर्यात को 30गुना तक बढ़ा दिया है। वर्ष 2024की समाप्ति पर, भारत ने रणनीतिक नवाचार में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए ग्लोकबल डिफेंस लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।
- एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए, डीआरडीओ ने मिशन दिव्यास्त्र के तहत एमआईआरवी प्रौद्योगिकी के साथ अग्नि-5 मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया, जिससे भारत उन्नत पुनः प्रवेश प्रणालियों वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया।
- भारतीय नौसेना ने आईएनएस अरिघात से के-4 मिसाइल का सफल परीक्षण करके अपनी परमाणुक्षमता में वृद्धि की, इससे पानी के अंदर भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता के साथ, इसने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया, जिनके पास पनडुब्बी से परमाणु मिसाइल दागने की क्षमता है।
- किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक खतरों से बचाव करने की देश की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए, डीआरडीओने फेज-2 बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम के सफल परीक्षण किए।
- इसके अतिरिक्त, डीआरडीओने एलआरएलएसीएमके सफल परीक्षण किए, जो भारत के मिसाइल शस्त्रागार में अत्यडन्तण महत्वपूर्ण है। इस मिसाइल को उच्च परिशुद्धता के साथ लंबी दूरी पर लक्ष्य पर हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो भारत की सामरिक क्षमताओं को बढ़ाता है।
- **परमाणु ऊर्जा :** भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2014 में 4,780 मेगावाट से दोगुनी होकर 2024 में 8,180 मेगावाट हो गई है। सरकार का लक्ष्य 2031-32 तक इस क्षमता को तिगुना करके 22,480 मेगावाट तक ले जाना है, जो परमाणु ऊर्जा के विस्तार के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वर्तमान में, भारत स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत थोरियम उपयोग प्रौद्योगिकियों वाले अग्रणी देशों में से एक है।
- कलपक्कम में पहले स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) में कोर लोडिंग की ऐतिहासिक शुरूआत ने भारत के तीन चरणीय परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रवेश का संकेत दिया, जो इसके विशाल थोरियम भंडार की संभावना को खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय बजट 2024-25 में भारत लघु रिएक्टरों की स्थापना और लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) पर सहयोग की घोषणा की गई, जो भविष्य के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और अभिनव परमाणु ऊर्जा समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
- **बुनियादी ढांचा :** वर्ष2014से भारत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने, दक्षता बढ़ाने और देरी को कम करने के लिए विभिन्न अभिनव तरीकों से प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है। हाल ही में ऑक्सफोर्ड के एक अध्ययन में बताया गया है कि प्रगति प्लेटफॉर्म ने 205बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति दी है, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी की अध्यक्षता में मासिक वीडियो कॉन्फ्रेंस और प्रगति पर नजर रखने के लिए डिजिटल डैशबोर्ड के उपयोग के माध्यम से परियोजनाओं में होने वाली देरी दशकों से घटकर मात्र कुछ महीने रह गई है। स्वामित्व जैसी पहलों के साथ भारत भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण कर रहा है। अब तक 1.5लाख गांवों में 2.2करोड़ संपत्ति अधिकार प्रदान किए जा चुके हैं। 2024 में, भारत अपने परिवहन बुनियादी ढांचे को बदलने और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को अपनाने में महत्वपूर्ण कदम उठाएगा।
- आईआईटी मद्रास में भारत के पहले हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक का पूरा होना एक प्रमुख उपलब्धि था, जिसने हाई-स्पीड रेल यात्रा की देश की कल्पिना को आगे बढ़ाया।
- भारत ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) के लिए पायलट अध्ययन पूरा करके सड़क बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में एक बड़ा कदम उठाया, जो दूरी-आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग प्रणाली को सक्षम करेगा।

2025

**क्वांटम, एआई और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजीज**

- राष्ट्रीय क्वांटम मिशन भारत को क्वांटम टेक्नोलॉजी में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है, जबकि भारतजेन भारत के लिए एआई विकसित करने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 2024में, भारत ने सुरक्षित डिजिटल प्रौद्योगिकियों और एआई नवाचार में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए महत्वपूर्ण प्रगति की है।
- 'विश्वास्य: राष्ट्रीय ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी स्टैक' के शुभारंभ के साथ ही ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी को भी बढ़ावा मिला, जिसका उद्देश्य सुरक्षित एप्लीकेशनों के लिए ब्लॉकचेन-ऐज-ए-सर्विस प्रदान करना है, साथ ही विश्वसनीय डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने के लिए राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क की शुरूआत भी की गई।
- भारत जेन, दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल परियोजना, भारतीय भाषाओं में कुशल और समावेशी एआई बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए शुरू की गई।
- भारत ने पहली बार फाइबर और फ्री-स्पेस दोनों तकनीकों का उपयोग करके एंड-टू-एंड क्वांटम संचार लिंक स्थापित किया। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल) ने इस क्षमता का प्रदर्शन किया।

**जैव प्रौद्योगिकी और आनुवंशिकी भारत की जैव अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गयी है।**

- जीनोम इंडिया परियोजना के तहत 10,000 जीनोम के सफल अनुक्रम ने आनुवंशिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया, जिसने व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा समाधानों का मार्ग प्रशस्त किया।
- सरकार द्वारा बायोई3 नीति को मंजूरी देने का उद्देश्य रणनीतिक क्षेत्रों में उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- इसके अतिरिक्त, एकीकृत जीनोमिक चिप्स और सस्ती सेक्स-सॉर्टेड वीर्य प्रौद्योगिकी के शुभारंभ ने पशुधन उत्पादकता और किसानों को सशक्त बनाने में एक बड़ा बढ़ावा दिया।
- **अंतरिक्ष :** 2033 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 44बिलियन डॉलर तक बढ़ाने की साहसिक कल्प ना के साथ, जिसमें 11बिलियन डॉलर का निर्यात भी शामिल है, सरकार अंतरिक्ष अन्वेषण में नए मानक स्थापित कर रही है। नवाचार को बढ़ावा देकर, महत्वाकांक्षी मिशनों का नेतृत्व करके और विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे का निर्माण करके, भारत तेजी से वैश्विक अंतरिक्ष सीमा पर एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है।
- सरकार ने दो प्रमुख अंतरिक्ष विज्ञान मिशनों, वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) और चंद्रयान-4 को मंजूरी दी, जिससे ग्रहों की खोज में भारत की क्षमताएं बढ़ेंगी।
- भारत ने गगनयान अंतरिक्ष यात्रियों के अपने पहले बैच की घोषणा की, जिन्होंने कठोर प्रशिक्षण लिया है और वे गगनयान मिशन के हिस्से के रूप में मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजने की भारत की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा हैं
- भारत ने निजी अंतरिक्ष नवाचार में भी महत्वपूर्ण प्रगति देखी, जिसमें स्काईरूट एयरोस्पेस ने कलाम-250 का परीक्षण किया और अग्निकुल कॉसमॉस ने दुनिया का पहला सिंगल-पीस 3डी-प्रिंटेड रॉकेट इंजन लॉन्च किया।
- इसके अलावा, तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टीनम में भारत के दूसरे स्पेसपोर्ट की नींव रखी गई, जिससे अधिकतम अंतरिक्ष संचालन किया जा सकेगा।
- इसरो ने कई प्रभावशाली मिशन लॉन्च किए, जिनमें तृष्णा इंडो-फ्रेंच सैटेलाइट मिशन और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 उपग्रहों को ले जाने वाला पीएसएलवी-सी59 रॉकेट शामिल है।

### चंद्रवंशी महासभा ने विधायक से की शिष्टाचार भेंट

# समाज के हर वर्ग का सम्मान और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मुख्य लक्ष्य : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा ने बड़ी की विधायक मनोज कुमार यादव से उनके आवास पर मुलाकात किया. इस दौरान उन्हें बरही विस को पांचवीं बार प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई देते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी. विधायक श्री यादव ने समाज के लोगो का स्वागत किया और बरही विस के लोगो का उनपर भरोसा जताते के लिए आभार जताया. विधायक ने कहा कि समाज के हर वर्ग का सम्मान और उनके अधिकारों को दिलाना, सरकारी योजनाओं को निष्पक्षता के साथ धरातल पर लाना और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव कार्य करना उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि बरही विस को आप सबों के सहयोग से राज्य और देश के राज्यपटल पर आगे लाने के लिए वह हर संभव प्रत्यशील रहेंगे. उन्होंने विधानसभा वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया है.

### सेवानिवृत अभियंता का विदाई समारोह आयोजित

**गिद्दी।** गिद्दी सी परियोजना में ईएंडएम विभाग के कर्मियों ने मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया। विदाई समारोह में विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के सेवानिवृत्त अभियंता एसजी आलम को विदाई दी गई। बतौर मुख्य अतिथि गिद्दी सी परियोजना पधाधिकारी के पीओ जितेन्द्र कुमार ने कर्मियों के तरफ से भेंट प्रदान कर अभियंता को विदाई दिया। साथ ही उनके सुखमय जीवन की कामना किया। इस अवसर पर उत्खनन अभियंता दिनेश मालाकार, यूनियन नेता जन्मेजय सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, मुनाजिर हुसैन, रमेश राजभर, लायक अली, जाकिर हुसैन, प्रकाश राम, चंदन कुमार, पंकज, रवि कुमार, विनोद, योगेंद्र पासवान, मुजाहिद हुसैन, लक्ष्मीकांत मुखर्जी, दिलीप बसई, मुकेश महतो आदि उपस्थित थे।

### नव वर्ष के आगमन पर हर किसी के जीवन में रहे उत्साह

# डैम में भाईचारे के साथ पिकनिक मनाएं पर्यटक : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड स्थित भैरवी डैम एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। हर साल की तरह इस बार भी नये वर्ष के मौके पर भैरवी डैम में सभी आयु वर्ग के पर्यटकों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। डैम के प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का आनंद लेने के लिए यहां लोग दूर-दूर से आते हैं।

**सुरक्षा और सुव्यवस्था पर जोर :** डैम में जुटने वाली भीड़ को देखते हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नये साल के पहले दिन पर्यटकों और सैलानियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में उन्होंने रजरप्पा थाना प्रभारी से बातचीत की और डैम क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की। साथ ही शराबियों के उपद्रव पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। सुधीर मंगलेश ने पर्यटकों से अपील की कि वे अपने वाहनों को सड़क किनारे उचित स्थान पर पार्क करें ताकि अन्य आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नौका विहार के दौरान बिना लाइफ जैकेट के किसी को नाव में जाने की अनुमति न दी जाए।

## न्यूज बॉक्स

### कृष्ण बल्लभ आश्रम में जंयती पर कृष्ण बल्लभ सहाय याद किए गए



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय की 126 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 31 दिसम्बर 1898 को बिहार के पटना जिले में शेखपुरा नामक गांव में हुआ था। उन्होंने सेंट कोलंबस कालेज हजारीबाग से प्रथम श्रेणी से आनर्स स्नातक परिक्षा पास की । वे सन 1920 के असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए । सविनय आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । वे स्वामी सहजानंद द्वारा चलाए गए किसान आंदोलन में सक्रिय रूप से सहयोग किए । सन 1963 में संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री बन कर सवार्गीण विकास किया। जयंती कार्यक्रम में महानगर वरिष्ठ कांग्रेसी शशि कांत ओझा, पूर्व अध्यक्ष विजय यादव जिला, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ,कार्यकारणी सदस्य संजय तिवारी, साजिद हुसैन, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, जावेद इकबाल, कृष्णा किशोर प्रसाद, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, अर्जुन नायक, अजय गुप्ता के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### दो घरों से सपरिवार गए घूमने, चोरों ने उड़ा लिए लाखों रुपये के जेवरात और नकद



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में इन दिनों विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्र में चोरी की वारदात में वृद्धि हुई है। साल के अंतिम दिन बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बंजारी मंदिर के पीछे संस्कार कॉलोनी में चोरों ने दो बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दी है। साल गुजर गया, लेकिन चोरों ने चोरी की वारदात को जाते-जाते रामगढ़ पुलिस को एक बड़ी चुनौती दे दी है। घटना की सूचना पाकर बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा सदलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए है। साथ ही आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुट गई है।

**क्या है मामला :** जानकारी के अनुसार बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बंजारी मंदिर के पीछे संस्कार कॉलोनी के दो बंद घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दी है। चोरों ने दो सेवानिवृत्त रेलकर्मी के बंद पड़े घरों में जमकर उत्पाद मचाया।

### पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में जिला कार्यालय ब्लॉक चौक रामगढ़ में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर विधायक ममता देवी ने अपना गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह भारत के 13वें प्रधानमंत्री थे. सन 2009 में लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद वह जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जिनको पांच वर्षों का कार्यकाल सफलतापूर्वक करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने के अवसर प्राप्त हुआ. जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह भारत के अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा. भारत देश सदैव स्मरण करेगा. मनमोहन सिंह कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्ति थे. उनके निधन से कांग्रेस पार्टी की बहुत बड़ी क्षति हुई है. श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक ममता देवी, शहजादा अनवर ,बलजीत सिंह बेदी, खगेंद्र साव, केडी मिश्रा, धर्मराज राम, अब्बास खान, अजमल अंसारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे.

### सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए धर्म का संरक्षण आवश्यक : डॉ संजीव कुमार

**रामगढ़।** बिहार के परबत्ता विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक डॉ संजीव कुमार झारखंड के रामगढ़ जिले के दौरे में आए। विश्व हिंदू परिषद की ओर से पूरे भारतवर्ष में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाया जा रहा है। रामगढ़ जिले में भी धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान जोरशोर से चल रहा है। विधायक डॉ संजीव कुमार ने विश्व हिन्दू परिषद झारखंड प्रांत के धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और निधि समर्पण के तहत सहयोग राशि प्रदान किया। परबत्ता विधायक डॉ संजीव कुमार ने कहा कि सनातन धर्म और राष्ट्र की अखंडता की रक्षा के लिए धर्म का संरक्षण आवश्यक है। सनातन धर्म के सभी वर्गों के एकजुटता से सनातन समाज सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होगा।

### सर्द हवाओं से सहमे गरीब, लोगों की परेशानी बढ़ी

**गोला।** गोला क्षेत्र में कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सर्द हवाओं ने गरीबों का जीना मुहाल कर दिया है। फटे पुराने कपड़े में लिपटे गरीब दिन भर अपनी आशियाने में ही दुबके रहने को विवश हैं। कोहरे के कारण रविवार सुबह आठ बजे तक आसमान में धुंध का आलम रहा। कोहरे ने पूरे वातावरण को अपने आगोश में ले लिया, जो समय बीतने के साथ कम होता चला गया। सूरज की एक झलक पाने के लिए लोग दिन भर तरसते रहे। घने कोहरे के कारण सुबह के समय एनएच-23 में चलने वाली गाड़ियां भी लाईट जला कर गुजर रही थी। बंदा बाजारटांड़ में बसे मल्हारों और साड़म पंचायत के मसरीडीह के बिरहोरों की जिन्दगियां उनके घासफुस की झोपड़ियों में ही कैद हो कर रह गई है। उनकी बेबसी पर न सरकार का ध्यान है और न ही किसी स्वंय सेवी संस्थाएं ही इनकी समस्या के प्रति गंभीर है।

### घाटशिला में आयोजित राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रवाना

# आप सभी खिलाड़ी जिले की पहचान और गौरव हैं : विधायक




नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग हजारीबाग खो-खो संघ द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को झारखंड के घाटशिला में आयोजित सीनियर राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता तीन जनवरी से पांच जनवरी तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और शुभकामनाएं दीं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने खिलाड़ियों के प्रस्थान के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए, जिसमें परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी जिले की पहचान और गौरव हैं। अपने खेल के माध्यम से हजारीबाग का नाम पूरे राज्य में रोशन करें। मेहनत और अनुशासन से आप अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। कार्यक्रम में हजारीबाग खो-खो संघ के पदाधिकारियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके प्रोत्साहन और सहयोग से जिले में खेलकूद को नई ऊंचाई मिलेगी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के कई खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिन्हें पिछले कई महीनों से कड़ी तैयारी कराई गई है।

*हमारे खिलाड़ियों की तैयारी और जोश उन्हें जीत की ओर ले जाएगा; उनका प्रदर्शन निश्चित ही प्रेरणादायक होगा*

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उपसमिति का विस्तार

# कायस्थ समाज को ससशक्त बनाने की है आवश्यकता : शैलेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विगत रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा उपसमिति बरही का विस्तार किया गया. विस्तार जिला उपाध्यक्ष सह बरही अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र सिन्हा की निगरानी में प्रखंड अध्यक्ष अशोक बख्शी व महामंत्री संजय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप यह घोषणा किया. विस्तारित किए गए उपसमिति में कार्यकारी अध्यक्ष न्यु कॉलोनी निवासी पूर्णेंदु शेखर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत प्रकाश कटरियार, उपाध्यक्ष गौरिया करमा निवासी संजय कुमार सिन्हा व बरसोत निवासी अनूप प्रधान, संगठन मंत्री डीएवी के शिक्षक दीपक शरण, कोषाध्यक्ष न्यु कॉलोनी निवासी निखिल कुमार उर्फ विक्की, संयुक्त कोषाध्यक्ष बरसोत निवासी अमर प्रधान, संयुक्त महामंत्री बरसोत निवासी प्रवीण बख्शी का नाम शामिल किया गया है. वही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गया रोड निवासी महेश श्रीवास्तव, न्यु कॉलोनी निवासी गोपाल चंद्र घोष, पटना रोड निवासी रविन्द्र सिन्हा, बरसोत निवासी अरुण कुमार बख्शी, गौरिया करमा निवासी नगीन कुमार सिन्हा, धनबाद रोड निवासी कुणाल कटरियार, साधनापुरी निवासी विनय कुमार सिन्हा और मीडिया प्रभारी कोनरा निवासी जयदीप कुमार सिन्हा का नाम शामिल है. कमिटी विस्तार की जानकारी अध्यक्ष और महामंत्री ने संयुक्त रूप से पत्र प्रेषित कर दी है. जिला उपाध्यक्ष ने सभी नव मनोनित पदाधिकारियों और सदस्यो को शुभकामनाएं देते हुए कायस्थ समाज को और अधिक सशक्त बनाने की अपील किया है.

### नूरी अंजुमन एजुकेशन ट्रस्ट ने चलाया जागरूकता अभियान

# नशा मुक्ति के लिए पुलिस का सहयोग करें युवा : कलीम



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा प्रखंड स्थित कोनहरा खुर्द में प्रभातफेरी द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। रैली की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मुखिया मोइन अंसारी ने कहा- नशे के बारे में लोगों को करें जागरूक, नशा मुक्ति की दिलाई शपथ थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता के आदेश अनुसार कोनहरा खुर्द में मंगलवार को नशा मुक्ति अभियान को लेकर रैली निकाली गयी. वरिष्ठ नेता कलीम खान ने संगठन के युवाओं से भी आह्वान किया कि वह इस अभियान को सफल बनाने में पुलिस को सहयोग करें. जिससे की नशे पर रोक लगाकर नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाया जा सके. रैली में बरकट्ठा प्रशासन ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया और नशा मुक्त समाज बनाने की बात कही. नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस ने अलग- अलग जगहों पर जाकर लोगों को नशे से बचने की सलाह दी. इस दौरान संगठन के अध्यक्ष एजाज अहमद ने लोगों को नशे से दूर रहने को कहा गया. उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा. तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते हैं. नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है. वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है. उन्होंने लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अतिआवश्यक बताया.

### पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अमित शाह के बयान पर जताया विरोध, कहा

# अंबेडकर के खिलाफ दिया गया बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** अंबेडकर चौक जिला बोर्ड के पास पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अमित शाह द्वारा अंबेडकर के खिलाफ दिए गए बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और उनके इस्तीफे की मांग की। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अंबेडकर चौक पर एकत्रित होकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की और उनके बयान की कड़ी आलोचना की। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा, अंबेडकर के खिलाफ दिया गया बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और हम इसकी निंदा करते हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान अमित शाह इस्तीफा दो का नारा लगाया गया। प्रदर्शनकारियों ने अमित शाह के बयान को सामाजिक न्याय और संविधान के मूल्यों के खिलाफ बताया और उनसे तुरंत इस्तीफे की मांग की। विरोध प्रदर्शन में कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से गणेश कुमार सीटू, सहायक सचिव निजाम अंसारी, अनवर हुसैन, ईश्वर मेहता, महेंद्र मुखिया, शौकत अनवर, और समीम खान मौजूद थे। दर्जनों कार्यकताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस विरोध को अपना समर्थन दिया। विरोध स्थल पर उपस्थित नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक से अवैध सूखा डोडा बरामद






**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को उन्हें गुप्ता सूचना मिली की ट्रक संख्या-पीबी 23टी-1707 में अवैध डोडा लोड है जो मांडू थाना क्षेत्र स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हेसागढ़ा के परिसर में खड़ा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) फौजान अहमद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। बताया कि गठित टीम द्वारा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप हेसागढ़ा पहुंच कर छापामारी अभियान चलाया गया ।जिसमें पेट्रोल पंप परिसर में ट्रक संख्या-पीबी 23टी-1707 खड़ा पाया गया। ट्रक के पास जाने पर ट्रक का डाला तिरपाल से ढका हुआ एवं ट्रक के केबिन में कोई भी व्यक्ति नहीं पाया गया। पेट्रोल पंप के कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि समय करीब 7:30 बजे उक्त ट्रक को पेट्रोल पंप पर खड़ा कर ड्राइवर कहीं चला गया है। जिसकी जानकारी इन्हें नहीं है। ट्रक की जांच करने पर ट्रक के डाला में सफेद रंग के कुछ प्लास्टिक के बोरा में मुढ़ी एवं कुछ प्लास्टिक के बोरा में डोडा और सोयाबीन बरी मिक्स कर भरा हुआ पाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ट्रक के केबिन के बॉक्स से वाहन से संबंधित कागजात, चालक अनुज्ञपित की छाया प्रति, एक बिना सीम कार्ड का कीपैड मोबाईल एवं अन्य कागजात पाया। डोडा का अवैध परिवहन एवं व्यपार करने के आरोप में ट्रक, ट्रक से बरामद डोडा, मुढ़ी, कागजात एवं अन्य सामग्री को विधिवत जबत करते हुए ट्रक मालिक 1.सविता पॉल सन/वाइफ/डॉवटर ऑफ जसवंत पाल, पताः सरदारपुरा कॉलोनी ललरू मंडी, ललरू, सस नग (मोहाली), साहिबजादा अजत सिंह नगर पीबी-140501 2. चालक चालक जसंत पाल स/ ऑफ करनैल सिंह, पताः वीपीओ ललरू द डेराबसी डिस्ट्रिक्ट. एस ए एस नगर एवं शामिल अन्य अज्ञात लोगो के विरूद्ध मांडू थाना कांड सं0-301/24, दिनांक-30.12.2024, धारा-15 (सी)/ 18 (बी)/ 25/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

बरामद सामानों का विवरणः

- ◆ट्रक संख्या-पीबी 23टी-1707
- ◆अवैध सुखा डोडा एवं सोयाबीन का मिश्रण सभी बोरा सहित का कुल वजन-1926.528 कि0ग्रा0, मुढ़ी का कुल वजन बोरा सहित 611.22 किग्रा।
- ◆वाहन से संबंधित दस्तावेज।
- ◆सेलकोर एक्स प्लस कम्पनी का कीपैड मोबाईल।

छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) फौजान अहमद, पुनि मांडू अंचल सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, डीसीबी प्रभारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय दिगम्बर पाण्डेय, सअनि दिलीप पासवान एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### न्यू ईयर सेलिब्रेशन की रहेगी धूम, रजरप्पा और पतरातू में तैनात हुए अतिरिक्त जवान

**रामगढ़।** न्यू ईयर का सेलिब्रेशन शुरू हो गया है। रामगढ़ जिले के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगी है। 31 दिसंबर से ही पिकनिक मनाने वालों का हुजूम लगने लगा है। पिकनिक के माहौल में कोई खलल ना पड़े इसके लिए रामगढ़ पुलिस ने सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने पतरातू और रजरप्पा क्षेत्र में पर्यटकों और पिकनिक मनाने वालों की सुरक्षा के लिए पहले से ही योजना बना रखी है। एसपी ने पतरातू थाने को 20 जवान और पदाधिकारी मुहैया कराए हैं, ताकि चप्पे चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। रजरप्पा मंदिर में लगने वाली भीड़ के अलावा दामोदर नदी तट पर पिकनिक मनाने वालों की भी कमी नहीं है। वहां भी पुलिस जवान की मौजूदगी रहे, इसलिए रजरप्पा थाने को 30 जवान और तीन पुलिस पदाधिकारी मुहैया कराए गए हैं। एसपी ने मंगलवार को बताया कि न्यू ईयर के सेलिब्रेशन में लोग होश में रहे, नशे में गाड़ी ना चलाएं और ना ही किसी दूसरे को कष्ट पहुंचाएं।

### बाल तस्करी व बाल मजदूरी पर ग्रामीणों के साथ की चर्चा

# बाल विवाह बच्चों व देश के भविष्य का हनन कर रही है




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत सुद्दी गांव में अग्रगति संस्था ने ग्रामीणों और किशोरियों के साथ बैठक की। बैठक में बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी की बढ़ती संख्या पर चिंताते हुए इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कहा गया कि इस समस्या को खत्म करने के लिए अग्रगति संस्था लगातार प्रयास कर रही है। बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी में बच्चों को कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। मौके पर संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहा कि बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी बच्चों एवं देश के भविष्य का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी में लोगों को प्रलोभन, बहला-फुसलाकर या पैसों का झांसा देकर शारीरिक शोषण से लेकर शरीर के अंगों तक का व्यापार किया जा रहा है। इस विषय पर विशेष पहल करने की आवश्यकता है। जिससे लोगों को उनके साथ होने वाली इस घटनाओं को समाप्त किया जा सके। मौके पर ग्रामीणों ने भी कहा कि इस मुद्दे पर हमसभी अग्रगति संस्था के साथ हैं। बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी के रोकथाम के लिए सामुहिक संकल्प लिया गया। साथ ही कहा गया कि बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी पर होने वाली दुष्प्रभाव को जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों को जागरूक करने का भी काम जाएगा। ताकि इसके दुष्प्रभाव से सबों को बचाया जा सके। मौके पर अग्रगति संस्था के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त, जिला समनव्यक मो. बिलाल अंसारी, प्रखंड काउंसेलर इशरत जहां, सेविका नमिता देवी आदि मौजूद थे।

नव वर्ष विशेष

# प्राकृतिक सौंदर्य के साथ ऐतिहासिक शौर्य गाथा का प्रतीक है भंवर पहाड़गढ़

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** छोटानागपुर की अठखेलियाँ करती पहाडियों के बीच बसा सिमडेगा जिला अपने आप में खास अहमियत रखता है। यहां की प्रकृति रामायण काल की कथा के साथ अंग्रेज काल में यहां शूरवीरों की शौर्यगाथा तक सुनाती है। सबसे बडी खासियत है यहां का प्रकृतिक सौन्दर्य। ऐसा लगता है कि बडे फुर्सत से यहां प्रकृति को संवारा गया है। यदि आप प्रकृति की अनुपम छटाओं का आनंद लेना चाहते हैं, तो सिमडेगा जिले कोलेबिरा प्रखंड के नेशनल हाईवे 143 से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर अवस्थित भंवर पहाड़गढ़ जरूर आएं। भंवर पहाड़गढ़ सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड की गोद में वसा। भंवर पहाड़गढ़ न सिर्फ प्रकृतिक सौन्दर्य का खजाना है अपितु यहां का इतिहास आपको वीरों की शौर्यगाथा भी सुनाएगा। यहां युद्ध की एक अनोखी कला की भी शुरूआत हुई थी ।सुहाना मौसम, हवा का तराना, खुशरंग है प्रकृति का हर नजारा। सिमडेगा की गोद में हिमाचली सौंदर्य निखारता भंवर पहाड़गढ़ सैकड़ों साल पहले घनघोर जंगल से घिरा हुआ था। उस समय छोटा नागपुर के महाराजा पालकोट नरेश शिवनाथ सिंह साहदेव शिकार खेलने के शौकीन थे और इस क्षेत्र में घनघोर जंगल होने के कारण बहुत से जंगली जानवर विचरण करते थे उसी समय क्षेत्र के युवक धनीराम सिंह जिन्हें शिकार खेलने में महारत हासिल थी उक्त युवक ने राजा का सहयोग किया था इसी से खुश होकर ताम्र पाटा बनाकर भंवर पहाड के वीरू परगना से 33 मौजा को काटकर भंवर पहाड़ मौजा बना कर दे दिया बाद में उनके वंशजों द्वारा इस परगना का ओहदार रन बहादुर सिंह को बनाया जिन्होंने सभी समुदायों को इस क्षेत्र में बसाया और समाज कल्याण के लिए दान स्वरूप जमीने दी और इन्होंने ही यहां रथ यात्रा की शुरुआत की जो आज भी इस क्षेत्र में अत्यंत प्रचलित है।भंवर पहाड़ गढ़ की




अनोखी युद्धकला कला का यहां हुआ था जन्म

प्रचलित पारंपरिक युद्ध रणनीति भंवर युद्ध अनोखी युद्ध कला थी। यहां के भोगता जाति भंवर चंडी को अपना इष्ट देव मानते थे इष्ट देव की पूजा से भंवरों को अपने वश में कर हरका (बांस की बनी पेटी) में बंद कर युद्ध स्थल पर ले जाते थे और दुश्मनों के बीच छोड़ देते थे। जिससे हमेशा विजय होती थी यहां के लोगों की मान्यता है विजयी भंवर चंडी के प्रताप से ही होता है। आज भी इस पहाड़ में भंवर के सैकड़ों छते यहां देखने को मिल जाएंगे

## मकर सक्रांति के समय श्रद्धालुओं एवं सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है

यहां के ओहदार रण बहादुर सिंह जिन्होंने अंग्रेजों के मंसूबे पर पानी फेर दिया था। 1857 के क्रांति की शुरुआत तो सैन्य विद्रोह के रूप में हुई, लेकिन समय के साथ ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध एक जनव्यापी विद्रोह के रूप यह परिवर्तित हो गया , जिसे भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम कहा गया। स्वतंत्रता संग्राम के समय यह क्षेत्र लोहरदगा में आता था उस समय लोहरदगा से उड़ीसा विद्रोह को दबाने के लिए अंग्रेज सेना उड़ीसा शस्त्र लेकर जा रही थी जिसे रन बहादुर सिंह ने पपरा घाट के समीप उनके शस्त्र लूट कर अंग्रेजी सेना को भगा दिए। भंवर पहाड़ की ऊंची ऊंची चोटियों से घिरा परिवेश अनायास ही मानव मन को अत्यंतआकर्षित करता है। एक ओर पहाड़ के ऊपर कभी न सूखने वाली तालाब की शीतल जल मानव जीवन को निरंतर शीतलता प्रदान करते हुए मन को शांत चित्त करते हुए शीतलता प्रदान करती है। वहीं दूसरी ओर पर्वतों की श्रृंखला मनुष्य को सदैव ऊँचा उठने और ऊँचा सोचने हेतु प्रेरित करते दृष्टिगोचर होते हैं इन पहाड़ों के बीच शांति ऐसी कि ध्यानावस्थित होने को मन चाहे सर्वत्र परिवेश ऐसा जैसे प्रकृति ध्यानमग्न होने की प्रेरणा देती सी लगती है। न कोई कृत्रिमता , न ही कोई हलचल, न शहरों जैसी चहल-पहल न कोई चीख-चिल्लाहट, न होड़- मारामारी, इतना शांत वातावरण की यही रच बस जाने का मन करें। इसी प्रांगण में पहाड़ के समीप जगन्नाथ स्वामी मंदिर और सामने प्राकृतिक रूप से बना तालाब जो रथ यात्रा एवं मकर सक्रांति के समय श्रद्धालुओं एवं सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है पहाड़ के वही पहाड़ के उपर घर बनाकर लोग जीवन यापन कर रहे हैं जो पहाड़ों की रानी सिक्किम और शिमला की याद दिलाती है। इसके अलावा सीता चौका जो लोगों के लिए कौतूहल का विषय है ऐसे देखने में सामान्य चट्टान से लगती है पर जब उसमें पानी डाल दिया जाए तो दिवाली में जैसे हम लोग रंगोली बनाते हैं वैसी रंगोली चट्टान में उभर आती है।।प्रकृति के इस अनुपम भेंट को समय की गति के साथ विकास होगा तभी हमारी आने वाली पीढ़ी देख पाएगी इस प्रकृति की अनमोल और अनुपम विरासत को।

## कांग्रेस कार्यालय में पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

● डॉ मनमोहन सिंह ने अर्थव्यवस्था का उदारीकरण में नई जान फूंकने का किया काम : भूषण बाड़ा

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अगवाई में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं प्रखंड से आए हुए सभी कांग्रेसियों ने बड़ी-बड़ी से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की एवं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने श्रद्धांजलि सभा में उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया।विधायक ने कहा की जब देश मे स्थिति अनुकूल नहीं थी तब किंस तरह देश के गरीब जनता के लिए मनरेगा,सूचना का अधिकार, वन अधिकार कानून,शिक्षा का अधिकार ,राष्ट्रीय सुरक्षा कानून, जमीन अधिग्रहण बिल और खाद्य सुरक्षा कानून जिसके तहत हर गरीब को 5 किलो राशन मिलना संभव हो पाया है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी सौम्य और सरल स्वभाव वाले एक विद्वान अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ थे। उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था का उदारीकरण करने और उसमें नई जान फूंकने के लिए जाना जाता है।जब विश्व के सभी देशो में आर्थिक मंदी का दौर आया था, तब मनमोहन सिंह ने अपनी बुद्धिमत्ता से मात्र 300 करोड़ रुपिया का कर्ज लेकर भारत को आर्थिक मंदी के झटकों से उबारा था और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का परचम स्थापित करते हुए उसी मात्र 300 करोड़ से 140 लाख करोड़ की जीडीपी 2014 में सत्ता हस्तांतरण के समय देश को सौंपी थी। उनके नेतृत्व में भारत ने कई आर्थिक और सामाजिक बदलाव देखे थे ,डॉ साहब की महानता और उनके ज्ञान से जाएदा उनकी सौम्यता उनकी दृढ़निश्चय और शालीनता याद रखी जाएगी।

## प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य सकीम अंसारी ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**कुरडेग।** प्रखण्ड के प्रकाला गाँव में बिधुत ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरे गाँव अंधेरा में था । ग्रामीणों ने प्रखण्ड बीस सुत्री सदस्य सकीम अंसारी से मिलकर अपनी समस्या को रखा । सकीम अंसारी के प्रयास से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया । जिसे मंगलवार को ग्रामीणों की उपस्थिति में श्री अंसारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया । अब पुरा गाँव रौशन हो चुका है बिजली आते ही लोगों ने श्री अंसारी का आभार जताते हुए खुशी का इजहार किया । मौके पर उनहोने कहा कि क्षेत्र में बिजली से जुड़ी कोई समस्या होने पर उसका समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा । उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपने बिजली बिल जमा करें और बिधुत विभाग का सहयोग करें ताकि क्षेत्र में बिजली सुचारू रूप से उपलब्ध हो सके । उदघाटन के मौके पर जगदीश जयसवाल , प्रखण्ड बीस सुत्री सदस्या नुसरत खातून , संजीत जयसवाल , किशोर बारला सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे ।

दिसंबर जनवरी में एक्टिव होते हैं मानव तस्कर

## मानव तस्करी को रोकने के प्रयास में जुटी सिमडेगा पुलिस और न्याय प्रशासन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड राज्य के दक्षिणी छोर पर बसे आदिवासी बहुल जिला सिमडेगा में मानव तस्करी बहुत हावी है। अभी दिसंबर और जनवरी में यहां मानव तस्कर काफी सक्रिय हो जाते हैं। सिमडेगा पुलिस और न्याय प्रशासन सिमडेगा में मानव तस्करी रोकने के लिए रेस हो गई है।मानव तस्करी यानी मनुष्य का सौदा। समाज पर एक कलंक है। कई संस्थान आज मानव तस्करी को रोकने का प्रयास कर रही है। बावजुद इसके आज भी सिमडेगा में धडल्ले से मानव तस्करी का कारोबार फल फुल रहा है। दिसंबर और जनवरी माह में जब बाहर काम करने वाले अपने घर लौटते हैं, तो इनके साथ कई मानव तस्करों के दलाल सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल जिलों में आज भी काफी तादात में सक्रिय हो जाते हैं। जो जोंक की तरह चिपक कर यहां की भोली भाली बच्चियों को बहला कर अपने साथ ले जाते है, और इनका सौदा महानगरों और खाडी देशो में कर देते है। मानव तस्करी के दर्द से कराहते सिमडेगा से मानव तस्करी के दर्द को कम करने के लिए सिमडेगा पुलिस ने कमर कस ली है। एसपी सिमडेगा सौरभ ने बताया कि जिले के सभी थानों को एक्टिव कर दिया गया है। सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में खास निर्देश दिए गए हैं कि मानव तस्करों को चिन्हित कर उनपर करवाई करें। एसपी सिमडेगा ने जिलेवासियों से अपील की है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति उनके इलाके में दिखे तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या टोल फ्री नंबर 1800-3456-256 पर सूचना दें। सिमडेगा जिले में मानव तस्करी रोकने के प्रयासों में सिमडेगा न्याय प्रशासन भी अहम भूमिका निभा रही है। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि मानव तस्करी रोकने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक भी हुई है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करों को सजा देने के साथ साथ मानव तस्करी के शिकार बच्चियों का रेस्क्यू करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

## पूर्व प्रधान महालेखाकार ने अपनी लाइब्रेरी आम जनता को की समर्पित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा ने आज बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन की नींव रखते हुए जिले में ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए अपनी मेहनत से तैयार लाइब्रेरी को आम जनता को समर्पित कर दिया। ।बेंजामिन लकड़ा ने अपने निजी आवास में बनाये लाइब्रेरी को आज सिमडेगा के वासियों के लिए खोला दिया है। अब यहां लोग जाकर किताबी ज्ञान हासिल करने के साथ साथ पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा से मार्गदर्शन हासिल कर अपना भविष्य बना सकते हैं। इस अवसर पर बेंजामिन लकड़ा फाउंडेशन का उद्घाटन आर्चबिशप विंसेंट इंड रांची, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, बिशप विनय कंडुलना (खूंटी के बिशप), प्रोवेंशियल सोसाइटी ऑफ जीसस फादर अजीत खेस्स, विधायक कोलेबिरा बिक्सल कोंगाडी सीआईएसएफ कमांडेंट जेम्स बाखला, सेवानिवृत्त आईएएस विनोद किस्पोट्टा एवं संचार इंजीनियर - भारतीय रेलवे रायमेक्स टोप्पो के द्वारा फिता काट कर किया गया। सभी अतिथि ने बेंजामिन लकड़ा को इसके सुन्दर कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस दौरान रांची के आर्चबिशप विंसेंट इंड ने बेंजामिन लकड़ा द्वारा लिखे गए पुस्तकों की चर्चा करते हुए कहा कि श्री लकड़ा के द्वारा लिखे गए पुस्तक मैंने पढ़ा था उससे मैं प्रभावित हुआ था खुशहाल बुद्ध के लेखकों से भी प्रभावित हुआ था ।उन्होंने कहा कि इसके द्वारा लिखे गए पुस्तक ने समाज में परिवर्तन लाने के लिए चुनौती देने के लिए अच्छे उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने लिखा और इसीलिए सभी लेख उनके बहुत ही प्रेरणादायक और चुनौती पूर्ण हुआ करते थे और इसीलिए मेरे जैसे और कितनों को उन्होंने अपने लेख के माध्यम से चुनौती दी होगी उनके अंदर की प्रेरणा को जगाया होगा उनका हौसला बढ़ाया होगा लोगों को चुनौती दी होगी तो जैसे फादर अजीत ने कहा कि जीविका जीवन में एक दूरी होती है लेकिन कुछ समय कुछ लोग जीविका के लिए व्यस्त रहते हैं और बाद में चलकर के शायद जब जीविका के साधन से मुक्त होकर के एक फ्री समय उनको मिलता है तो वह जीवन की और योगदान देते हैं लेकिन श्री बेंजामिन लकड़ा के जीवन में महत्व कहूंगा कि इन दोनों में फर्क नहीं था जीविका के दौरान भी उन्होंने अपने लेखन प्रणाली से बहुतों को योगदान दिया समाज को योगदान दिया और कई छोटी या बड़ी सभा में चाहे वे युवा वर्ग के लिए हो अथवा कुछ विद्वानों के बीच में हो या कुछ साधारण विश्वासियों के बीच में लोगों के बीच में हो उन्होंने अपना योगदान यथासंभव दिया है। और वहीं सिलसिला बना रहा और शायद यही आदत उनकी रही है कि आज भी वे समाज को बिना कुछ दिए चुप नहीं रह सकते उनके मन में शांति नहीं होती है और इसीलिए यह तो एक चरम बिंदु है कहना चाहिए कि उन्होंने अपने इस अवस्था में भी समाज को अब भी कुछ देने का यह सुंदर निर्णय लिया उनके परिवार वालों ने भी इसको सहर्ष स्वीकार किया और पूरा सहयोग दिया और आम जनता के लिए विशेष करके सिमडेगा क्षेत्र में और विशेष करके जो मेधावी है परिश्रमी है आकांक्षी है महत्व आकांक्षी हैं उनकी सहायता के लिए उनका हौसला बढ़ाने के लिए एक सुंदर एक चिन्ह उन्होंने यह पुस्तकालय लाइब्रेरी की सुविधा देने का निश्चय किया यह बहुत ही प्रशंसनीय बात है और हम शब्दों के लिए एक शिक्षाप्रद बात है कि हम अपने जीवन को ऐसे ही बना सकते हैं ऐसे अपने जीवन को लाभदायक बना सकते हैं।

## वर्ष 2025 में जिले में बहेगी विकास की गंगा : विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 का सूर्य नई आशा एवं उम्मीद के साथ उदय होगा। यह वर्ष विकास भरा वर्ष होगा। इस वर्ष क्षेत्र में जर्जर पड़े सभी कालीकरण पथों को दुरुस्त कराने का प्रयास किया जाएगा। गांव गांव सड़कों का जाल बिछेगा। कई नदियों पर उच्च स्तरीय पुल का भी निर्माण कराने का प्रयास होगा। बिजली विहिन गांवों में भी बिजली पहुंचाने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के अंत तक शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों का भी तेजी से विकास करने का प्रयास किया जाएगा। स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त होगी। सदर अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक तैनात कराने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षकों की कमी से जूझ रहा सिमडेगा कॉलेज में शिक्षकों की कमी को दूर कराने की कोशिश की जाएगी। अल्पसंख्यक स्कूलों में विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। गरीब बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की जाएगी। भूषण बाड़ा ने कहा कि खेल मैदान का विस्तार कराने के साथ साथ स्थानीय खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए बार बार मौका दिया जाएगा। इस वर्ष लोगों को सर्पदंश से बचाने पर विशेष फोकस किया जाएगा। हर खेत में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराते हुए किसानों को सालों भर खेती करने की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास की जाएगी। सभी मजदूर एवं किसानों को उनका हक और अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अनुबंध कर्मियों को स्थायी करवाने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। सफाई कर्मियों, पंचायत स्वयं सेवकों, पारा शिक्षक, सहिया, सेविका, जल सहिया, पारा शिक्षक, सहायक पुलिस कर्मी, एनएचम स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू कर्मी की सभी समस्याओं को सरकार से मिलकर दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### प्रेम प्रसंग में 15 वर्षीया किशोरी ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के सुंदरपुर में 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी ने प्रेम प्रसंग में मंगलवार की सुबह कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने किशोरी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी देते हुए पिता दशरथ महतो ने बताया कि उसकी नाबालिक किशोरी बेटी बानो के हरदा निवासी संदीप नामक युवक से प्रेम करती थी और इस बात को लेकर दोनों के बीच में कहा सुनी हुई और प्रेमी के द्वारा डांटने पर उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के क्रम में मौत हो गई।

### अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में डायमंड क्रिकेट क्लब 145 रनों से बनी विजेता

**सिमडेगा।** अलबर्ट एक्का स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला क्रिकेट लीग में मंगलवार को दो मैच खेला गया। पहले मैच में डायमंड क्रिकेट क्लब 145 रनों से विजय रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए डायमंड क्रिकेट क्लब ने आर्यन मिश्रा की बेहतरीन शतक 120 रन के बदौलत 262 रन को स्कोर खड़ा किया। ओम ठाकुर ने 70 रन बनाए। स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब की ओर से हरप्रीत व दुष्यंत ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी स्पोर्टिंग क्रिकेट क्लब 117 रनों पर सिमट गई। जिसमें गुरु शरण सिंह 50 रन बनाये। डायमंड क्रिकेट क्लब की ओर से आर्यन, उरमेश, अविनाश 3-3 विकेट लिया। दूसरा मैच राधे क्रिकेट क्लब बनाम अली क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले करते हुए अली क्रिकेट क्लब की अली और मंगलम की ताबड़तोड़ शतक की बदौलत 303 रन बनाएं। मंगलम 120 रन नाबाद जबकि अली 112 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राधे क्रिकेट क्लब की टीम 101 रनों पर सिमट गई। अर्पित 27 और सागर ने 22 रन बनाए। अली क्रिकेट की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए विशाल तीन विकेट, देवेंद्र कोहली दो विकेट लिया।

### डीएवी स्कूल में प्री-बोर्ड सह यूनिट टेस्ट परीक्षा परिणाम घोषित

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 2024-25 सत्र के छात्र-छात्राओं का प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। प्री- बोर्ड की परीक्षा कक्षा आठवीं 10 वीं एवं 12 वी की आयोजित हुई थी। कई छात्र-छात्राएं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भाग लेंगे जो फरवरी माह से शुरु होगी। कक्षा आठवीं के छात्र एवं छात्राएं सीएससी बोर्ड परीक्षा जो डीएवी बोर्ड के नाम से जाना जाता है उसमें भाग लेंगे। प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने भी कई कई सुझाव अभिभावकों एवं छात्रों को दिया। कार्यक्रम में स्कूल की सभी शिक्षक और शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

### धर्म रक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न

**कुरडेग।** प्रखंड के बड़कीबिउरा में धर्म जागरण समन्वय एवं छह धर्म रक्षा समिति के द्वारा संयुक्त रूप से धर्म रक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अघना खड़िया ने अपने धर्म रक्षा दिवस की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती सनातन धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान हुए। वे हम सभी सनातनियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षार्थ वर्तमान पीढ़ी के युवाओं एवं बच्चों को स्मरण करा कर धर्म की रक्षा का भावना जगाना ही धर्म रक्षा दिवस की सार्थकता बताई। उन्होंने कहा कि सभी धर्म रक्षा समिति में साप्ताहिक धर्म सत्संग नियमित रूप से करना चाहिए। कार्यक्रम में त्रिलोचन राम, बलवीर प्रसाद, मनोज साय, रविन्द्र शर्मा, दिलेश्वर राम, अबर साय, घनश्याम राम, दुर्गा वाहिनी, सहित छह धर्म रक्षा समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### नए साल के जश्न को लेकर आज सिमडेगा के सभी पर्यटन स्थलों में रहेगी भीड़

**सिमडेगा।** नववर्ष के स्वागत और पिकनिक की खुमारी जिले में छाने लगी है। नव वर्ष को लेकर सिमडेगा के पिकनिक स्पॉट भी लोगों के स्वागत में बांहें फैलाई खड़ी है। प्रकृति की गोद में बसी सिमडेगा जिला में एक से बढ़ कर एक पिकनिक स्पॉट हैं। जिला मुख्यालय स्थित केलाघाघ डैम, शंख नदी संगम तट, बोलबा स्थित दनगद्दी, ठेठईटांगर प्रखंड स्थित राजाडेरा, घूमरी, बुदाधार, पाकरटांड़ के दोभाया, बसतपूर, कोलेबिरा के भंवर पहाड़ गढ़, बानो का पेरवाघाघ, केरसइ का बुदाधार सहित कई ऐसे पिकनिक स्थल है। जहां सैलानियों की भीड़ उमड़ती है। इन सभी जगहों पर पहाड़ी नदियां चट्टानों से टकराती छोटे बडे.झरने के शोर से बरबस लोगों को आकर्षित कर लेती है। पर्यटन स्थल में सैलानियों की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने भी तैयारी की है। प्रशासन के द्वारा पिकनिक स्पॉट में गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा गश्ती के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। डॉ शीलवन्त एक्का ने कहा कि नव वर्ष के जश्न में शराब को शामिल न करें। शराब का सेवन हमेशा बड़ी दुर्घटना एंव लड़ाई झगड़ा का कारण बनता है। शराब का सेवन कर वाहन चलाने से बचना चाहिए, अपना खुलकर इंजॉय करें।

### हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने घर पहुंचकर दी बधाई

**सिमडेगा।** क्रिसमस के समापन के साथ ही शादी विवाह का दौर शुरू हो गया है। हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में रोज राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विवाह के बंधन में बंध रहे है। सिमडेगा जिला की अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी अलका डुंगडुंग की भी सगाई खूंटी जिला निवासी सेना में कार्यरत जेम्स नाग के साथ हुई। सगाई कार्यक्रम अलका डुंगडुंग के गांव करंगागुड़ी बासेन नवा टोली में संपन्न हुई। उसकी सगाई में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,कमलेश्वर मांझी,करिश्मा परवार, मेजर ध्यानचंद अवार्ड सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग,सोनल मिंज,पूनम बारला, अल्फा केरकेट्टा, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रंजिता मिंज, अल्बिना तिर्की, दिव्य सोरेंग, सीमा कुमारी, प्रिया डुंगडुंग, पुनीता मिंज, रेशमा सोरेंग,अलबेला रानी टोप्पो, अनिमा तिरु, प्रमिला कुमारी, एलिन डुंगडुंग, निक्की कुल्लू, दिप्ती कुल्लू, रोहिता मिंज, राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी विजय लकड़ा सहित कई राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और खेल प्रेमी घर पहुंचकर दोनो को बधाई दी।

### वर्ष 2024 में सिमडेगा पुलिस हुई सख्त घटा है अपराध का आंकड़ा

**सिमडेगा।** जिले में नक्सल संगठन एवं उग्रवादियों के समापन के बाद पुलिस की सख्ती ने अपराध के आंकड़ों में भी कमी लाई है। सिमडेगा में पिछले वर्ष की तुलना में अपराध का ग्राफ घटा है। हालांकि जिले में इस वर्ष भी हत्या तथा दुष्कर्म के मामले लगातार आते रहे। इस वर्ष नवंबर महीने तक 28 हत्याएं हुईं। वहीं पिछले वर्ष जिले भर 37 हत्याएं हुईं थी। पिछले वर्ष दुष्कर्म के 49 केस दर्ज हुए थे। वहीं इस वर्ष जनवरी से लेकर नवंबर तक दुष्कर्म के 48 केस दर्ज किए जा चुके हैं । इसके अलावे जहां एनडीपीएस के मामले में वृद्धि हुइ है। इस वर्ष नवंबर तक 15 केस दर्ज हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष छह केस ही दर्ज हुए थे। गोवंशीय पशु के मामले भी जिले में बढ़े हैं।इस वर्ष 11 महीने में 23 केस दर्ज किए गए, जबकि पिछले साल कुल 14 केस ही दर्ज हुए थे। सड़क दुर्घटना के दृष्टिकोण को देखें तो इसमें कमी आई है। विगत वर्ष सड़क दुर्घटना के 142 केस दर्ज हुए थे। इस बार 11 महीने में 114 केस दर्ज हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह कि कभी घोर उग्रवाद प्रभावित जिले के रूप में पहचान रखने वाले सिमडेगा में नक्सल गतिविधि एवं घटनाओं में काफी कमी आई है। इस वर्ष नवंबर तक 2 केस ही दर्ज हुए हैं। लेकिन पिछले वर्ष 8 केस दर्ज हुए थे। इधर पुलिस की सक्रियता एवं लगातार अभियान से नक्सल गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा है। नहीं तो जिले में कभी ऐसा भी वक्त था तब सुदूर क्षेत्र में नक्सली अपराधी दिन में भी अपने कंधे पर बंदूक लटकाए घुमते थे। हाट-बाजारों में दिन-दहाड़े लूट की घटनाएं होतीं थी। बोलबा, बानो, जलडेगा एवं कोलेबिरा तथा पाकरटांड़ के सीमावर्ती क्षेत्र में आए दिन नक्सली घटनाएं घटतीं थी। उन क्षेत्रों में विकास का काम करना अपने आप में बड़े साहसिक कदम माना जाता था।

# शरारती बच्चों ने खलिहान में लगाई आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के चोंगाखार गांव में शरारती बच्चों द्वारा खलिहान में आग लगाने की घटना सामने आई है। इस आगजनी में चोंगाखार निवासी रामसेवक का खलिहान पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिससे उनकी हजारों की संपत्ति नष्ट हो गई। घटना के समय खलिहान में कोई मौजूद नहीं था। आग लगाकर शरारती बच्चे मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने इस घटना को लेकर गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया है। स्थानीय प्रशासन से मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ित रामसेवक राय ने कहा कि, इस घटना से हमारा बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। खलिहान में रखा अनाज और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। हम गरीब लोग हैं, इतनी बड़ी क्षति को कैसे सहेंगे, समझ नहीं आ रहा। प्रशासन से गुहार है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और हमें मुआवजा दिया जाए।₹ उन्होंने यह भी बताया कि आग लगने के समय परिवार के लोग खेत में काम कर रहे थे, जिस कारण खलिहान में आग तेजी से फैल गई और कुछ भी बचाया नहीं जा सका। रामसेवक राय ने बताया कि खलिहान में आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन समय पर दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक खलिहान में रखा अनाज और अन्य सामान पूरी तरह जल चुका था।

### नव वर्ष पर रितेश खंडेलवाल का अनोखा जश्न

# नव वर्ष पर रक्तदान कर मानवता की सच्ची मिसाल पेश की : चंद्र प्रकाश जैन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जब पूरा देश नव वर्ष के स्वागत में मौज-मस्ती और जश्न के रंग में डूबा हुआ था, उसी समय रितेश खंडेलवाल ने समाज के प्रति अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए 16 वीं बार रक्तदान कर मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश की। उनका यह कदम न केवल एक जरूरतमंद की जान बचाने का माध्यम बना, बल्कि नव वर्ष का स्वागत करने का एक सार्थक और प्रेरणादायक तरीका भी बना, रितेश खण्डेलवाल ने हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के साथ अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में रक्तदान किया। सभी ने उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक आदर्श कदम बताया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की रितेश जैसे युवा हमारे समाज के असली हीरो हैं, जो अपने कार्यों से समाज को नई दिशा देते हैं। रितेश ने नव वर्ष के अवसर पर रक्तदान कर यह साबित किया है कि समाज सेवा ही सच्चा उत्सव है। उनका यह कदम दूसरों की मदद के लिए समर्पण और मानवता के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता को दशार्ता है। जब लोग नए साल का स्वागत धूमधाम और मौज-मस्ती के साथ कर रहे थे, रितेश ने अपनी 16वीं बार रक्तदान कर समाज को एक प्रेरक संदेश दिया है।

## अनियंत्रित टेलर के धक्के से बिजली पोल क्षतिग्रस्त

**बिरनी।** बिरनी प्रखण्ड के दो अलग अलग मुख्यमार्ग माखमरगो से कोडरमा बैको व कोडरमा कोवाड भरकट्टा मुख्यमार्ग पर दो बड़ी वाहन ने बिजली पोल में जोरदार टक्कर मारकर कर ध्वस्त कर दिय । बड़ी घटना से बाल बाल वाहन चालक बचे । बिजली करंट प्रवाहित हो रही थी। घटना बीते सोमवार मध्य रात्रि 12 बजे की बताई जा रही है। असंतुलित अज्ञात वाहन ने बिरनी थाना क्षेत्र के नावाडीह बंगराकला के पास सड़क किनारे लगी सीमेंट का 440 वाल्ट बिजली पोल में जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया । घटना में बिजली का पोल टूटकर सड़क पर गिर गया । दूसरी घटना मंगलवार अहले सुबह करीब तीन बजे कोडरमा कोवाड भरकट्टा मुख्य मार्ग बिरनी के चिक्कनीबाद के पास सड़क किनारे लगी 33 हजार लोहा का पोल में माल वाहक ट्रेलर ने जोरदार ठोकर मारते हुए खेत में जा गिरा ।


## 'जियाडा भवन' नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, लोवाडीह, राँची -834010 (झारखण्ड)

Website-www.jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com
झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र)

पत्रांक –875 दिनांक–30.12.2024

**औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत भूमि आवंटन के लिए आवेदन करने हेतु आम–सूचना**

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र) अन्तर्गत नामकुम, टाटीसिल्वे प्रक्रम–I, तुपुदाना, बरही (हजारीबाग), हजारीबाग, सिल्क पार्क ईरबा, बरहे (चान्हो), सोसई (बुड़मु), लोहरदगा, लोहरदगा (एम0आई0पी0), गुमला (एम0आई0पी0), डाल्टेनगंज (एम0आई0पी0), गरजा (सिमडेगा), पातागाई (घाघरा) एवं झारगांव (चैनपुर) औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थित रिक्त भूखण्डों/शेडों का आवंटन प्राधिकार द्वारा किया जाना है। इन भूखण्डों/शेडों के आवंटन हेतु online आवेदन करने की तिथि दिनांक 02.01.2025 से 18.01.2025 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित अवधि में इच्छुक उद्यमी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु online आवेदन Single Window System की website: www.advantage.jharkhand.gov.in पर कर सकते है।

भूमि का अप्रतिदेय (Non-refundable) प्रोसेसिंग/स्क्रूटनी शुल्क क्रमशः 01(एक) एकड़ हेतु 10,000.00 रूपये, 01(एक) एकड़ से अधिक एवं 03(तीन) एकड़ तक 25,000.00 रूपये, एवं 03(तीन) एकड़ से अधिक भूमि हेतु 50,000.00 रूपये (GST अतिरिक्त) देय होगा। शुल्क का भुगतान online किया जायेगा।

उपरोक्त भूमि का आवंटन as is, where is के आधार पर किया जायेगा तथा तद्नुसार भूमि के रिजर्व प्राइस का निर्धारण किया गया है। रिजर्व प्राइस के अतिरिक्त आवंटी द्वारा अन्य सभी प्रकार के कर देय होंगे।

उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं रिक्त भूखण्डों की सूची www.jiada.co.in तथा रियाडा के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन
ह0/– क्षेत्रीय निदेशक

PR 343279 RIADA (JIADA) (24-25)_D


## साल के अंतिम दिन चोरों ने बड़ी वारदात को दिया अंजाम, दो ज्वेलर्स दुकानों से 30 लाख की चोरी




**गिरिडीह।** साल के अंतिम दिन चोरों ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. 30 दिसंबर की देर रात चोरों ने दो ज्वेलर्स दुकानों में धावा बोलकर करीब 30 लाख रुपए के जेवर ओर नकदी पर हाथ साफ कर दिया. घटना गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र स्थित कोदम्बरी चौक की है. मिली जानकारी के अनुसार देर रात कुछ चोर कोदम्बरी चौक स्थित वंदना ज्वेलर्स और आर एस ज्वेलर्स पहुंचें और यहां लॉक तोड़ शटर उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. इस दौरान चोरों ने वंदना ज्वेलर्स से 20 लाख के अधिक के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया. इस दौरान चोरों ने दुकान का लॉकर,सीसीटीवी कैमरे और फर्नीचर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही सीसीटीवी का डीवीआर भी अपने साथ ले गए. वहीं आर एस ज्वेलर्स में भी चोरों ने धावा बोलकर 6 लाख से अधिक के जेवरातों की चोरी की है. हालांकि चोर यहां का लॉकर नहीं तोड़ सके मगर यहां भी चोरों ने सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर आदि को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही सीसीटीवी का डीवीआर अपने साथ लेगए. वंदना ज्वेलर्स के संचालक सीताराम स्वर्णकार और आर एस ज्वेलर्स के संचालक सुधीर स्वर्णकार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, हिरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल, धनवार थाना प्रभारी नंदन पाल और जमुआ थाना प्रभारी मनीकांत कुमार पुलिस की टेक्निकल टीम के साथ मौके पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है.

### उपायुक्त व सदर विधायक के बीच विकास संबंधी हुई चर्चा

# विकास कार्य में कोई समझौता नहीं होगा : प्रदीप प्रसाद

*सदर विधायक ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिले के समग्र विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर मंगलवार को हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति, जनता की समस्याएं, और उनके निराकरण के संभावित उपायों पर गहन चर्चा की गई। सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना हेतु सदर विधायक ने जिले की सड़क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और नए संपर्क मार्ग बनाने के लिए तेजी से कार्य करने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि सड़क परियोजनाओं के लिए निधि स्वीकृत हो चुकी है और कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य हेतु जिले के सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और छात्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई। सदर विधायक ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। पेयजल समस्या हेतु ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की गई। विधायक ने जल जीवन मिशन और अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की। स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियानों को गति देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी।


## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

कार्यालय आदेश सं० 16/2024–25 दिनांक 31.12.2024

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

दिनांक–20.12.2024 को आयोजित जिला परिषद, खूँटी के बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिशद, खूँटी जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में नवनिर्मित G+2 Halls (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) की बन्दोबस्ती खुली बोली के माध्यम से की जानी है। विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्र० | परिसम्पत्ति का नाम | प्रखण्ड का नाम | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिवर्ष | अग्रधन की राशि प्रति भवन | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नहीं) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | G+2 Hall (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) | तोरपा | 6,816.00 (छः हजार आठ सौ सोलह रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |
| 2 | | रनियां | 6,275.00 (छः हजार दो सौ पचहत्तर रू०) | | | |
| 3 | | कर्रा | 6,492.00 (छः हजार चार सौ बानब्बे रू०) | | | |
| 4 | | मुरहू | 6,492.00 (छः हजार चार सौ बानब्बे रू०) | | | |

उपरोक्त प्रखण्ड में नवनिर्मित G+2 Hall (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) की बन्दोबस्ती हेतु खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक–08.01.2025 को 02:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 08.01.2025 को अपराह्न 03:00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति के प्रोपराइटर/अध्यक्ष/ सचिव/प्राधिकृत बैठक में उपस्थित रह सकते है। बन्दोबस्ती में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 343336 (District) 24-25 (D)


## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति नहीं सेविका करती है केंद्र में आराम



**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के बासोडीह आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितताओं की जानकारी सामने आई है। स्थानीय स्तर पर हुई पड़ताल में पाया गया कि केंद्र में बच्चों की उपस्थिति नहीं थी और सेविका प्रभा कुमारी व पोषण सखी कालो कुमारी ठंड के दिनों में धूप का आनंद ले रही थीं। जब बच्चों की अनुपस्थिति का कारण पूछा गया, तो सेविका ने बताया कि ठंड अधिक होने की वजह से बच्चे नहीं आए। इसके अलावा, सहिया संगीता देवी ने दो दिनों से अपनी हाजिरी दर्ज तो कराई, लेकिन वे केंद्र में उपस्थित नहीं थीं। सेविका और पोषण सखी द्वारा छुट्टी के समय से पहले ही केंद्र बंद करने और हाजिरी दर्ज करने की बात भी सामने आई है। यह मामला आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में लापरवाही को उजागर करता है। संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा है कि इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें, ताकि केंद्रों में बच्चों को सही सुविधाएं और देखभाल सुनिश्चित हो सके।

**क्या कहते हैं सीडीपीओ :** इस मामले में सीडीपीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि अभी छुट्टी में हुई। आते ही केंद्र का जाँच किया जायेगा।

## साल 2024, मनीष जायसवाल के लिए रहा शानदारः विधायक से सांसद का तय हुआ सफर...



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र का दो बार सफल प्रतिनिधित्व करने वाले सदर विधायक मनीष जायसवाल का दायरा और कद 2024 के बढ़ गया। वे विधायक से सांसद बनकर रांची की विधानसभा से देश की राजधानी दिल्ली के सर्वोच्च सदन लोकसभा तक का सफर तय किए। मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बढ़ते दायरे को सम्मान देते हुए और कार्यकर्ता एवं जनता के जनभावना के कद्र करते हुए भाजपा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सीट पर बदलाव करके सदर विधानसभा मनीष जायसवाल को विगत 02 मार्च 2024 को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए का प्रत्याशी घोषित किया। फि र क्या था पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इससे पहले मनीष जायसवाल ने साल 2024 की शुरूआत 254 टीवी मरीजों को गोद लेकर उनके बीच पोषण आहार वितरण के साथ किया। कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए उन्होंने कार्यकर्ता वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया। जन - जरूरतों की पूर्ति की पूर्ति के तहत मुक्तिधाम सेवा संस्थान को एक शव वाहन सौंपा। हजारीबाग में पुलिसिया जुल्म के तहत पुलिस कस्टोडियन में डेथ हुए व्यवसाई स्व.सुनील गुप्ता के मौत मामले में व्यापक आन्दोलन किया। फरवरी 2024 में संगठन के कार्यक्रम गांव चलो अभियान में महत्ती भूमिका निभाई और गांवों की ओर रुख करते हुए अपने पैतृक गांव बड़कागांव के जुगरा में रात्रि विश्राम किया। इस क्रम में मां के अचानक बीमार होने पर अस्पताल का चक्कर भी काटा। विधानसभा के पटल पर एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि के नाते विद्यार्थियों से संबंधित जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले को पुरजोर तरीके से उठाया और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।


## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं० 15/2024–25 दिनांक–31.12.2024

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना (तृतीय आमंत्रण)**

दिनांक 20.12.2024 को आयोजित जिला परिषद, खूँटी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत नवनिर्मित Recreation Park कर्रा की बन्दोबस्ती खुली बोली के माध्यम से किया जाना है। विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्र० | पार्क का नाम | प्रखण्ड का नाम | Recreation Park का क्षेत्रफल | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिवर्ष | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Recreation Park Karra | कर्रा | 29520 sq.ft | 60,000.00 (साठ हजार रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |

उपरोक्त प्रखण्ड में नवनिर्मित Recreation Park कर्रा की बन्दोबस्ती हेतु खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक– 08.01.2025 को 02:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों को दिनांक–08.01.2025 को अपराह्न 03:00 बजे अपराह्ण में गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति के प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव/प्राधिकृत बैठक में उपस्थित रह सकते है। बन्दोबस्ती में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी

PR 343334 District(24-25)#D



## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

**पुनःनामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना**

निदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची जिला के प्रभावी बल के सभी नये एवं पुराने महिला/पुरूष गृह रक्षक, चाहे वे सीधे नामांकित हो अथवा अनुकम्पा के आधार पर, सभी गृह रक्षकों का पुनःनामांकन की कार्यवाई तालिका में अंकित तिथि को की जानी है।

उल्लेखनीय है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय राँची के विभिन्न आदेश / निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के, प्रखण्डवार रिक्ति, मुख्यालय, राँची द्वारा निदेशित विहित प्रपत्र के अनुरूप पंजी का संधारण एवं गृह रक्षकों के भौतिक सत्यापन हेतु पुनःनामांकन किया जाना अनिवार्य है। पुनःनामांकान समिति द्वारा शहरी/ग्रामीण सभी गृह रक्षकों की पुनःनामांकन की तिथि निम्न प्रकार निर्धारित की गई है :–

| क्र0 | गृह रक्षक (शहरी) | पुनःनामांकन की तिथि | पुनः नामांकन स्थल–जिला समादेष्टा कार्यालय, धुर्वा | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–2467 से 3015 तक | 07.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3016 से 3220 तक | 08.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3224 से 3352 तक | 09.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3353 से 3476 तक | 10.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3478 से 3600 तक | 11.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | शहरी पुरूष सैन्य सं0–3600 से 3713 तक | 13.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | शहरी महिला सैन्य सं0–783 से 1022 तक | 15.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 8. | शहरी महिला सैन्य सं0–1023 से 1145 तक | 16.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 9. | शहरी महिला सैन्य सं0–1146 से 1245 तक | 17.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 10. | शहरी महिला सैन्य सं0–1246 से 1284 तक | 18.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| | गामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों का प्रखण्डवार सूची :– | | | |
| 1. | ईटकी, बेड़ो एवं बुढ़मू प्रखण्ड | 20.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 2. | अनगड़ा एवं चान्हों प्रखण्ड | 21.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 3. | काँके एवं ओरमांझी प्रखण्ड | 22.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 4. | तमाड़, नामकोम एवं रातु प्रखण्ड | 24.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 5. | बुण्डु, राहे, सिल्ली एवं सोनाहातु प्रखण्ड | 25.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 6. | माण्डर प्रखण्ड | 27.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |
| 7. | लापुंग प्रखण्ड | 28.01.2025 | सी0टी0आई0, धुर्वा | 10.00 से 17.00 बजे |

उपर्युक्त तालिका में अंकित सभी ग्रामीण एवं शहरी, महिला व पुरूष गृह रक्षक, जो विभिन्न कार्यालयों, आवासीय कार्यालयों, मंत्रालय, विधि–व्यवस्था डियुटी, निदेशालय, सचिवालय, संस्थानों आदि में कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त एवं निजी कारण से घर पर बैठे सभी गृह रक्षक, पुनःनामांकन समिति द्वारा निर्धारित तिथि को ससमय निम्नांकित दस्तावेज के साथ भौतिक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। यदि आप निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर आप पुनःनामांकन प्रक्रिया से वंचित रह जायेगें और आपको प्रभावित बल की सूची से बाहर कर दिया जायेगा, अर्थात् पुनःनामांकन (बॉण्ड) नहीं भरने की स्थिति में आप गृह रक्षक नहीं माने जायेगें साथ ही आपके आवेदन पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें :–

1. 02 (दो) न्यू पासपोर्ट साईज कलर फोटो (वर्दी सहित)।
2. गृह रक्षक होने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, जिसमें जन्म–तिथि अंकित हो, की छायाप्रति।
4. आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) की छायाप्रति।
5. आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
6. पिछले दो कैलेण्डर वर्ष, अर्थात् वर्ष–2023 एवं 2024 में किये गये डियुटी की कमान की अलग–अलग छायाप्रति।

**नोटः**–सभी गृह रक्षकों को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण–पत्र निर्धारित तिथि को साथ में लायेगें। साथ ही निर्धारित तिथि को जिन–जिन गृह रक्षकों का पुनःनामांकन किया जाना है, केवल वही गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में कार्यालय में उपस्थित होगें, अनावश्यक रूप से कोई भी गृह रक्षक कार्यालय में प्रवेश नहीं करेगें। पूर्ण वर्दी में उपस्थित नहीं होने पर आपके पुनःनामांकन पर कोई पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

PR 343328 (Police) 24-25 (D)



## जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद, रामगढ़

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RE-01, 08/2024-25
PR. No - 342230

1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.01.2025 एवं 07.01.2025 को कार्यालय अवधि तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 09.01.2025 को कार्यालय अवधि तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 10.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.01.2025 को 03:30 बजे अपराह्न ।
8. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी : –

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रामगढ़ | वार्ड नं 06 | दिप नगर कैलाश महतो के घर से स्वामी नाथ प्रसाद के घर तक पी०सी०सी० पथ एवं नाली निर्माण। | 37,93,800.00 | 76,000.00 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 2 | रामगढ़ | वाई नं 06 | दिप नगर चन्द्र सिन्हा के घर से बिनोद शर्मा के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 22,41,800.00 | 45,000.00 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |

10. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9801557645
11. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
12. परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ आचरण प्रमाण पत्र एवं निबंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा ।
14. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 343287 District (24-25)_D

## संपादकीय

# नए साल में कुछ नया करें

आज एक नए साल की शुरूआत हो रही है। कोई आवश्यक नहीं कि हम धूम धाम करें परंतु यह विचार करें कि यह समय है हम सभी के लिए नई उम्मीदों, नई योजनाओं और नई ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर कदम बढ़ाने का। पिछला साल चाहे जैसा भी रहा हो, उसकी गलतियों और असफलताओं को एक सीख के रूप में अपनाकर हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए। अतीत को पीछे छोड़कर, नए अवसरों का स्वागत करना ही सही दृष्टिकोण है। हर बार नया साल हमें एक नई शुरूआत करने का अवसर देता है। यह समय है खुद को बेहतर बनाने का उन लक्ष्यों को हासिल करने का जिनकी हमने पहले कभी कल्पना की थी। हालांकि, यह जरूरी है कि हम अतीत की गलतियों से सबक लें, लेकिन उन पर अटक कर न रहें। इस दुर्लभ दिन को एक अवसर समझकर हम कुछ प्रेरणादायक विचारों को अपना मार्गदर्शक बना सकते हैं। महापुरुषों के कथन न केवल हमें प्रेरणा देते हैं, बल्कि हमारे भीतर सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। आप इन प्रेरणादायक विचारों को अपने दोस्तों और प्रियजनों के साथ भी साझा कर सकते हैं और उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दे सकते हैं। आइए, इस नए साल को एक नई शुरूआत के रूप में स्वीकार करें और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर सफलता की ओर अग्रसर हों। कहते हैं संगति गुणे दोषः यानी संगति से गुण या दोष आते हैं। हम सुखद जीवन के लिए अपनी संगति तो सुधार ही सकते हैं। कबीर संगत साधु की नित प्रति कीजै जाय ।

**दुरमति दूर बहावासी, देशी सुमति बताय**

बचपन में हमसे अपने घर में यदि कोई अवांछित हरकतें होतीं तो हमें कोसने के साथ साथ हमारी संगति को भी बखाना जाता। गुस्से में कहा जाता- इनकी संगति ही खराब है। किसके संग रह कर सिखा यह सब? यहां तक कि हमारी सखी-सहेलियों की जात-बिरादरी और पुश्तें गिनवा दी जातीं। तब से ही ये बात दिमाग में घर कर गई थी कि संगति का बड़ा गहरा असर पड़ता होगा जीवन में। तभी तो बड़े हमेशा संगति पर नजर रखते हैं। आज इसी संगति का असर, पूरी दुनिया में अपना असर दिखा रहा है। और कोरोना में तो और भी ज्यादा। अब तो साथ रह कर भी दूर -दूर रहने को मजबूर हम आज इस संगति विषय पर ही बात करते हैं क्योंकि मनुष्य जीवन की उन्नति संगति से ही होती है। संगति से उसका स्वभाव परिवर्तित हो जाता है। संगति ही उसे नया जन्म देता है। जैसे, कचरे में चल रही चींटी यदि गुलाब के फूल तक पहुंच जाए तो वह देवताओं के मुकुट तक भी पहुंच जाती है। ऐसे ही महापुरुषों के संग से नीच व्यक्ति भी उत्तम गति को पा लेता है।

**तुलसीदास जी ने कहा है**

जाहि बड़ाई चाहिए, तजे न उत्तम साथ। ज्यों पलास संग पान के, पहुंचे राजा हाथ।।

जैसे, पलाश के फूल में सुगंध नहीं होने से उसे कोई पूछता नहीं है, परंतु वह भी जब पान का संग करता है तो राजा के हाथ तक भी पहुंच जाता है। इसी प्रकार जो उन्नति करना चाहता हो उसे महापुरुषों का संग करना चाहिए।

- कबीर संगति साधु की, निष्फल कभी न होय।
ऐसी चंदन वासना, नीम न कहसी कोय।

संतों की संगत कभी निष्फल नहीं होती। मलयगिर की सुगंधी उड़कर लगने से नीम भी चन्दन हो जाता है, फिर उसे कभी कोई नीम नहीं कहता।

- एक घड़ी आधी घड़ी, आधी में पुनि आध।
कबीर संगत साधु की, कटै कोटि अपराध

एक पल आधा पल या आधे का भी आधा पल ही संतों की अच्छी संगत करने से मन के करोडों दोष मिट जाते हैं।

# 2024 की साइबर चुनौतियां और 2025 का सुरक्षा संकल्प

साल 2024 ने साइबर सुरक्षा के महत्व को गहराई से उजागर किया। साइबर अपराधों में वृद्धि ने यह स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल युग में सतर्कता और सावधानी हमारी प्राथमिक सुरक्षा कवच हैं। ये घटनाएँ केवल चेतावनी मात्र नहीं थीं, बल्कि यह समझाने वाली थीं कि सतर्कता और सावधानी ही हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा है। एक साधारण-सी भूल हमारे जीवन में भारी संकट ला सकती है। यह वर्ष हमें यह सिखाने वाला भी था कि डिजिटल सुरक्षा केवल तकनीकी उपायों तक सीमित नहीं है, यह हमारे डिजिटल व्यवहार और आदतों में अनुशासन और सतर्कता का समावेश भी है। 2024 ने हमें दिखाया कि एक छोटी सी सतर्कता हमारे व्यक्तिगत डेटा, वित्तीय जानकारी और सम्मान की रक्षा कर सकती है। अब समय आ गया है कि 2025 को एक नई शुरूआत के रूप में लिया जाए। हमें 2024 की सीखों को अपनी आदतों में ढालना होगा और एक सुरक्षित डिजिटल भविष्य की नींव रखनी होगी। 2024 की चुनौतियों ने हमें जो सबक सिखाए, उन्हें 2025 के लिए मजबूत संकल्पों में बदलना हमारा उद्देश्य होना चाहिए, जो हमें साइबर अपराध से सुरक्षित रखेंगे। हर सुझाव को जीवन में लागू करके हम खुद को और अपने समाज को इन खतरों से बचा सकते हैं।



## 2025 के लिए डिजिटल सुरक्षा के 25 अहम सुझाव

**ओटीपी साझा नहीं करेंगे :** ओटीपी, हमारे ऑनलाइन खातों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे किसी के साथ साझा न करना आपका पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी संदिग्ध कॉल, ईमेल, या मैसेज में ओटीपी की मांग हो तो इसे अनदेखा करें। ऑथेंटिकेशन ऐप का उपयोग करें, जो ओटीपी के साथ एक अतिरिक्त सुरक्षा लेयर प्रदान करता है।

**अनजान नंबर से वीडियो कॉल स्वीकार नहीं करेंगे :** साल 2024 में सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों ने यह सिखाया कि अनजान नंबर से आने वाले कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। अनजान कॉल्स को ब्लॉक करना और पुलिस को रिपोर्ट करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ट्रूकॉलर जैसे ऐप अनजान नंबर की पहचान में सहायक हो सकते हैं।

**जॉब फिशिंग से बचेंगे :** जॉब फिशिंग में अपराधी बड़ी कंपनियों के नाम पर नकली नौकरी प्रस्ताव देकर निजी जानकारी चुराते हैं। ऐसे ऑफर को स्वीकार करने से पहले हमेशा जॉब का स्रोत और ऑफर की प्रमाणिकता को जांचें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और केवल अधिकृत वेबसाइट पर ही लॉगिन करें।

**डिजिटल अरेस्ट के झूठे दावों से सतर्क रहेंगे :** साइबर अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी बताकर धमकाते हैं और धन उगाही करते हैं। ऐसे कॉल्स पर ध्यान न दें और परिवार या वकील से तुरंत संपर्क करें। किसी भी संदेहास्पद स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करें।

**बिजली/गैस कनेक्शन कटने के झूठे संदेशों पर भरोसा नहीं करेंगे :** ऐसे संदेश जो बिजली या गैस कनेक्शन कटने की धमकी देते हैं, केवल फ्रॉड का हिस्सा हैं। हमेशा आधिकारिक हेल्पलाइन पर संपर्क करें और दिए गए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। बिजली विभाग के लिए 1912, और गैस कनेक्शन के लिए 1800-233-3555 पर कॉल करें।

**एआई वॉयस क्लोनिंग से बचाव करेंगे :** आजकल एआई की मदद से आवाज की हूबहू नकल संभव है। ऐसी किसी भी कॉल पर सावधान रहें जहां आपसे निजी जानकारी मांगी जाती हो। हमेशा सत्यापन के लिए अतिरिक्त सवाल पूछें।

**सोशल मीडिया प्रोफाइल को निजी रखेंगे :** सोशल मीडिया पर अधिक जानकारी साझा करना जोखिम भरा हो सकता है। अपने प्रोफाइल को निजी रखें और केवल करीबी लोगों के साथ जानकारी साझा करें।

**गूगल पर 'कस्टमर केयर' सर्च नहीं करेंगे :** गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करना असुरक्षित हो सकता है। हमेशा आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त करें।

**फर्जी निवेश ऑफर्स को अनदेखा करेंगे (नकारेंगे) :** सोशल मीडिया पर उपलब्ध आकर्षक निवेश योजनाओं से बचें। फर्जी ऐप्स और गारंटीड रिटर्न के झूठे वादों पर भरोसा न करें। सेबी हेल्पलाइन 1800-22-7575 का उपयोग करें।

**क्रिप्टोकरेंसी निवेश में सतर्क रहेंगे :** क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते समय केवल प्रमाणित प्लेटफॉर्म का उपयोग करें। अनजान व्यक्तियों या समूहों की सलाह से बचें।

**संदिग्ध ईमेल व फिशिंग लिंक से सतर्क रहेंगे :** संदिग्ध ईमेल्स के लिंक या अटैचमेंट खोलने से बचें। किसी भी वेबसाइट पर लॉगिन करने से पहले उसकी प्रमाणिकता जांचें।

**मोबाइल ऐप्स डाउनलोड करते समय सतर्क रहेंगे :** केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें। किसी भी अनजान ऐप को अपने डिवाइस में इंस्टॉल न करें।

**सार्वजनिक (पब्लिक) वाई-फाई का सीमित उपयोग करेंगे :** पब्लिक वाई-फाई पर बैंकिंग और अन्य संवेदनशील कार्य न करें। वीपीएन का उपयोग करना सुरक्षा के लिए लाभदायक हो सकता

**साइबर बीमा और साइबर क्राइम रिपोर्टिंग को प्राथमिकता देंगे :** साइबर बीमा जैसी सेवाओं का लाभ उठाएं, जो साइबर हमलों के नुकसान को कम करने में मददगार हो सकती हैं। संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन (1930) या नेशनल साइबर पोर्टल (cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज करें।

**फर्जी लॉटरी और स्कीम से बचेंगे :** आपने लॉटरी जीती है जैसे संदेशों पर ध्यान न दें। यह फ्रॉड का हिस्सा हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### आज की बात



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'
बड़वानी (म.प्र.)

## देश की बात

# अगली श्रेणी के स्वप्निल बजट की आवश्यकता



शशांक भारद्वाज
वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक
चॉइस ब्रोकिंग

भारतीय शेयर मार्केट एक बड़े तथा महत्वपूर्ण द्वंद में फंसे हुए हैं। प्रयास कर रहे कि तेज हो,पुनः तेजी आए परंतु कोई उछाल आ भी रहा तो टिक नहीं पा रहें हैं,किसी भी दिन विशेष बड़ी निर्णायक बढ़त पर बंद नहीं हो पा रहें हैं।ऊपरी ऐतिहासिक स्तरों से नीचे भावों पर हैं परंतु मैक्रो स्तर जैसे मार्केट पूंजीकरण तथा जीडीपी अनुपात पर, पीई अनुपात पर महंगे भी हैं। इसलिए खरीदारी भी आती है परंतु उछाल पर बिकवाली भी आ जाती है। ऐसे में यदि अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन को न्यायोचित ठहराने के पक्ष में अवधारणा बनती है तभी वर्तमान स्तरों से बड़ी तेजी देखी जा सकती है। इसमें विदेशी निवेशकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वो यदि क्रय के मनोभाव में आते हैं तभी एक बड़ी अच्छी तेजी देखी जा सकती है।अभी तो वो विक्रेता ही हैं। पिछले सप्ताह भी उन्होंने 6324 हजार करोड़ रुपए के शेयर नकद संभाग में बेचे। किन्तु एक परिवर्तन रहा। स्टॉक फ्यूचर में उन्होंने पिछले सप्ताह के सभी चारों सत्रों में क्रय किया तथा कुल 12881 करोड़ रूपए की खरीद की। यह उनके नकद संभाग में विक्रय से दुगना क्रय था। इसका संकेत यह है कि एफआईआई सट्टा के सौदों में अपने मंदी के सौदे काट रहें हैं।अर्थात उन्हें सामान्य परिस्थितियों में मार्केट में इन स्तरों से बहुत बड़ी गिरावट नहीं लगती। परंतु बड़ी तेजी के लिए एफआईआई की नकद संभाग में भी खरीद आनी चाहिए। अमेरिकी शेयर मार्केट में पिछले सप्ताह पुनः उछाल देखने मिला तथा डाउ 650 अंक चढ़ा।यहां भी प्रतीक्षा करनी होगी कि अगले कुछ दिन डाउ की दिशा क्या रहती है। डॉलर इंडेक्स 107.79 है। इसमें उल्लेखनीय कमी नहीं आ रही। यह इमर्जिंग शेयर मार्केट के लिए नकारात्मक ही है। वैश्विक तथा भारतीय कोष प्रबंधकों के पास अच्छी नकदी है परंतु उन्हें विश्वास होना चाहिए, बनना चाहिए न कि मार्केट उचित मूल्यांकन पर हैं, तभी वो आक्रामक क्रेता बनेंगे। ऐसा तभी होगा जब अर्थव्यवस्था में पुनः सकारात्मक वृद्धि दर दिखेगी, कंपनियों के लाभ में अच्छी वृद्धि देखेगी। जो कंपनियां लाभ के मोर्चे पर अच्छा कर रही अथवा जिनमें कोई विशेष सकारात्मक बात आई है, उन कंपनियों में ही निवेश करना चाहिए। अभी बहुत चूजी होने की आवश्यकता है। ब्रेंट क्रूड 73.79 डॉलर प्रति बैरल है। बहुत दीर्घ अवधि के भाव के निवेशक अच्छे फंडामेंटल के शेयर इक्कठा करना प्रारंभ कर सकते हैं परंतु अत्यधिक मूल्यांकन के आशा शेयरों, होप शेयरों में अधिक निवेश नहीं करना उचित प्रतीत होता है। 1 फरवरी को भारत सरकार का बजट प्रस्तुत होगा। धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था को ले कर यह बजट बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। सरकार को बहुत संतुलन साधना होगा। ब्याज दरों में आक्रामक कटौती का समय आ गया है। भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# सशक्त भारत के लिए सुशासन की आवश्यकता



गिरीश्वर मिश्र

स्वतंत्रता पाने के तीन चौथाई सदी बीतने के बाद आज भारत संभावनाओं का एक आकर्षक परिदृश्य प्रस्तुत करता है, जो अपनी अनूठी चुनौतियों और अपार अवसरों दोनों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करता है। आज 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ, भारत अपने इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। आगे के समय में भारत की आर्थिक प्रगति वर्तमान सुधारों, तकनीकी प्रगति और जनसांख्यिकीय बदलावों से काफी प्रभावित होगी। ऐसा अनुमान है कि 2025 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो मुख्यतः एक बड़े आकार वाले , युवा कार्यबल, बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू खपत से प्रेरित है।यहाँ यह ध्यान रखने की बात है कि भारत केवल विकास नहीं बल्कि समावेशी विकास चाहता है जो लाखों लोगों को गरीबी और असमानता से मुक्ति दिला सके। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और फिनटेक के संतोषदायी अनुभव से प्रोत्साहित होकर भारत का डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। देश डिजिटल साक्षरता, बुनियादी ढांचे और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करके तकनीकी सेवाओं, ई-व्यापार, कृत्रिम मेधा और डेटा विज्ञान में वैश्विक नेता बनने का लक्ष्य बना रहा है। उभरती प्रवृत्तियों को देखते हुए यह लग रहा है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत अपने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बदलते परिवेश में, भारत विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटरगाड़ी (ऑटोमोटिव) व औषधीय (फार्मास्युटिकल) क्षेत्रों में एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर सकता है। दरअसल औद्योगिकीकरण और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की हमारी क्षमता ही आर्थिक मामलों में हमारी प्रगति को निश्चित करेगी। देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनना है, क्योंकि यह हरित प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ व्यवस्थाओं के अनुकूल है। आज भारत कृत्रिम बुद्धि (एआई) और डेटा एनालिटिक्स से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक कई तकनीकी क्रांतियों में अग्रणी रहने की स्थिति में है। भारत का तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2025 तक देश एआई, मशीन लर्निंग और ऑटोमेशन तकनीकों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे कृषि और स्वास्थ्य सेवा से लेकर शहरी नियोजन और शिक्षा आदि को लाभ पहुँचेगा। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा पा रही है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**जब मृत्यु अमरता के द्वारों को खोलेगी और मैं दुःख के कारागारों से मुक्त हो जाऊँगा। मेरे लिए क्रन्दन मत करना, आप पर, जो इस निर्जन किनारे पर अभी और शोक एवं विलाप करने के लिए पीछे रह गए हो, मुझे ही दया आती है।**

# मृत्यु को समझना



श्री श्री परमहंस योगानंद

मृत्यु उपरान्त जीवन कितना गौरवपूर्ण है! आपको अब इस हड्डियों की पुरानी गठरी को इसकी सब परेशानियों के साथ, नहीं ढोना पड़ेगा। शारीरिक सीमितताओं से अबाधित, आप सूक्ष्म स्वर्ग में मुक्त होंगे। एक बार मैंनें मरते हुए उस युवक के बारे में लिखा जिसकी मानस झाँकी मैंने देखी, जिसमें ईश्वर ने मुझे मृत्यु के प्रति उचित दृष्टिकोण को दिखाया था। युवक बिस्तर पर पड़ा था और उसके चिकित्सकों ने उसे बताया था कि उसके जीवन का केवल एक ही दिन शेष है। उसने उत्तर दिया, मेरे प्रियतम प्रभु के पास पहुँचने में एक दिन है! जब मृत्यु अमरता के द्वारों को खोलेगी और मैं दुःख के कारागारों से मुक्त हो जाऊँगा। मेरे लिए क्रन्दन मत करना, आप पर, जो इस निर्जन किनारे पर अभी और शोक एवं विलाप करने के लिए पीछे रह गए हो, मुझे ही दया आती है। आप मेरे लिए दुःख के आँसू बहाते हैं, मेरे जाने में अपनी हानि के लिए रो रहे हैं; परन्तु मैं आपके लिए प्रसन्नता के आँसू रोता हूँ, क्योंकि आपकी भलाई के लिए मैं आपसे पहले जा रहा हूँ, ताकि सारे मार्ग पर ज्ञान के दीप जला कर रखूँ। और मैं वहाँ पर आपका स्वागत करने के लिए प्रतीक्षा करूँगा जहाँ पर मैं अपने और आपके एकमात्र प्रियतम प्रभु के साथ रहूँगा। हे प्रियजनों! मेरे हर्ष में आनन्द मनाओ! आप नहीं जानते आपके साथ इस संसार में क्या होने जा रहा है; आपको जीवित रहना और चिन्ता करते रहना होगा।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**विक्रम से बैताल ने, पूछा वही सवाल।**
**बदल जायगा क्या बता, आने वाले साल।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# समूचे विश्व ने वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले भारत की सराहना की

वैश्विक परिदृश्यव में भारत का उदय न केवल परिवर्तनकारी रहा है, अपितु दुनिया भर के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और वैश्विक संस्थानों ने भी व्यापक रूप से उसको सराहा है। यह एक दशक के अथक प्रयास, रणनीतिक योजना और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व के मार्गदर्शन में भारत ने वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। वर्ष 2024 में, हम विकास के साधन, तकनीकी नवोन्मेषक और स्थिरता में अग्रणी के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को समूचे विश्वन द्वारा तेजी से स्वीकारे जाने के साक्षी बनें। दुनिया भर के विशेषज्ञों, शीर्ष उद्योगपतियों और संगठनों ने देश की उपलब्धियों को लगातार रेखांकित किया है। कामयाबी का यह परचम केवल वर्ष 2024 में ही दृष्टिगोचर नहीं हुआ, अपितु बीते वर्षों में भी वैश्विक बयानों में प्रतिध्व नित होता रहा है। उदाहरण के लिए, वर्ष 2021 में, फर्स्ट सोलर के सीईओ मार्क विडमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के संबंध में प्रत्ये क देश को भारत द्वारा उठाए गए कदमों का अनुसरण करना चाहिए1, वर्ष 2017 में जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से बहुत सुग्राही हैं, वह स्पमष्ट वादी हैं, वह बहुत स्मार्ट हैं,2 वर्ष 2023 में हसन अल्लाम होल्डिंग्स के सीईओ हसन अल्लाम ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के निजी क्षेत्र, विशेषकर बुनियादी ढांचे, इंजीनियरिंग, विनिर्माण के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। यह दशार्ता है कि त्वशरित गति से हो रही भारत की प्रगति और प्रधानमंत्री के नेतृत्व को वैश्विक विशेषज्ञ और प्रमुख उद्योगपति लगातार रेखांकित करते आए हैं। साथ ही ये मत इस वैश्विक सर्वसम्मुति को दशार्ते हैं : प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल तेजी से प्रगति कर रहा है, बल्कि बाकी दुनिया के लिए अनुकरणीय मानक भी स्थापित कर रहा है।

**भारत और भारत की प्रगति के संबंध में वक्तव्य**

सुजुकी मोटर्स के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा, पिछले 10 वर्षों में, विनिर्माण उद्योगों के प्रति प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व और निरंतर समर्थन की वजह से भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में लगातार विस्तार हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बन गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के प्रगतिशील दृष्टिकोण और भारत के विकास की बदौलत यह उजागर हुआ कि प्रगति हासिल करने में शासन और दूरदर्शिता कैसे कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं।

डब्यूसे ईएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने भारत की प्रगति के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा, हमें लगता है कि आने वाले दशक में हम 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के बारे में बात कर सकते हैं, कम से कम आने वाले दो दशकों में। उन्होंने भारत की समृद्ध होती डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के बढ़ते निर्यात को रेखांकित करते हुए कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और सेवाओं के निर्यात की बदौलत भारत सबसे अग्रणी रहा है। यह भारत के लिए बहुत उत्कृष्ट स्थिति है। भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के प्रति काफी दिलचस्पी् है।

प्रौद्योगिकी और वित्तीय क्षेत्र से संबंधित अग्रणी हस्तियों ने भी भारत की प्रगति को स्वी्कार किया है। मास्टरकार्ड में प्रेसिडेंट, इंटरनेशनल मार्केट्स, लिंग हाई प्रगति के मार्ग पर अग्रसर भारत के छोटे और मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र पर आधारित भारत की विकास गाथा को लेकर आशान्वित हैं, क्योंकि सरकार डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन के संबंध में अपने प्रयासों को दोगुना कर रही है। उन्होंने कहा, यदि आप जनसांख्यिकी, मुद्रास्फीति में कमी, खर्च करने की क्षमता, निर्यात, सेवा क्षेत्र जैसे बुनियादी पहलुओं को देखें, तो भारत के लिए बहुत सी चीजें मजबूत हो रही हैं।

**सेल्सफोर्स के सीईओ मार्क बेनिओफ :** दुनिया 'भारतीय युग' की ओर बढ़ रही है व यह देश रोमांचकारी अवसर प्रस्तुत करता है। आप जानते हैं कि यह बहुत ही रोमांचकारी अवसर है।

**गिटहब के सीईओ थॉमस डोमके :** जब मैं अतीत और वर्तमान के भारत की तुलना करता हूं, तो अविश्वसनीय ऊर्जा दिखाई देती है, वह आगे बढ़ रहा है व विकसित हो रहा है। तब मेट्रो नहीं थी, और अब हमारे पास कई लाइनें हैं। हवाई अड्डा अद्भुत, आधुनिक और साफ-सुथरा है। मुझे लगता है कि सॉफ्टवेयर उद्योग में जो हो रहा है यह उसका भी प्रतिबिंब है। भारत में पहले से ही बड़ी संख्या में सॉफ्टवेयर डेवलपर मौजूद हैं।

**जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन:** उन्होंने यह अद्भुत चलन शुरू किया है, जहां हर नागरिक को हाथ, आंख की पुतली या उंगली से पहचाना जाता है। उन्होंने 700 मिलियन लोगों के लिए बैंक खाते खोले हैं, और भुगतान सुचारू रूप से संसाधित हो रहे हैं। उनकी शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचा शानदार है, एक न्यायप्रिय और सख्त व्यंक्ति की बदौलत समूचा राष्ट्रे उन्न ति के पथ पर अग्रसर है।

**कैष्श ग्रुप के अध्यकक्ष और ग्लोबल सीईओ जॉर्ज कैष्श :** भारत अब बहुत अच्छा काम कर रहा है, और हम बाजार में प्रवेश करने के लिए उत्सुक हैं। हमने कई साल पहले कोशिश की थी और हम उतने सफल नहीं हुए थे, लेकिन इस बार हमें लगता है कि यह सही भागीदारों के साथ सही समय है।

एस4 कैपिटल के एक्जीहक्यूएटिव चेयरमैन मार्टिन सोरेल ने प्रधानमंत्री द्वारा ग्लोशबल लीडर के रूप में भारत की ब्रांडिंग किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ब्रांडिंग और देशों की ब्रांडिंग करने के मामले में माहिर हैं। भारत को स्थापित करने की दिशा में उन्होंने शानदार काम किया है।

**(पीआईबी से सभार)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं से उचित व्यवहार के लिए दे रहा प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

● इनमें 600 नाविक, 600 वेंडर, 1000 गाइड, 2000 टैक्सी व ई-रिक्शा ड्राइवर शामिल

प्रयागराज। महाकुंभ का काउंटडाउन शुरू हो गया है। सो उसकी तैयारियां भी उसी हिसाब से युद्ध स्तर पर हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए अनेक उपक्रम हो रहे हैं। पर्यटन विभाग द्वारा शहर का भ्रमण कराने वाले गाइड, टैक्सी चालकों, वेंडर्स व नाविकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि, वे यहां वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं का इलाहाबादी मेहमाननवाजी कर सकें, जिसमें धार्मिक व श्रद्धा का भाव भी हो। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को शहर के अलग-अलग टूरिस्ट प्वाइंट के बारे में जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षु गाइड्स को किसी टूरिस्ट प्वाइंट की क्या विशेषता है, यह बताने के लिए इसके बारे में कहानी कैसे कही जाए, इसका भी प्रशिक्षण दिया जाता है। सरकार उन्हें सिखा रही है कि हर टूरिस्ट स्पॉट के पौराणिक, ऐतिहासिक व धार्मिक विशेषताओं के बारे में कुछ और जानकारी कैसे जोड़ी जाए और उन्हें नए तरीके से कैसे पेश किया जाए। इसमें यह भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि यदि किसी पर्यटक की तबीयत बिगड़ जाती है, तो कैसे उसे प्राथमिक उपचार देना है। इसी तरह टैक्सी चलाने वालों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें डिजिटल पेमेंट के बारे में बताया-सिखाया जा रहा है। प्लास्टिक मुक्त कुंभ के संकल्प के बारे में टैक्सी चालकों व रिक्शा चालकों को बताया जा रहा है, जिससे वे अपने टैक्सी या रिक्शा में बैठने वाले पर्यटक को यह बता सकें कि यह कुंभ प्लास्टिक मुक्त कुंभ है। इसलिए पर्यटक कहीं पर भी प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करें। इन सबके साथ ही टैक्सी व रिक्शा ड्राइवर्स को ट्रैफिक नियमों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इसी तरह की ट्रेनिंग का कार्यक्रम नाविकों और मेला क्षेत्र के वेंडर्स के लिए भी चलाया जा रहा है। पर्यटन विभाग अलग-अलग श्रेणियों में कुल 4200 लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है, जिनमें 600 नाविक, 600 वेंडर, 1000 गाइड व 2000 टैक्सी तथा ई-रिक्शा ड्राइवर शामिल हैं।


महाकुंभ काउंटडाउन

शहर के अलग-अलग पर्यटन स्थलों का भी कायाकल्प करने का कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में है। पर्यटन विभाग की ओर से कई मंदिरों में विकास के कार्य के साथ सौंदर्यीकरण का भी कार्य किया गया है। भारद्वाज आश्रम के कॉरिडोर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। यहां पर भी सौंदर्यीकरण के कार्यों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। आलोप शंकरी मंदिर, पांडेश्वर महादेव, मनकामेश्वर मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर में भी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर किया गया है। उम्मीद है कुंभ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## सनातन धर्म की अलख जगाने प्रयागराज महाकुंभ आ रही है पवित्र छड़ी यात्रा

**महाकुंभनगर।** प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालु सनातन की अलख जगाने निकली पवित्र छड़ी का भी दर्शन कर सकेंगे। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के सैकड़ों महात्मा इस पवित्र छड़ी को लेकर प्रयागराज पहुंच रहे हैं। हरिद्वार से यह पावन छड़ी यात्रा शुरू हो चुकी है। छड़ी यात्रा की अगुवाई प्रयागराज महाकुंभ में आवाहन अखाड़े के दादा जी धुनी वाले श्री महंत गोपाल गिरी कर रहे हैं। उनका कहना है कि अखाड़े के निर्देशानुसार छड़ी के चार श्री महंत चुने गए हैं जो उनके साथ चल रहे हैं। आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था भी साथ है। यह पवित्र छड़ी यात्रा 1 जनवरी को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेगी, जहां विभिन्न स्थानों पर इस यात्रा का अखाड़ों के साधु संत और श्रद्धालु स्वागत करेंगे। इस छड़ी यात्रा की शुरुआत के इस साल 1220 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा की अगुवाई कर रहे आवाहन अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी का कहना है कि आदिगुरु शंकराचार्य जी के नेतृत्व में आज से 1220 वर्ष पूर्व अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी के 550 महात्माओं और श्री महंत द्वारा भारत के सनातन धर्म के मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए यह छड़ी यात्रा शुरू की गई थी। इस बार प्रयाग महाकुंभ में अखाड़ा श्री शंभू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी को 1478 वर्ष हो रहे हैं और 2025 में आवाहन अखाड़ा 123वां महाकुंभ स्नान करने जा रहा है।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिरडी पहुंचकर किए साईं बाबा के दर्शन

एजेंसी। शिरडी



देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को शिरडी में साईं बाबा के दर्शन किए। कोविंद ने साईं मंदिर में पूजा अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत भी की। दर्शन के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने मीडिया से बातचीत में कहा, "नया साल आ रहा है और मैं इसे अपने सौभाग्य के रूप में मानता हूं कि नव वर्ष के पहले दिन मुझे बाबा के दर्शन करने का अवसर मिला। मैंने बाबा से ना सिर्फ देशवासियों, बल्कि पूरी मानवता के लिए सुख, शांति, और समृद्धि की कामना की। वर्तमान में दुनिया और हमारा देश कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और मैंने बाबा से उन चुनौतियों का समाधान मांगा। उन्होंने आगे कहा, "उम्मीद है कि वर्ष 2025 सभी के लिए खुशहाल और समृद्ध होगा। इसके साथ ही, तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर भी मैं आशीर्वाद चाहता हूं, ताकि यह सरकार देश के हित में और लोगों की भलाई के लिए काम कर सके।" नए साल पर देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालु जुटते हैं। पूरा वर्ष सुखमय हो भगवान का आशीर्वाद बना रहे इसी सोच के साथ मंदिरों और पूजा स्थलों में जाते हैं। शिरडी में भी देश भर से भक्तगण जुटते हैं। उत्तर प्रदेश के काशी से भी कई श्रद्धालु पहुंचे। कुछ पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से भी मिले। इस मुलाकात को उन्होंने अविश्वसनीय बताया।

### तेजस्वी के बयान पर सांसद देवेश चंद्र ठाकुर का तंज, कहा-

# राजद के लिए भी जदयू का दरवाजा बंद

एजेंसी। पटना



बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए राजद के दरवाजे बंद' के बयान पर जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद के लिये भी जदयू के दरवाजे बंद हैं। जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने मंगलवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर पत्रकारों से बात की। ठाकुर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे पर कहा कि मुख्यमंत्री का तो आना-जाना लगा रहता है इसमें कोई राजनीतिक बात नहीं है।बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने के मुद्दे से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, "निश्चित तौर पर सरकार ने संज्ञान लिया है। मुख्य सचिव ने खुद अभ्यर्थियों से बात की। उनसे बड़ा पदाधिकारी सरकार में कोई नहीं होता है। अब इंतजार करना चाहिए, कोई न कोई रास्ता जरूर निकलेगा। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग नहीं माने जाने की स्थिति में दो जनवरी से धरना पर बैठने की चेतावनी से जुड़े प्रश्न पर जदयू सांसद ठाकुर ने कहा कि उनको जो करना है करें। उन पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। सरकार अपना काम कर रही है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नीतीश कुमार के लिए राजद के दरवाजा बंद होने के बयान पर उन्होंने कहा कि जदयू का दरवाजा भी राष्ट्रीय जनता दल के लिए बंद है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के महागठबंधन में आने की संभावनाओं पर विराम लगा दिया। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए राजद और महागठबंधन के दरवाजे पूरी तरह बंद हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ सरकार चलाना 'अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने' जैसा होगा।

## 3,000 पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी 115 प्वाइंट पर होगी चेकिंग

**नोएडा।** नए साल के जश्न को लेकर दो दिनों तक भीड़ भाड़ वाले स्थानों मॉल और बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रहेगी। इसके लिए पूरे शहर को 3 सुपर जोन और 10 जोन और 27 सेक्टर और 119 सब सेक्टर में बांटा गया है। तीनों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में उपलब्ध पुलिस बल की ऑडिटिंग करते हुए गौतमबुद्ध नगर के नोएडा, सेंट्रल नोएडा, ग्रेटर नोएडा जोन में 8 डीसीपी, 5 एडीसीपी, 15 एसीपी 75 एसएचओ, निरीक्षक, 750 उपनिरीक्षक, 117 महिला उपनिरीक्षक, 1470 हेड कांस्टेबल, 473 पुलिस कर्मियों की दिन और रात्रि में ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा 7 कंपनी पीएसी बल की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे छात्र

एजेंसी। पटना

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर 14 दिनों से धरने पर बैठे अभ्यर्थियों की उम्मीदें अब जग गई है। छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के राज्यपाल और मुख्य सचिव से मिलने के बाद उन्हें आशा जगी है कि कुछ पॉजिटिव परिणाम सामने आएगा।

दरअसल, रविवार को प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के बाद छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के नेतृत्व में मुख्य सचिव और राज्यपाल से मुलाकात की थी। उस प्रतिनिधि मंडल के सदस्य और सीतामढ़ी के रहने वाले सौरव सुमन ने कहा, "मुलाकात का पॉजिटिव आश्वासन मिला है। जब हमलोग राज्यपाल के पास गए थे तब कार्रवाई हुई है। हमने अपनी पूरी मांगों को लेकर एक पत्र लिखा। उसके बाद राज्यपाल ने आयोग के अधिकारियों को बुलाने की बात कहीं और उनसे बैठक की बात हुई। "वहीं मुख्य सचिव से मुलाकात के बाद वहां हमने अपनी सभी बातों को रखा है। शक के आधार पर कोई बात नहीं रखी गयी है। जो पुख्ता बातें थी, वह रखी गई । उन्होंने सभी बातों को सुनने के बाद आश्वस्त किया कि आप लोगों की बात 'फेयर' है। मुख्य सचिव ने आश्वासन देते हुए कहा कि बीपीएससी के चैयरमेन से बात की जाएगी। पुनर्परीक्षा के लिए कुछ पॉजिटिव कदम उठाएंगे। अब क्या होने वाला है पता नहीं, लेकिन आज शाम तक कुछ पॉजिटिव रिजल्ट की उम्मीद है। इधर, अभ्यर्थी रवीश आनंद कहते हैं कि सभी राजनीतिक नेता हमारे गार्जियन की तरह हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने पूरे मामले को गंभीरता से सुना। प्रत्येक बिंदुओं को उनके सामने रखा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पर हम लोग काम कर रहे हैं। मुख्य सचिव इसे लेकर चर्चा करेंगे। रवीश ने कहा कि आशा है कि बीपीएससी की पुनर्परीक्षा करवाकर न्याय दिया जाएगा।



## बिहार लोक सेवा आयोग उचित निर्णय लेगी : सम्राट चौधरी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का धरना मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। इसी बीच उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बयान दिया। जब इस मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि बीपीएससी एक स्वतंत्र संस्था है। सरकार ने उसको फ्री हैंड दिया है। वो निर्णय ले। छात्रों के संबंध में छात्रों के हित के लिए कोई भी निर्णय लेने के लिए वह स्वतंत्र है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्य तौर से दूसरी पार्टी भी 'सरकार' ही चलाती थी। हमारी स्वतंत्र संस्था ही तय करेगी कि वहां छात्रों का हित क्या है। इस पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा, "परीक्षा में पेपर लीक के बारे में सरकार ने खुला न्योता दे रखा है कि अगर कोई शिकायत होगी तो संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। मुख्य सचिव ने सरकार की ओर से खुला न्योता दे रखा है। सरकार को जो करना होगा करेगी, छात्र के हित में सरकार काम करेगी। छात्रों की जो वाजिब मांगे होंगी, सुनी जाएंगी। सोमवार को छात्रों का दो प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिला है। मंत्री ने आगे कहा, "मुझे जो जानकारी मिली है, वह है कि पेपर लीक कहां हुआ, यह अब तक मुख्य सचिव के संज्ञान में नहीं लाया गया है। अभ्यर्थियों ने पेपर लीक से जुड़े कोई सबूत नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा, "पेपर लीक हुआ नहीं, एक केंद्र पर पेपर लीक को लेकर हंगामा हुआ, यह किसकी साजिश है? जो हंगामा मचाया, उससे भी पूछा जाए? हंगामा कर छात्रों के भविष्य को खराब क्यों किया जा रहा है? छात्र हमारे भविष्य हैं। नीतीश कुमार की सरकार छात्रों के पक्ष में है। किसी प्रकार की नाइंसाफी नहीं होगी।उन्होंने प्रशांत किशोर की चेतावनी पर कहा, "सरकार किसी के अल्टीमेटम को नहीं समझती है। सरकार जनता के हित में काम करती है। हमलोग हमेशा छात्रों के हित में सोचते हैं और सोचते रहेंगे।

# पटना में बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन बन गया राजनीतिक 'अखाड़ा'!

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने और इसकी फिर से परीक्षा लेने की मांग को लेकर शुरू हुए छात्र आन्दोलन में राजनीतिक दलों के नेताओं के कूद जाने के बाद अब यह आन्दोलन राजनीतिक अखाड़ा बनते जा रहा है। दरअसल, करीब सभी राजनीतिक दल अगले साल होने वाले चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि इस मामले के जरिये राजनीतिक दल युवाओं और छात्रों के हितैषी बनने का यह मौका छोड़ना नहीं चाहते। कहा तो यहां तक जा रहा है कि चुनावी साल में करीब सभी राजनीतिक दल इस आंदोलन की गर्मी में राजनीतिक रोटी सेंकना चाह रहे हैं। वैसे देखा जाए तो इस परीक्षा की शुरुआत में ही नॉर्मलाइजेशन को लेकर छात्र सड़कों पर उतरे थे। हालांकि आयोग की सफाई के बाद यह मामला शांत हो गया। लेकिन पीटी की परीक्षा के दौरान हुए पटना के बापू भवन स्थित परीक्षा केंद्र में अनियमितता को लेकर हुए हंगामे और इस परीक्षा केंद्र पर हुई परीक्षा को रद्द करने और फिर से पुनर्परीक्षा लिए जाने के आयोग के निर्णय के बाद अभ्यर्थी पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे और धरना पर बैठ गए। अब अभ्यर्थियों की नाराजगी का मुद्दा बड़ा हो गया है। बीते करीब दो सप्ताह से चल रहा बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन अब राजनीतिक रूप ले चुका है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## छत्तीसगढ़ के सक्ती में छात्रा ने जीभ काटकर शिवलिंग पर चढ़ाया

**कोरबा/सक्ती (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिला के डभरा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह 11 वीं की एक छात्रा ने घर के पास स्थित शिव मंदिर में भगवान शंकर को अपनी जीभ काटकर अर्पित कर दी। इससे मंदिर में खून ही खून दिखाई दे रहा है। घटना के बाद से छात्रा लहूलुहान हालत में मंदिर में मौजूद थी। बताया जा रहा है कि जीभ काटने के बाद छात्रा ने मंदिर में खुद को बंद कर लिया थी, और साधना में लीन हो गई थी। पुलिस वालों को गांव के लोगों ने मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया। जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने घटना की पुष्टि की है। डभरा थाना क्षेत्र के फ़ोगरम चौकी के अंतर्गत देवरघटा गांव के अचारिपाली मोहल्ले में आज सुबह 7 बजे एक छात्रा ने घर के पास तलाब के किनारे बने भोले बाबा के मंदिर में अपनी जीभ को काट कर शिवलिंग में समर्पित कर दी। 16 वर्षीय छात्रा का नाम आरुषि चौहान है और वह 11 वीं में पढ़ती है। छात्रा ने कागज पर एक संदेश लिखा है, जिसमें उसने कहा है कि वह दो दिन बाद खुद बाहर आ जाएगी।

## सीएम योगी की अगुवाई में गरीबी मुक्त प्रदेश की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**लखनऊ (आईएएनएस)।** सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि 2 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के अति गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इस दिशा में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पहल 'जीरो पावर्टी' अभियान के तहत चल रही है, जो उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त राज्य बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। योगी सरकार प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवारों को चिन्हित करने के लिए पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीसी सखी, और स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) की मदद से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इन परिवारों में आवासहीन, कच्चे मकानों में रहने वाले, भूमिहीन, और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद इन परिवारों के रिकॉर्ड का सत्यापन ग्राम स्तरीय समितियों द्वारा किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना में डिजिटल तकनीक का पूरा उपयोग किया जा रहा है। मॉप-अप मोबाइल ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण और सत्यापन कार्य किया जा रहा है। इसमें संबंधित परिवारों का आधार, बैंक खाता विवरण, और लाभार्थी का फोटोग्राफ अपलोड किया जा रहा है। सर्वेक्षण प्रक्रिया के बाद, ग्रामस्तरीय समिति के सदस्य, जिनमें ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, विद्यालय के हेडमास्टर, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में मिला स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वदेशी तकनीक सहित कई अन्य क्षेत्रों में विलक्षण काम कर पूरी दुनिया तक यह संदेश पहुंचाया कि हम किसी भी क्षेत्र में दुनिया के किसी भी देश से कम नहीं है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को सितंबर 2024 में अपनी पहली ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेन मिली है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत बनाई गई है। यह एक बड़ा कदम है और मेट्रो की तकनीकी उन्नति को दर्शाता है। इस ड्राइवरलेस ट्रेन में अत्याधुनिक स्वचालन और सुरक्षा प्रणालियां हैं, जो मेट्रो के संचालन को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाती हैं। इससे मेट्रो सेवाओं का संचालन और भी बेहतर और निर्बाध होगा। भारत की पहली वंदे मेट्रो, जो कम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई एक नई शहरी ट्रांसपोर्ट प्रणाली है। सितंबर 2024 में अहमदाबाद में लॉन्च की गई। इस मेट्रो को "नमो भारत रैपिड रेल" नाम दिया गया है और यह अहमदाबाद और भुज के बीच चलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें भारत के बुनियादी ढांचे को टिकाऊ और सुलभ बनाना और उसे आधुनिक बनाना शामिल है।



## वर्ष 2024 : कैमरे में कैद हुए यादगार लम्हें

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 में कई महत्वपूर्ण अवसर ऐसे आए जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए। इन यादगार लम्हों को कैमरों ने तस्वीरों के रूप में कैद कर लिया जिन्हें पीएम मोदी की आधिकारिक पर्सनल वेबसाइट पर साझा किया गया है। एल्बम की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल की तस्वीर से होती है, जो पोलैंड से यूक्रेन जाने वाली ट्रेन में सवार हैं। फोटो में तीनों गहन बातचीत कर रहे हैं। जो तस्वीरें शेयर की गई हैं उनमें भारत की सांस्कृतिक विविधता झलकती हैं। एक ओर जहां प्रधानमंत्री की अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की फोटो शेयर की गई है। वहीं एक तस्वीर में वह गुरुद्वारा पटना साहिब में 'सेवा' करते नजर आते हैं तो एक अन्य में वह इटली में पोप प्रांसिस से बातचीत करते हुए दिख रहे हैं। पीएम मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन, क्वाड लीडर्स, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, यूएस प्रेसिडेंट जो बाइडेन, इतालवी पीम जियोर्जिया मेलोनी के साथ तस्वीरें, वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत मौजूदगी की झलक देती हैं।

## नए साल के जश्न को लेकर मुंबई पुलिस सख्त गेटवे ऑफ इंडिया और मरीन ड्राइव पर पटाखे बैन

**मुंबई।** नए साल के जश्न को लेकर मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में है। गेटवे ऑफ इंडिया और मरीन ड्राइव पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम और पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। पुलिस ने गेटवे ऑफ इंडिया के आसपास नोटिस बोर्ड लगाए हैं और सफेद पर्दे से इस क्षेत्र को घेर दिया है। इस आदेश का उल्लंघन रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। नए साल के जश्न के दौरान इन दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं। लेकिन, यह जगह आवासीय इलाकों के करीब हैं। पटाखों और ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग लगने का खतरा और तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण का सामना स्थानीय नागरिकों को करना पड़ सकता है। मुंबई पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नए साल का जश्न खुशी-खुशी मनाएं। लेकिन, पुलिस के आदेश का पालन करें और किसी भी नियम का उल्लंघन न करें।

## चंद्रबाबू नायडू सबसे अमीर, ममता बनर्जी सबसे गरीब, रेवंत रेड्डी पर सर्वाधिक मामले

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जिनकी कुल संपत्ति 931 करोड़ रुपये से ज्यादा है। वहीं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पर सबसे ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट के जरिए सामने आई है। यह रिपोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच ने जारी की है। इसमें देश के 31 वर्तमान मुख्यमंत्रियों के हलफनामे का विश्लेषण किया गया है, जो उन्होंने अपने पिछले चुनाव लड़ने से पहले दाखिल किए थे। अपने पिछले चुनाव लड़ने से पहले मुख्यमंत्रियों द्वारा दायर हलफनामे से निकाले गए आंकड़ों के अनुसार, चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये के साथ सबसे गरीब हैं। वहीं, सभी 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रति मुख्यमंत्री औसतन 52.59 करोड़ रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां 2023-2024 के लिए भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई लगभग 1,85,854 रुपये थी, वहीं एक मुख्यमंत्री की औसत आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है।

खो खो विश्व कप 2025 का शेड्यूल जारी

## पहले मैच में 13 जनवरी को भारत का सामना नेपाल से



**नई दिल्ली (हि.स.)।** खो खो विश्व कप 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विश्व कप की शुरूआत 13 जनवरी 2025 को भारत और नेपाल के बीच इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में शाम 7 बजे से होगी। खो खो वर्ल्ड कप आयोजन समिति के चेयरमैन सुधांशु मित्तल ने बताया की महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले 19 जनवरी को शाम 7 बजे और पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले 19 जनवरी को शाम 8.15 बजे इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। पुरुष और महिला टीमों को चार चार वर्गों में बांटा गया है। पुरुष वर्ग के ए ग्रुप में भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान को रखा गया है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान को रखा गया है। ग्रुप सी में बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड को ग्रुप सी में रखा गया है, जबकि इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और केन्या ग्रुप डी में है। महिला वर्ग में भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया ग्रुप ए में हैं। ग्रुप बी में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, केन्या, युगांडा और नीदरलैंड की टीमें हैं, जबकि ग्रुप सी में नेपाल, भूटान भूटान ,श्रीलंका, जर्मनी और बांग्लादेश हैं। दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पोलैंड ,पेरू और इंडोनेशिया ग्रुप डी में है। टूनामेंट में कुल 90 मैच होंगे। दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल मुकाबले 17 जनवरी को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल मुकाबले 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होंगे।

## वर्ष 2024 की चार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर 'राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी' के लिए नामित

**दुबई(हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को चार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों को राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के लिए नामांकित किया है। इन चार महिला क्रिकेटरों में तीन ऑलराउंडर और एक बल्लेबाज शामिल है। चार नामांकित खिलाड़ियों में एक दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट हैं, जिन्होंने एक वर्ष कैलेंडर में असाधारण प्रदर्शन किया है। उन्होंने सभी प्रारूपों की कप्तान के रूप में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। वोल्वार्ड्ट ने एकदिवसीय में उन्होंने 87.12 की औसत से 697 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 184 था। जबकि टेस्ट में उन्होंने 37.16 की औसत से 223 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 122 था। टी20 में उनका प्रदर्शन भी उतना ही प्रभावशाली रहा। 39.58 की औसत से 673 रन बनाए, जिसमें 102 का उच्चतम स्कोर भी शामिल है। वहीं, श्रीलंका की सभी प्रारूपों की कप्तान चमारी अथापथु के लिए बल्ले और गेंद दोनों से यह वर्ष असाधारण रहा। उन्होंने नौ वनडे मैचों में 65.42 की औसत से 458 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 195 रहा और उन्होंने 9 विकेट भी लिए। टी 20 में उन्होंने 40 की औसत से 720 रन बनाए और 21 विकेट लिए।

## हेली मैथ्यूज शीर्ष 10 में वापस, जेमिमा और ऋचा घोष की रैंकिंग में भी सुधार

**दुबई (आईएएनएस)।** वेस्टइंडीज की सलामी बल्लेबाज हेली मैथ्यूज ने शानदार अंदाज में 2024 का समापन किया, उन्होंने अपना सातवां वनडे शतक जड़ा और आईसीसी महिला बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश किया जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में मैथ्यूज की 109 गेंदों पर शानदार 106 रन की पारी ने न केवल उनकी टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया, बल्कि 652 की रेटिंग के साथ रैंकिंग में संयुक्त सातवें स्थान पर भी पहुंचा दिया। अब वह ऑस्ट्रेलिया की स्टार बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। मैथ्यूज ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन सीरीज में पहले अर्धशतक बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली रैंकिंग में एक स्थान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गईं (720 अंक), श्रीलंका की चामरी अथापथु (733 अंक) ने उन्हें पीछे छोड़ दिया, जो दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। रोड्रिग्स ने सीरीज में 29 और 52 रन बनाए और चार पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि घोष ने 13 और 23 रन की नाबाद पारी की बदौलत सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गईं।

# ईयर एंडर : 2024 भारत ने खेलों में हासिल की बड़ी उपलब्धियां

## साल 2024 ओलंपिक, पैरालंपिक, क्रिकेट समेत कई खेलों में साबित हुआ भारत के लिए ऐतिहासिक

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** साल 2024 भारत की खेल यात्रा के लिए शानदार रहा। जहां देश ने ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों वैश्विक इवेंट में बढ़िया प्रदर्शन किया। क्रिकेट, शतरंज के अलावा कई खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की अथक मेहनत को सरकार का भी पूरा सहयोग मिला। खेलों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार ने पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए 470 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया था। पेरिस में खेल गांव में बढ़ती गर्मी की शिकायत के बीच मोदी सरकार ने खिलाड़ियों के प्रति अपना पूर्ण समर्थन प्रकट करते हुए ओलंपिक खेल गांव में 40 पोर्टेबल एयर कंडीशनर उपलब्ध कराए थे। यह सरकार के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर गहन फोकस का नतीजा था। 'खेलो इंडिया' और 'टॉप्स' जैसी सरकारी पहलों का समर्थन इन एथलीटों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे उन्हें बाधाओं को तोड़ने और वैश्विक मंच पर भारत के स्थान को फिर से परिभाषित करने में सक्षम बनाया जा रहा है। एक तरफ सरकार द्वारा खिलाड़ियों को पूरी तरह खेल पर फोकस करने के लिए बाकी तनाव से मुक्त कर ने की हरसंभव कोशिश की गई तो दूसरी ओर भारतीय खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन के साथ देश को निराश नहीं किया। भारत के लिए खासकर मनु भाकर ने ओलंपिक में इतिहास रच दिया। भारत की यह युवा निशानेबाज एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बन गई। स्वप्निल कुसाले ने शूटिंग में एक और मेडल जीतकर कमाल कर दिया। इसके साथ ही भारत ने ओलंपिक के एक ही संस्करण में एक खेल इवेंट में सर्वाधिक मेडल जीतने का रिकॉर्ड बना दिया।



किर्गिस्तान में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के पहलवानों ने चार रजत और पांच कांस्य पदक जीते। दुबई में आयोजित एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में भारत ने सात स्वर्ण, 11 रजत और 11 कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के गुलवीर सिंह ने जापान में हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारत के मान सिंह ने चीन के हांगकांग में एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में 2 घंटे 14 मिनट 19 सेकंड (2:14:19) के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।






क्रिकेट की बात की जाए तो विराट कोहली को आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ 2023 और सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट ऑफ द 2023 चुना गया था। भारत ने रोहित शर्मा की अगुवाई में वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टी20 विश्व कप भी जीता। इनके अलावा, भारत में महिला क्रिकेट को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देते हुए, कैप्री स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स को यूएन वुमन द्वारा 'जनरेशन इक्वलिटी एली' के रूप में मान्यता दी गई है।

**नीरज चोपड़ा ने टोक्यो में गोल्ड मेडल जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक के भाला फेंक इवेंट में भी सिल्वर मेडल हासिल किया। इसके साथ ही नीरज चोपड़ा ओलंपिक इतिहास में भारत के सबसे सफल खिलाड़ी बन गए।**

भारत की दिव्यकीर्ति सिंह अर्जुन अवॉर्ड जीतने वाली देश की पहली महिला घुड़सवार बनी।

ओलंपिक के बाद हुए पैरालंपिक खेलों ने तो कमाल कर दिया। इसमें भारत ने एक पैरालंपिक खेलों में सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। भारत के पैरालंपिक खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड मेडल के साथ कुल 29 पदक जीते। **अवनि लेखरा** ने महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में गोल्ड मेडल जीता, जबकि **नितेश कुमार** ने बैडमिंटन में कमाल किया, उन्होंने पुरुष सिंगल एसएल3 प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। ऐसे ही **सुमित अंतिल और धर्मबीर** ने क्रमशः एफ64 और एफ51 पुरुष भाला फेंक इवेंट में गोल्ड जीते।



कुश्ती में मेडल जीतने की परंपरा भी जारी रही और अमन सहरावत कांस्य पदक जीतने वाले देश के सबसे युवा ओलंपिक पदक विजेता रेसलर बने।

ओलंपिक और पैरालंपिक के अलावा भारत का प्रदर्शन अन्य खेलों में भी खास रहा। जैसे शतरंज में भारत के **गुकेश डी** हाल में ही सबसे युवा विश्व चेस चैंपियन बन गए। ऐसे ही वैशाली रमेश बाबू भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। भारत चेस टीम ने हंगरी में हुए 45वें चेस ओलंपियाड में महिला और ओपन सेक्शन में गोल्ड मेडल हासिल किया।






व्यापार/लाइफ व साइंस

महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज में बोले राजनाथ सिंह

## रक्षा निर्यात 10 वर्षों में रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये के पार

### वर्ष 2029 तक 50,000 करोड़ का है लक्ष्य



**मध्य प्रदेश (आईएएनएस)।** भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के 2,000 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मध्य प्रदेश के दौरे के दौरान महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने वर्ष 2029 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, अब 21,000 करोड़ रुपये के प्रभावशाली स्तर को पार कर गया है। इसी के साथ हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है।

उन्होंने जानकारी दी कि भारत में बनाए गए उपकरणों (मेड इन इंडिया इक्विप्मेंट) को दूसरे देशों में भेजा जा रहा है। सिंह ने कहा कि लगातार आगे बढ़ते और विकसित होते समय में एडवांस टेक्नोलॉजी में निपुणता हासिल करना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में कहा, इंफॉर्मेशन वॉरफेयर, एआई बेस्ड वॉरफेयर, प्रॉक्सी वॉरफेयर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वॉरफेयर, स्पेस वॉरफेयर और साइबर अटैक बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं।

उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित होने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंफैंट्री स्कूल में वेपन ट्रेनिंग, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) में एआई और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग के जरिए इंटीग्रेशन बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कुछ अफसर भविष्य में दूसरे देशों में दूतावास या उच्चायोग में नियुक्त होंगे, जिनकी जिम्मेदारी अहम होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए।


रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आर्थिक समृद्धि तभी संभव है, जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। रक्षा मंत्री सिंह ने सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की।

## केंद्र 15,000 करोड़ से तैयार कर रहा 'ग्रीन स्टील मिशन'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार स्टील उद्योग को कार्बन उत्सर्जन कम करने और नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ने में मदद करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 'ग्रीन स्टील मिशन' तैयार कर रही है। यह जानकारी स्टील मंत्रालय द्वारा जारी वर्ष के अंत की समीक्षा में दी गई।

इस मिशन में ग्रीन स्टील के लिए पीएलआई योजना, रिन्यूएबल एनर्जी के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहन और उद्योग की पर्यावरण से जुड़ी सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने के लिए सरकारी एजेंसियों को ग्रीन स्टील खरीदने के लिए अनिवार्यताएं शामिल हैं।

इस साल सितंबर में स्टील क्षेत्र के डीकाबोर्नाइजेशन के विभिन्न प्रमुख लीवरों पर स्टील मंत्रालय द्वारा गठित 14 टास्क फोर्स की सिफारिशों के आधार पर 'भारत में स्टील क्षेत्र को हरित बनाना' विषय पर एक रिपोर्ट जारी की गई थी। इसके बाद इस महीने की शुरूआत में भारत के लिए ग्रीन स्टील की टैक्सोनॉमी जारी की गई, जिसमें ग्रीन स्टील के लिए स्टार रेटिंग को परिभाषित किया गया है। समीक्षा में कहा गया है कि स्टील स्क्रैप रीसाइक्लिंग नीति घरेलू स्तर पर उत्पादित स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ाकर इन प्रयासों को और आगे बढ़ाती है। मंत्रालय ने 12 दिसंबर को ग्रीन स्टील के लिए टैक्सोनॉमी जारी की, ताकि कम उत्सर्जन वाले स्टील को परिभाषित करने और वर्गीकृत करने के लिए मानक प्रदान किए जा सकें। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन और उपयोग के लिए राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है। स्टील क्षेत्र भी मिशन में एक हितधारक है और इसे वित्त वर्ष 2029-30 तक मिशन के तहत



लौह और इस्पात क्षेत्र में पायलट परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 455 करोड़ रुपए का बजटीय समर्थन आवंटित किया गया है। इस मिशन के तहत, इस्पात मंत्रालय ने इस साल सितंबर में वर्टिकल शाफ्ट में 100 प्रतिशत हाइड्रोजन का उपयोग करके डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) का उत्पादन करने के लिए दो पायलट प्रोजेक्ट और कोयले/कोक की खपत को कम करने के लिए मौजूदा ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन का उपयोग करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। सरकार ने 'स्पेशिएलिटी स्टील' के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए अधिक निवेश आकर्षित करने की एक प्रमुख पहल के रूप में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना भी शुरू की है। भाग लेने वाली कंपनियों ने 27,106 करोड़ रुपये के निवेश, 14,760 के प्रत्यक्ष रोजगार और योजना में 7.90 मिलियन टन 'स्पेशिएलिटी स्टील' के अनुमानित उत्पादन के लिए प्रतिबद्धता जताई है। अक्टूबर 2024 तक, कंपनियों ने पहले ही 17,581 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

## भारत ने केले के निर्यात का लक्ष्य मूल्य एक बिलियन डॉलर रखा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के अनुसार, भारत ने पिछले एक दशक में केले के निर्यात में दस गुना वृद्धि दर्ज की है। इसी के साथ अब समुद्री मार्ग से नीदरलैंड को सफल ट्रायल शिपमेंट के बाद अगले पांच वर्षों में एक बिलियन डॉलर के केले के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। समुद्री मार्ग खुलने के साथ, भारतीय केले के निर्यात के लिए रूस एक प्रमुख बाजार के रूप में उभर सकता है। भारत वर्तमान में हवाई मार्ग पर निर्भर है, जो परिवहन का एक उच्च लागत वाला तरीका है और निर्यात किए जा सकने वाले फलों की मात्रा को सीमित करता है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के केले का निर्यात किया, जो 2022-23 की तुलना में शानदार रहा। 2022-23 में हमने 176 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक केले के निर्यात में देश की हिस्सेदारी बढ़ी है। वर्ष 2013 में जो 0.21 प्रतिशत थी वह बढ़कर 2023 में 1.74 प्रतिशत पहुंच गई।

## भारतीय शेयर बाजार 2024 के आखिरी कारोबारी दिन सपाट बंद

**मुंबई(आईएएनएस)।** घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को उच्च अनिश्चितता और मूल्यांकन के बीच नए साल में सावधानी से प्रवेश करने के साथ सपाट बंद हुए। 2024 का अंतिम दिन मामूली नुकसान के साथ समाप्त हुआ, हालांकि दिन के निचले स्तर से रिकवरी हुई। नुकसान मुख्य रूप से आईटी और रियलिटी शेयरों में हुआ, जबकि अन्य क्षेत्रों में बढ़त देखी गई। 109.12 अंक या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,139.01 पर बंद हुआ और निफ्टी 13.25 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,658 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 65.75 अंक या 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,887 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 36.30 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के बाद 57,153.45 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 123.35 अंक या 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,763.30 पर बंद हुआ। कि तीसरी तिमाही के नतीजे और आम बजट को ध्यान में रखते हुए बाजार बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर, 2,321 शेयर हरे और 1,648 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 110 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एक नजर

### 14 दिसंबर से गुलशन खातून लापाता, परिजन परेशान, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना के दरुआ गांव निवासी शरफीलुद्दीन अंसारी ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर 17 वर्षीय पुत्री गुलशन खातून विगत 14 दिसंबर की सुबह अपने घर से कन्या मध्य विद्यालय जपला के लिए निकली थी। वह आज तक घर नहीं पहुंची है। थाना को दिए आवेदन में शरफुद्दीन अंसारी ने कहा है कि दोस्तों रिश्तेदारों के यहां काफी खोज बीन करने पर भी गुलशन का सुराग नहीं मिल सका है। 16 दिसंबर को उनके मोबाइल फोन पर एक फोन आया। जिससे उनकी पुत्री से बात कराई गई। उसके बाद से उस नंबर पर वह फोन लगा रहे हैं, उधर फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है। शरफुद्दीन अंसारी ने आवेदन में कहा है कि उनकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा कर ले जाया गया है। उन्होंने थाना प्रभारी से छान बीन कर पुत्री को बरामद करने का आग्रह किया है।

### हुसैनाबाद में 4 दिन का मासूम बच्चे की मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव में एक चार दिन के मासूम की मौत का मामला प्रकाश में आया है। मां का आरोप है कि बच्चे के पिता ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना 30 दिसंबर की 4:30 बजे शाम की बताई जाती है। वही इस संबंध में नवजात बच्चे की मां गुंजन मिश्रा ने गांव मदनपुर बनिया थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद बिहार निवासी अपने पति गौरव पाठक के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है।

### असंतुलित होकर गिरा बाइक सवार,गंभीर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर गुरीटांड़ के समीप मंगलवार सुबह एक बाइक सवार युवक सामने से आ रहे ट्रक से बचने के क्रम में असंतुलित होकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके चेहरे व सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट के निशान हैं। घायल युवक की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के ही मड़मा निवासी राहुल गंझू पिता भोला गंझू (16) के रूप में हुई है। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जंहा प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

### पिता ने एक युवक पर पुत्री को भगाने का लगाया आरोप

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना के चौखंडा गांव निवासी अशोक रजवार ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर नाबालिग पुत्री अमृता कुमारी को भगाकर ले जाने का आरोप बिहार के सीतामढ़ी निवासी कमलेश पर लगाया है। अशोक रजवार ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि उनकी नाबालिग पुत्री विगत 22 दिसंबर को घर से जपला बाजार के लिए निकली थी। बाजार आने के बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। शाम चार बजे तक घर वापस नहीं लौटने पर सभी संभावित स्थानों पर खोज बीन की गई, मगर उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। अमृता पहले बंगलौर में सिलाई सेंटर में पहले काम कर चुकी है। वहां लड़की जिस महिला से फोन पर बात करती थी उसके लड़का का नाम कमलेश है। वह बिहार के सीतामढ़ी का निवासी है। अशोक रजवार ने दोनों का मोबाइल नंबर थाना को उपलब्ध करा दिया है। उधर थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि उक्त मामले को पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# नए साल में शराब पी कर गाड़ी चलाई तो कटेगा चालान

*जिला प्रशासन नए साल को शाख्त*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नए साल पर अगर आप शराब पी कर वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो आपका चालान कट सकता है। अक्सर देखा जाता है कि नये साल पर पहली जनवरी को लोग पिकनिक करते हैं। इनमें कई युवक शराब के नशे में वाहन चलाते मिल जाते हैं। शराब पी कर वाहन चलाने से दुर्घटना की आंशका बढ़ जाती है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय के नेतृत्व में लगतार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार खुद इसकी कमान संभाल रखी है। वे खुद वाहनों की जांच कर रहे हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकइयाटांड़ और मनिका थाना के पास दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान बगैर हेलमेट व सीटबेल्ट चलने वालों का चालान काटा गया।इसके अलावा शराब पी कर वाहन चलाने (ड्रंक एंड ड्राइव) वालों का ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गयी और एल्कोहल की मात्रा पाये जाने पर उनका भी चालान काटा गया। इस दौरान कुल 86 वाहनों की जांच की गयी। जिसमें 32 का ऑनलाइन चालान काटा गया और कुल 1,05,500 राशि वसूली गयी।
वही जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार से लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। और नये साल में शराब पी कर वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी। कहा कि अक्सर देखा गया है कि नये साल में शराब पी कर वाहन चलाने से दुर्घटनायें अधिक होती है। उन्होने वाहनों को गति सीमा के अंदर चलाने एवं हेलमेट व सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने की बात कही। अपने नाबालिग बच्चों को बाइक आदि चलाने के लिए नहीं देने की अपील की। कहा कि ऐसा पाये जाने पर अभिभावकों पर भी कार्रवाई संभव है।



## गुजरे साल को अलविदा व नए वर्ष की तैयारी में जुटे युवावर्ग



**हुसैनाबाद।** गुजरे साल 2024 को अलविदा कर युवा नववर्ष 2025 का झूमकर स्वागत किया। इनके उत्साह के आगे ठंड बेअसर हो रहा। इसको लेकर होटल, पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल आदि को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। युवाओं ने पिकनिक मनाने की तैयारी पूरी कर ली है। मंगलवार को बाजार में युवाओं की भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा दिखी। प्लान के मुताबिक वह आवश्यक सामग्री की खरीददारी करते दिखे। उनके द्वारा केक के भी ऑर्डर दिए जा रहे थे। बाजार में मटन, चिकेन, मछली, खोवा, पनीर, मशरूम की एडवांस बुकिंग कराई जा रही है। हरा मटर, प्याज, लहसुन की मांग बढ़ी। कारोबारियों ने उक्त चीजों को स्टोर कर लिया है। किसी को नान-वेज व्यंजन का स्वाद लेना है, तो किसी को शाकाहारी का स्वाद चखना है। नए साल के उमंग पर युवा वर्ग ने डीजे पर डांस करने की तैयारी की है। दूध व पनीर का आर्डर दे दिया है। चिकेन, मटन, अंडा व मछली की खरीदारी खूब हुई। मालपुआ, खीर, मिष्ठान भोजन तैयार करने की भी है। कुछ लोगों ने देव स्थलों में पूजा-अर्चना करने के बाद नववर्ष के कार्यक्रम में शामिल होने का प्लान बनाया है। कुछ युवाओं ने भीड़ से बचने के लिए अपने घर पर ही परिवार के साथ नव वर्ष की खुशी बांटने का निर्णय लिया है। मुरली पहाड़ी स्थित कालेश्वर धाम, चार धाम, सोन नदी किनारे स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करेंगे।

### मेदिनीनगर-महुआडाड़ मार्ग पर हादसों की आशंका, ग्रामीणों ने की चेकिंग अभियान की मांग

**गारू (लातेहार)।** नए साल के मौके पर मेदिनीनगर-महुआडाड़ पथ पर वाहनों की तेज रफ्तार और बढ़ती आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। सिंगल लेन सड़क होने के कारण यह मार्ग नए साल पर खासा व्यस्त रहता है, और ऐसे में तेज रफ्तार वाहन न केवल पर्यटकों बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक जनवरी को इस मार्ग पर भारी संख्या में पर्यटक मिर्चाइया फॉल, सुगाबांध फॉल, नेतरहाट और लोधा जलप्रपात की ओर जाते हैं। इसके चलते फोर व्हीलर और टू व्हीलर चालकों द्वारा तेज गति से गाड़ी चलाने और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण हादसों की संभावना बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ शरारती तत्व जानबूझकर लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे सिंगल लेन सड़क पर गाड़ियों का संचालन मुश्किल हो जाता है। इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

## भांजे की हत्या करने वाले मामा की मौत 40 दिन से बंद था सेंट्रल जेल में

**पलामू (हि.स.)।** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में हत्या के आरोप में बंद एक विचाराधीन कैदी की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। खांसी के संक्रमण के कारण पहले उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे सोमवार को रिम्स रेफर किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार रात मौत हो गई। मंगलवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया है। कैदी की पहचान लाला सिंह (25) के रुप में हुई है। वह विश्रामपुर के घासीदाग निवासी था। 23 नवंबर से सेंट्रल जेल में बंद था। टीवी क्रॉनिक बीमारी से पीड़ित था। 20 दिसंबर को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 30 दिसंबर को रांची रिम्स रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जेल सुपरिटेंडेंट भागीरथ कर्जी के मुताबिक लाला सिंह को क्रोनिक टीबी की बीमारी थी। तबीयत बिगड़ने पर 20 सितंबर को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।

## पलामू में 1368 अपराधी और 29 नक्सली गिरफ्तार : एसपी



**पलामू (हि.स.)।** पलामू पुलिस के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा। इस वर्ष जिले में शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा और लोकसभा का चुनाव भी संपन्न कराया गया। नशा तस्करों के खिलाफ भी पुलिस का अभियान तेज रहा। अभी भी पुलिस पोस्ता की खेती नष्ट करने के लिए कार्रवाई कर रही है। 47 देसी, तीन ऑटोमेटिक हथियार और 1132 गोलियां बरामद की गयी। 11.33 किलो अफीम और 64 किलो से भी अधिक गांजा भी जब्त किये हैं। 2024 में पुलिस ने 100 एकड़ से अधिक जमीन पर लगी पोस्ता की खेती को भी नष्ट की है।

29 अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगा, जबकि 26 अपराधियों को गुंडा घोषित किया गया है। 33 फरार अपराधियों के खिलाफ पुरुस्कार की राशि भी घोषित की गई है। 3381 मामले फिर पलामू में दर्ज हुए तो वहीं पलामू पुलिस ने 2853 मामलों में अनुसंधान पूरा कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने 3630 वारंट का निष्पादन किया है। वहीं, 83 कुर्की और 355 स्थाई वारंट की भी कार्रवाई हुई है।
मंगलवार को जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने एक साल का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए अपनी उपलब्धियां बतायी। उन्होंने कहा कि साल 2024 पलामू पुलिस के लिए बेहतर रहा। इस वर्ष 37 अपराधियों को जहां सजा दिलायी गयी, वहीं 1368 अपराधी और 10 लाख के इनामी माओवादी सीता राम रजवार सहित 29 नक्सली गिरफ्तार किए गए। एसपी ने बताया कि सात नशा तस्करों को जहां सजा दिलवायी गयी है, वहीं 21 हत्या के अभियुक्तों को सजा हुई है। पॉक्सो के चार, रंगदारी के एक, लूट के दो, आर्म्स एक्ट के दो अपराधियों को सजा मिली है। पलामू जिले में पहली बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सीआरपीएफ का इस्तेमाल नहीं किया गया। पिछले तीन दशक के दौरान यह पहली बार हुआ। चुनाव हिंसामुक्त हुआ और किसी बूथ पर रिपोलिंग नहीं हुई। दोनों चुनाव कुछ महीने के अंतराल पर हुए थे।

## मृतक मजदूर के परिजनों से मुलाकात कर विधायक अनंत ने दिया मदद का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा):** खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरी गांव निवासी मुंद्रिका यादव की जहरीली गैस रिसाव से हुई मौत के बाद उनके शव के गांव पहुंचने पर मातम का माहौल छा गया। 30 वर्षीय मुंद्रिका यादव, जो अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, की मौत गुजरात के भरूच में फ्लोरोकेमिकल लिमिटेड के सीएमएस संयंत्र में गैस रिसाव के दौरान हुई। इस घटना में चार मजदूरों की जान गई थी। मंगलवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मुंद्रिका यादव के परिवार में उनकी पत्नी, 8 वर्षीय बेटी पूजा और 6 वर्षीय बेटा चंदन हैं। अब परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाला कोई नहीं रहा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।



### विधायक अनंत ने दिया भरोसा

विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा, यह घटना अत्यंत दुखद है। मुंद्रिका यादव अपने परिवार के लिए बड़ा सहारा थे, और उनकी असामयिक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। मैं और मेरी पूरी टीम इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सरकार के द्वारा चलाई जा रही हर योजना का लाभ इन्हें दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत मृतक के दोनों बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक प्रति माह चार हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके अलावा, परिवार को राशन, पेंशन और अन्य योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा, हमने इस घटना की पूरी रिपोर्ट सरकार तक पहुंचाई है और मृतक के परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आग्रह किया है। मैं व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करूंगा कि इस परिवार को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

### घटना स्थल पर अन्य लोग भी रहे मौजूद

विधायक के साथ झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, सिसरी पंचायत मुखिया पति उदय अलबेला, पूर्व बीडीसी लवकुश प्रजापति, पूर्व मुखिया महेन्द्र शाह सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर लगा वार्षिक मेला,श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नप मुख्यालय से सटे खुटीसोत नदी तट पर अस्थित आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर मंगलवार को भव्य वार्षिक मेला लगा।मेला में स्थानीय लोग के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आये थे. अहले सुबह से ही श्रद्धालु महत्वना धाम पहुंचकर पूजा अर्चना शुरू कर दिये थे।बाबा महत्वना की विशेष पूजा अर्चना पुरे दिन चलता रहा। वहीं मेला आयोजन कमेटि द्वारा भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजित किया गया था,जो सारा दिन चलता रहा। भोजपुरी गायन कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना समिति सदस्य सह पार्षद संजय बैठा व धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मेला में झारखंड व बिहार के प्रसिद्ध गायक विजय बावली व गुड्डू लाल यादव सहित स्थानीय कलाकारों ने भोजपुरी भक्ति गीत गाकर पुरे मेला क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।मौके पर युवा समाजसेवी ऋतुराज मिश्रा, समाजसेवी विजय कुमार रवि, भाजपा नेता मनीष कुमार, देववंश राम, नवल सिंह, धनंजय पांडेय, बबन बैठा, सत्यनारायण सिंह, मो. स्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी,बिनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे।



## सोलर जलमीनार खराब होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी, मरम्मत की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड के अमबवाटोली पंचायत में लगे 4 जलमीनार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सोलर सिस्टम जल मीनार का निर्माण कराया गया था। निर्माण के 6 माह बाद ही सोलर सिस्टम खराब हो गया तथा लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है। खराब जल मीनार की ओर विभाग का कोई ध्यान नहीं है जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अमबवाटोली पंचायत में लगे आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यह जल मीनार 1 साल से खराब पड़ा हुआ है। इस संबंध में स्थानीय मुखिया रोशनी कुजूर बताया कि खराब होने की शिकायत हमने विभाग को दिया है लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं किया गया ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जल मीनार ही है। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ साथ इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। दर्जनों घरों के लोग यहां से पानी ले जाते थे। लेकिन जल मीनार खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सोलर जल मीनार को चालू कराने की मांग किया है।

## एक ही दिन दो मजदूरों की मौत से छाया मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रवाशी मजदूरों की मौत इस क्षेत्र के लिए अभिशाप बन गया हैं और इस वर्ष का अंतिम समय भी जाते जाते असहनीय पीड़ा देकर गया इस प्रखंड दो मजदूरों की मौत की खबर से लोग मर्माहत हैं। सोमवार को सिलीदाग पंचायत निवासी श्यामा चंद्रवंशी की बिहार के सासाराम जिला अंतर्गत कूदरा पेट्रोल पम्प पर कार्यरत कर्मी का अचानक और असमय हुयी मृत्यु से लोग दुःखी थे की रमना पंचायत के रामगढ़ निवासी लालापासवान के 24 वर्षीय पुत्र आनंद पासवान की सड़क दुर्घटना में मृत्यु ने पुरे प्रखंड को आनेवाले नववर्ष को शोकाकुल कर दिया। इस क्षेत्र के मजदूरो के लिए दूसरे राज्यों में मजदूरी करना अभिशाप हो गया जो जाते हैं घर परिवार की परवरिश के लिए लेकिन वहां से उनकी मृत्यु की खबर से प्रवासी मजदूरों के परिवार के आगे बढ़ाने वाला की मृत्यु से उबर ही नहीं पा रहे। जानकारी अनुसार श्यामा चंद्रवंशी कुदरा पेट्रोल पम्प पर काम कर अपने घर परिवार चलाते थे। परिजनों के अनुसार मृत्यु की पूर्व संध्या पर अपने परिवार से काफी बात चित किये और सब कुछ ठीक ठाक बताया लेकिन अगले सुबह ही फोन आया की उनका तवियत विगड गयी है, घरवाले पहुंच पाते इससे पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया।



20 सूत्री उपाध्यक्ष ने वर्तमान विधायक पर किया जमकर हमला, कहा

## विधायक नक्सली गुंडा की तरह काम को करा रहे हैं बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीस सूत्री के उपाध्यक्ष नितेश सिंह अपने आवास चिनिया प्रखंड के बरवाडीह में मंगलवार को 4:00 बजे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान नितेश सिंह ने कहा कि जब से आम चुनाव 2024 हुआ है,और गढ़वा के विधायक सतेन्द्र नाथ बने है। तब से आम जनता ठगा महसूस कर रहा है। विधायक के द्वारा नक्सली गुंडा की तरह काम को बंद कराया जा रहा है। काम से पहले कमीशन दो वरना काम को बंद करो। चुनाव के समय विधायक सतेन्द्र नाथ तिवारी जो लखना गांव में हिंदू मुस्लिम में झगड़ा कराने का काम किये है इस घटना का सीआईडी जांच कराया जाएगा, विधायक के द्वारा ठेकेदारी को गाली गलौज करना अच्छी बात नहीं है गाली देने के बाद वे अपनी आवाज को मिमिक्री बताते हैं। जबकि वे खुद गाली गलौज किये है। तथा जे एम एम की नेता को घोटाले बात कहते हैं। लेकिन वह खुद अलकतरा घोटाला का आरोपी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में ठेकेदार, आम लोग व प्रशासन के साथ विधायक दुर्व्यवहार न करे। विधायक सतेन्द्र नाथ तिवारी पहले दुर्व्यवहार करते है। उसके बाद माफी मांगने का कार्य करते है। जिससे जनता समझ रही है। विधायक जनता को गुमराह कर रहे है। उन्होंने कहा कि जे एम एम उग्र होकर आंदोलन करेगा। साथ ही कहा कि कहा कि जब तक जेएमएम की सरकार है। लोग भय मुक्त वातावरण मे होकर कार्य करे।



## पेज एक के शेष

### बिहार में 12...

यदि ऐसा हुआ तो आईएनडीआईए की सरकार बनने और जेएमएम को सफलता मिलने पर कैबिनेट में शामिल करने की दावेदारी भी स्वाभाविक रूप से बन जाएगी। अब देखना है कि बिहार के जनजातीय वोटों से एनडीए के वोटों में सेंध लगाकर इंडी गठबंधन इससे मजबूत होता है या खींचतान से इसमें दरार पड़ती है। उल्लेखनीय है कि हर तीन साल में होने वाले झामुमो का महाधिवेशन फरवरी में होने वाला है। इसमें बिहार ही नहीं, अन्य राज्यों में संगठन के विस्तार पर चर्चा होगी और केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन भी होगा ।

### छात्रवृत्ति और साइकिल...

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आने वाले माह फरवरी 2025 तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण के सभी मामलों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति राशि वितरण कल्याण विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है। अध्यनरत विद्यार्थियों को ससमय छात्रवृत्ति राशि मिलने से उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रमों तथा परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष तौर पर एसटी व एससी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने का कार्य कर रही है, इसलिए यह जरूरी है कि छात्रवृत्ति की राशि निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत एसटी, एससी सहित सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाए। इस अवसर पर विभाग के सचिव कृपानंद झा और आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गिरिडीह में 4...

छापेमारी टीम गठित की गई। वहीं, इस टीम में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पुनीत कुमार गौतम, गुंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, गजेन्द्र कुमार, आरक्षी सोनू कुमार, रंधीर कुमार एवं पुलिस लाईन से प्राप्त सशस्त्र बल को शामिल करते हुए छापेमारी की गई और कुल 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों में अहिल्यापुर पंडरिया का 34 वर्षीय अफजल अंसारी, 40 वर्षीय मो समीम, गांडेय थाना क्षेत्र के घाटकुल का 19 वर्षीय मनीर अंसारी और 20 वर्षीय मो रयूफ अंसारी शामिल हैं। प्रेस वार्ता में साइबर डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने इनके पास से 14 मोबाइल, 20 सिम कार्ड बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि ये साइबर अपराधी गूगल पर कुरियर सर्विस का कस्टमर सपोर्ट ऑफिसर में अपने फर्जी मोबाइल नंबरों को पंच करके रखते है और जब भी कोई व्यक्ति कुरियर सर्विस से संबंधित रिफंड इत्यादि के लिए उस नंबर पर कॉल करते है, तो ये लोगों को वॉट्सएप पर कुरियर सर्विस का फर्जी एपीके फाइल भेजकर उनका मोबाइल हैक कर बैंक खाते की निजी जानकारी प्राप्त कर ठगी करते हैं। कहा कि गिरफ्तार ये सभी अपराधी भी एयरटेल पेमेंट बैंक का फर्जी अफसर बनकर लोगों को केवाईसी अपडेट करने से संबंधित कॉल कर एवं वॉट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर उनका मोबाइल हैक कर बैंक खाते की निजी जानकारी प्राप्त कर ठगी करते थे।

### रांची के एसएसपी...

डीआईजी रैंक में उत्क्रमित कर उन्हें पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार, देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए देवघर एसपी के पद को डीआईजी रैंक में उत्क्रमित कर इस पद पर उन्हें पदस्थापित किया गया है। वहीं, चंदन झा को एसआईबी डीआईजी, प्रियदर्शी आलोक को रेल डीआईजी, अनुरंजन किस्पोट्टा को स्पेशल ब्रांच का डीआईजी और अंबर लकड़ा को डीआईजी में प्रोन्नति देते हुए दुमका का डीआईजी बनाया गया है। पलामू के जोनल आईजी नरेंद्र सिंह का तबादला कर रेल आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार, स्पेशल ब्रांच के डीआईजी कार्तिक एस को जैप के डीआईजी तथा दुमका डीआईजी संजीव कुमार का तबादला करते हुए हजारीबाग का डीआईजी बनाया गया है। धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दन को अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 3 के कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### पलामू के पांकी...

उन्होंने कहा कि उन्होंने पहली बार इस तरह का उल्लू पलामू जिले में देखा है। स्थानीय और बाहरी उल्लू की शारीरिक बनावट अलग-अलग है। संभावना है कि दोनों उल्लू भटक कर आ गए होंगे। उनकी शारीरिक संरचना से पता चलता है कि दोनों ठंडे प्रदेश में पाए जाने वाले उल्लू हैं। हिमालयी उल्लू होने की पूरी संभावना है।

### मेरा भारत बढ़ रहा...

जिसमें साल 2024 में हासिल की गई उपलब्धियों को दशार्या गया है। वीडियो में देश के अंतरिक्ष प्रक्षेपण, सुपर-कंप्यूटिंग, रक्षा विनिर्माण में वृद्धि, विमानन उद्योग में वृद्धि, पानी के नीचे हावड़ा मैदान मेट्रो, रामेश्वरम रेल पुल और वंदे भारत रेल जैसे बुनियादी ढांचे के चमत्कार शामिल हैं। वीडियो में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि और जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास, अबू धाबी में पहले मंदिर और तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू करने को भी उजागर किया गया। वर्ष 2024 में सरकार के प्रदर्शन के वर्चुअल रिपोर्ट कार्ड, एनीमेशन क्लिप में अर्थव्यवस्था के बारे में विशेष जानकारी दी गई। 700 बिलियन डॉलर के विदेशी भंडार को उजागर करने के अलावा, इसने एशिया में तीसरी सबसे बड़ी ताकत के रूप में देश के उभरने और 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने को भी दशार्या। रोजगार सृजन के मोर्चे पर, वीडियो में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपए के पैकेज को भी उजागर किया गया। खेल के क्षेत्र में, वर्ष 2024 के लिए पीएम मोदी के द्वारा साझा किए गए इस वीडियो में पैरा-ओलंपिक में भारत द्वारा जीते गए रिकॉर्ड 29 पदकों पर भी प्रकाश डाला गया। पर्यावरण के लिए, पीएम मोदी के वीडियो में 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश दिया गया, जिसके कारण 102 करोड़ पौधे लगाए गए और भारत की हरित ऊर्जा उत्पादन क्षमता में हुई वृद्धि को उजागर किया गया। 17 सितंबर को अपना जन्मदिन सैन्य जवानों के साथ मनाने के लिए जाने जाने वाले पीएम मोदी ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी और लिखा कि आशा करते हैं कि यह साल सभी के लिए समृद्धि, शांति और स्वास्थ्य लेकर आएगा।

# सभ्यता के संदर्भ में वर्ष 2024 कैसे जागृति का वर्ष साबित हुआ?

मोदी सरकार के दस वर्षों में, भारत ने एक उल्लेखनीय सांस्कृतिक पुनरुत्थान का दौर देखा है, जिसने अपनी समृद्ध विरासत पर गर्व की भावना को फिर से जागृत किया है। जम्मू-कश्मीर में प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार से लेकर भव्य काशी विश्वनाथ धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्रों को पुनर्जीवित करने और देश भर में मंदिरों के पुनर्निर्माण तक, इन प्रयासों ने हमें अपनी जड़ों से फिर से जोड़ा है। आधुनिक वक्त में मीरा बाई जैसे बिसराए हुए संतों और भगवान बिरसा मुंडा जैसे आदिवासी नायकों को सम्मानित किया गया है, जबकि महाकुंभ जैसी परंपराओं को विश्व स्तर पर बढ़ावा दिया गया है, जो ज़ाहिर तौर पर भारत की आध्यात्मिक भव्यता को दर्शाता है। अयोध्या में दिवाली जैसे रिकॉर्ड तोड़ने वाले भव्य उत्सव और संसद में पवित्र सेनगोल की स्थापना, सभ्यतागत मूल्यों के प्रति हमारे गहरे सम्मान को दर्शाती है। इस वर्ष भी यह सुनिश्चित करने के प्रयासों की एक दशक लंबी यात्रा जारी रही है कि भारत की विरासत भावी पीढ़ियों को इसकी शाश्वत भावना को संजोने और बनाए रखने के लिए प्रेरित करे।


इस वर्ष की शुरुआत अयोध्या में श्री राम लला के ऐतिहासिक अभिषेक के साथ हुई, जिससे लाखों लोगों का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ और इतना ही नहीं, अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का भी उद्घाटन हुआ, जो सीमाओं के परे, भारत की आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। इसमें मोइदाम को मिली यूनेस्को मान्यता और 297 चोरी हुए पुरावशेषों की वापसी भी इस साल को यादगार बनाती है।

## बुनियादी ढांचा और आर्थिक विकास सांस्कृतिक परियोजनाओं से जुड़ा

वर्ष 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व में, भारत ने एक परिवर्तनकारी पहल शुरू की, जो सांस्कृतिक परियोजनाओं को बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास से जोड़ती है। बिहार में विष्णुपद मंदिर और बोधगया में महाबोधि मंदिर के लिए गलियारे के विकास की घोषणा से आध्यात्मिक पर्यटन में बढ़ोत्तरी होगी और इन क्षेत्रों को बेहद ज़रूरी आर्थिक बढ़ावा मिलेगा। भारत के दो सबसे पवित्र स्थलों तक पहुंच में सुधार करके, ये परियोजनाएं भारत की आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक बुनियादी ढांचे के बीच की दूरी को खत्म करेंगी। गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की आधारशिला भी रखी गई, जो भारत के प्राचीन समुद्री इतिहास को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लोथल को दुनिया के सबसे पुराने डॉकयार्ड और सिंधु घाटी सभ्यता के एक ऐसे ऐतिहासिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा जो 4,500 वर्षों से अधिक के हमारे समृद्ध समुद्री इतिहास को प्रदर्शित करेगा। इस परियोजना के कार्यान्वयन से करीब 22,000 नौकरियाँ पैदा होने की उम्मीद है, जिनमें 15,000 प्रत्यक्ष और 7,000 अप्रत्यक्ष रूप से होंगी। साथ ही इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और समुदायों के लिए सतत् विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### श्री राम लौटे अपनी जन्मस्थली

2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व ने भारत की सभ्यतागत विरासत और सांस्कृतिक गौरव का बेहतरीन कायाकल्प किया। अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्री राम लला का अभिषेक



एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पल था, जिसने दुनिया भर के हिंदुओं की सदियों पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। इस एतिहासिक घटना ने भारत की सभ्यतागत कथा में अयोध्या के स्थायी महत्व को रेखांकित किया। पीएम मोदी द्वारा अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस मंदिर का उद्घाटन, भारत की सांस्कृतिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक क्षण था। यह मंदिर मध्य पूर्व में पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है और इसे प्राचीन हिंदू वास्तुशिल्प सिद्धांतों के अनुसार डिजाइन किया गया है, जिन्हें शिल्पा शास्त्र के नाम से जाना जाता है। इसके ज़रिए न केवल भारतीय प्रवासियों के योगदान का जश्न मनाया गया, बल्कि यह वैश्विक अंतरधार्मिक सद्भाव का भी प्रतीक बना। घरेलू स्तर की बात करें तो, असम में प्रतिष्ठित मां कामाख्या मंदिर की पवित्र विरासत को संरक्षित करते हुए उस तक पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी गलियारा परियोजना, मां कामाख्या दिव्य परियोजना की आधारशिला रखी गई। ये पहल भारत की विरासत को पुनर्जीवित करने और इसके गौरवशाली अतीत पर गर्व पैदा करने की पीएम मोदी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

### भाषाई और आध्यात्मिक विरासत का जश्न

2024 में भारत ने असमिया, बंगाली, मराठी, पाली और प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देकर अपनी भाषाई विविधता का जश्न भी मनाया। यह मान्यता न केवल देश की समृद्ध भाषाई विरासत का सम्मान करती है, बल्कि पीढ़ियों तक सांस्कृतिक संरक्षण को भी मजबूत करती है। इसके अतिरिक्त, 13 जून 2024 को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वारों को फिर से खोलने से, भक्तों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी पूरी हुई और इस प्रतिष्ठित आध्यात्मिक स्थल तक पहुंच फिर से बहाल हो गई। 13 सितंबर 2024 को पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर 'श्री विजयपुरम' करने के प्रयास ने अपने इतिहास, खास कर स्वतंत्रता संग्राम में इस क्षेत्र के महत्व का सम्मान करने के लिए भारत के समर्पण पर जोर दिया। भारत 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेला 2025 के लिए भी तैयारी कर रहा है। यह आयोजन दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समारोहों में से एक होने का अनुमान है, जिसमें एक अनुमान के मुताबिक 45 करोड़ (450 मिलियन) भक्त और आगंतुक शामिल होंगे।

### सांस्कृतिक विरासत का पुनर्जीवन

वर्ष 2024 में पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपनी सभ्यतागत विरासत को संरक्षित करने और उसे मनाने में सराहनीय प्रगति की। मोदी सरकार के प्रयासों से असम में मोइदाम को भारत के 43वें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता मिली, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक महत्व को दर्शाता है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र में "अनुभव केंद्र" के उद्घाटन ने महाभारत और भगवद् गीता जैसे प्राचीन ग्रंथों को एक बार फिर जीवंत कर दिया, जो भारत की विरासत को सुलभ और अनुभव करने योग्य बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा, गुजरात में ऐतिहासिक कोचरब आश्रम के पुनर्विकास ने गांधीवादी मूल्यों को संरक्षित करने के सरकार के समर्पण की पुष्टि की, साथ ही संभल में श्री कल्कि धाम की आधारशिला ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया। ये प्रयास भविष्य के लिए एक प्रगतिशील पाठ्यक्रम तैयार करते हुए भारत के प्राचीन ज्ञान को संरक्षित करने पर मोदी सरकार के फोकस को दर्शाते हैं। वित्त वर्ष 2024 में, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने 1.5 लाख करोड़ रुपए के टर्नओवर को पार करते हुए आत्मनिर्भर भारत को मूर्त रूप देते हुए 10 लाख नौकरियां पैदा कीं। यह वृद्धि इको-फैशन स्टेटमेंट के रूप में खादी के वैश्विक उदय को उजागर करती है, जो लोकल के लिए वोकल द्वारा संचालित, स्थिरता और आधुनिक नवाचार के साथ परंपरा का सम्मिश्रण है।

### सांस्कृतिक उत्सव और पहल

पीएम मोदी ने दिल्ली में पहले बोडोलैंड महोत्सव का उद्घाटन किया, जो बोडोलैंड क्षेत्र की अनूठी संस्कृति, परंपराओं और इतिहास का उत्सव है। उन्होंने अष्टलक्ष्मी महोत्सव का भी उद्घाटन किया, जिसमें उत्तर पूर्व की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। ये सांस्कृतिक समारोह जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करते हुए भारत की विविध सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित और बढ़ावा देने के पीएम मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं।

### सांस्कृतिक कूटनीति और वैश्विक मान्यता

वर्ष 2024 में भारत ने सांस्कृतिक कूटनीति में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति भी मजबूत की। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने पहले 'सांस्कृतिक संपत्ति समझौते' पर हस्ताक्षर किए, जिसका मकसद भारत के अमूल्य सांस्कृतिक खजाने को अवैध तस्करी से सुरक्षित रखना था। 15 नवंबर 2024 को, अमेरिका ने करीब 10 मिलियन डॉलर मूल्य की 1,400 से अधिक लूटी गई कलाकृतियाँ भारत को लौटाईं। सितंबर 2024 में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान, 297 पुरावशेष भी भारत को लौटाए गए। एक और ऐतिहासिक कदम के तहत, 100 महिला कलाकारों ने पहली बार महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए गणतंत्र दिवस परेड का नेतृत्व किया। ये प्रयास भारत के बढ़ते सांस्कृतिक प्रभाव का उदाहरण देते हैं और दर्शाते हैं कि पीएम मोदी के दृष्टिकोण देश को अपनी समृद्ध परंपराओं का सम्मान करते हुए अधिक वैश्विक मान्यता की ओर ले जा रहे हैं। **(पीआईबी से साभार)**

## नर्स निमिषा प्रिया को 'हर संभव मदद' प्रदान कर रहे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत ने मंगलवार को घोषणा की कि वह केरल की नर्स निमिषा प्रिया को 'हर संभव मदद' प्रदान कर रहा है। निमिषा प्रिया को यमन में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, हमें यमन में निमिषा प्रिया की सजा के बारे में पता है। हम समझते हैं कि प्रिया का परिवार प्रासंगिक विकल्पों पर विचार कर रहा है। सरकार इस मामले में हर संभव मदद कर रही है। यह बयान यमन के राष्ट्रपति रशद अल-अलीमी की ओर से निमिषा प्रिया की मौत की सजा को हाल ही में मंजूरी दिए जाने के बाद आया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि एक महीने के भीतर फांसी हो सकती है।



## अमेरिकी ट्रेजरी विभाग में चीनी हैकर्स ने की सेंधमारी

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने साइबर सुरक्षा उल्लंघन की पुष्टि की है, जिसकी वजह से चीनी हैकर्स कर्मचारियों के वर्कस्टेशन और अवर्गीकृत दस्तावेजों तक पहुंच बनाने में सफल रहे। हालांकि, विभाग ने यह नहीं बताया कि कितने वर्कस्टेशन तक पहुंच बनाई गई या हैकर्स ने किस तरह के दस्तावेज हासिल किए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सांसदों को लिखे पत्र में, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि 'इस समय ऐसा कोई सबूत नहीं है, जो यह बताता हो कि खतरा पैदा करने वाले व्यक्ति की पहुंच अब भी ट्रेजरी की जानकारी तक बनी हुई है।

## नांदेड़ जिले में एटीएस ने किया बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** नांदेड़ जिले के कौठा इलाके में एंटी टेरोरिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से नाम बदलकर यहां रहने वाले बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की नांदेड़ ग्रामीण पुलिस जांच कर रही है। टीएस पुलिस निरीक्षक दत्ता ने बताया कि युवक का असली नाम यासीन खान अनवर खान है, जिसने अपना बदलकर विकास विश्वास रख लिया था और इसी नाम से कौठा में काम कर रहा था। यासीन बांग्लादेश के ढाका के गोपालगंज जिले के गोपीनाथपुर का मूल निवासी है।

## इसरो ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया


# भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर : शाह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

नववर्ष की शुरुआत से पहले इसरो ने देशवासियों को खुशखबरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया। इसरो के इस उपलब्धि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुशी जाहिर की। 'एक्स' पोस्ट में केंद्रीय गृहमंत्री ने लिखा कि भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो टीम को बधाई। यह एक शानदार सफलता है, जो अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में भारत के लिए एक नया रास्ता खोलती है। आगे की यात्रा के लिए हमारे प्रतिभाशाली लोगों को मेरी शुभकामनाएं।

- **केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, इससे आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इसरो का नया कीर्तिमान। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट द्वारा स्पैडेक्स मिशन के सफल लांच पर इसरो की पूरी टीम को बधाई। इस अभियान की सफलता के साथ ही भारत ये तकनीक हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। 2024 के अंत में इसरो की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली है। अंतरिक्ष मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर 'एक्स' पर लिखा, भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है। सिंह ने कहा कि यह तकनीक 'गगनयान' और 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' के लिए आकाश से आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी। उल्लेखनीय है कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया।



### क्या है स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट


पीएसएलवी ने दो छोटे अंतरिक्ष यान - एसडीएक्स 01 (जो डॉकिंग प्रयोग के दौरान चेजर की भूमिका निभाएगा) और एसडीएक्स 02 (जो टारगेट की भूमिका निभाएगा) को लेकर उड़ान भरी। प्रत्येक का वजन लगभग 220 किलोग्राम है। उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में डॉकिंग के लिए एक साथ जोड़ा गया। इसरो करीब चार दिन में दोनों उपग्रहों के बीच पर्याप्त दूरी बनाने के बाद 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' के सॉफ्टवेयर को सक्रिय करेगा। इसमें चार डॉकिंग सेंसर, पावर ट्रांसफर प्रौद्योगिकी, स्वदेशी नवीन स्वायत्त डॉकिंग रणनीति, तथा उपग्रहों के बीच स्वायत्त संचार के लिए एक अंतर-उपग्रह संचार लिंक (आईएसएल) शामिल है। इसमें एक अंतर्निहित इंटेलिजेंस भी शामिल है जिससे दोनों उपग्रह एक-दूसरे की स्थिति का पता लगा सकते हैं। अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने से भारत न केवल अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो सकता है। यह भारत के आगामी अंतरिक्ष अभियानों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिसमें चंद्रमा मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और पृथ्वी से जीएनएसएस के समर्थन के बिना चंद्रयान-4 जैसे चंद्र मिशन शामिल हैं। इसरो के अनुसार, डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों के बीच बिजली का हस्तांतरण भी होगा, जो समग्र अंतरिक्ष यान नियंत्रण, और अनडॉकिंग के बाद पेलोड संचालन जैसे अंतरिक्ष रोबोटिक्स एप्लिकेशन के लिए आवश्यक है। स्पैडेक्स प्रयोगों के लिए पीएसएलवी के चौथे चरण, पीओईएम-4 का भी उपयोग करेगा। इस चरण में शैक्षणिक संस्थानों और स्टार्टअप्स के 24 पेलोड भी अंतरिक्ष में स्थापित किए जाएंगे।

### स्पैडेक्स तैनात : इसरो

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया। इसका लक्ष्य अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करना है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है। इससे पहले रॉकेट की लांचिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इसरो ने कहा कि स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) ऑर्बिटल डॉकिंग में भारत की क्षमता स्थापित करने के लिए एक अग्रणी मिशन है, जो भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान और उपग्रह सर्विसिंग मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा।

### जनवरी में 100वें प्रक्षेपण की तैयारी : इसरो प्रमुख

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) (हि.स.)।** स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) की सोमवार रात सफल लांचिंग के बाद इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि जनवरी में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल (जीएसएलवी) पर लांच करने की तैयारी चल रही है। स्पैडेक्स की लांचिंग को मील का पत्थर बताते हुए उन्होंने कहा कि अगले साल 100वें प्रक्षेपण की तैयारी चल रही है। जनवरी में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल (जीएसएलवी) पर लांच किया जाएगा। यह मिशन अगले साल के लिए निर्धारित मिशनों में से एक है। इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें विभिन्न मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर लांच किया जाएगा और दो अलग-अलग मॉड्यूल में एकीकृत किया जाएगा।



## क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान, कहा

# आपदा राहत से रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका का रणनीतिक गठबंधन चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) सहयोग के 20 साल पूरे कर रहा है। वर्ष 2004 में भारतीय महासागर में आए भूकंप और सुनामी के जवाब में स्थापित किया गया क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो खुले, स्थिर और समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान में आसियान की महत्ता और एकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बयान के अनुसार, 20 साल पहले (2004) में हिंद महासागर में आए भूकंप और सुनामी के जवाब में, हमारे देशों ने इतिहास के सबसे बड़े आपदाओं में से एक से प्रभावित लाखों लोगों की मदद के लिए एकजुट होकर काम किया। हम उन लोगों की यादों का सम्मान करते हैं और बचे हुए लोगों का मान रखते हैं। इसमें उल्लेख किया गया कि चार देशों के 40,000 से अधिक आपातकालीन प्रतिक्रिया कर्मियों ने मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने के लिए मिलकर काम किया, जो क्वाड के मिशन का एक अभिन्न हिस्सा बना हुआ है। बयान में आगे कहा गया है, मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रति हमारी आधारभूत प्रतिबद्धता मजबूत बनी हुई है। हम पूरे क्षेत्र में आपदाओं के लिए तैयारी करने और तत्काल तथा प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करना जारी रखेंगे।

क्वाड ने पिछले कुछ वर्षों में अपने दायरे को व्यापक बनाया है और जटिल क्षेत्रीय तथा वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया है। हाल की पहलों में जलवायु परिवर्तन से निपटना, समुद्री क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा देना, आतंकवाद का मुकाबला करना और साइबर सुरक्षा को मजबूत करना शामिल है।

बयान में कहा गया, आपातकालीन स्थिति में शुरू हुआ क्वाड अब सकारात्मक परिणाम देने वाली पूर्ण साझेदारी में विकसित हो गया है।

**क्वाड के 20 साल**

### क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का लिया संकल्प



### वर्ष 2024 में कई समुद्री सुरक्षा पहलों की घोषणा हुई

वर्ष 2024 में क्वाड सदस्य देशों ने कई समुद्री सुरक्षा पहलों की घोषणा की। एक प्रमुख आकर्षण इंडो-पैसिफिक में प्रशिक्षण के लिए समुद्री पहल (मैत्री/एमएआईटीआरआई) का शुभारंभ था, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय साझेदारों को उनके जल क्षेत्रों की निगरानी और सुरक्षा में मदद करना है। भारत 2025 में मैत्री कार्यशाला की उद्घाटन मेजबानी करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, क्वाड ने एक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पायलट परियोजना भी शुरू की, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के लिए नागरिक प्रतिक्रियाओं का अधिक कुशलता से समर्थन करने के लिए सामूहिक एयरलिफ्ट क्षमताओं को बढ़ाना है। इंडो-पैसिफिक में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एक समुद्री कानूनी वार्ता भी शुरू की गई।

## वर्ष 2024 किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाला रहा : शिवराज सिंह

**भोपाल (आईएएनएस)**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्प की सिद्धि का आधार बना है। किसानों की आय बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि का आधार बना है। इस दौरान कृषि क्षेत्र में भी हमने अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक कैबिनेट में कृषि और किसान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सौगात दी गईं। इस दौरान किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए। केंद्रीय कृषि



मंत्री चौहान ने आगे कहा किसान की सेवा मोदी सरकार के लिए भगवान की पूजा है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल का शुभारंभ 'पीएम किसान सम्मान निधि' राशि जारी करने के साथ किया और 9.26 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ सीधे भेजे। साथ ही फसलों की जलवायु अनुकूल 109 किस्में किसानों को समर्पित की और खरीफ विपणन सीजन 2024-25 के लिए 14 खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ोतरी का ऐतिहासिक निर्णय लिया।